मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.9 | 17.5 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 15.4 |
| डालटनगंज | 29.8 | 13.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





www.lagatar.in मंगलवार, 13 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 296 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



## किसानों का आज दिल्ली कूच, राष्ट्रीय राजधानी किले में तब्दील

# लोस चुनाव से पहले सरकार के लिए गले की हड्डी बना किसान आंदोलन

कुमार माधवन

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले देश में एक बार फिर से किसान आंदोलन को लेकर माहौल गर्माता हुआ दिख रहा है. किसान आंदोलन 2.0 के लिए किसानों ने फिर कमर कस ली है. किसान पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान समेत कई राज्यों से दिल्ली कूच करने की तैयारी में हैं. आंदोलन को चलो दिल्ली मार्च नाम दिया गया है. हालांकि, इसमें संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) शामिल नहीं है.

यह कुछ किसान संगठनों का प्रदर्शन है. इसमें किसान मजदूर मोर्चा, सरवन सिंह पंढेर की किसान मजदूर संघर्ष समिति, भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह, भारतीय किसान यूनियन जनरल सिंह और भारतीय किसान यूनियन एकता आजाद दिलबाग सिंह और गुरमनीत सिंह की प्रोग्रेसिव फार्मर फ्रंट इस आंदोलन में शामिल हैं. वहीं, एसकेएम ने 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद और औद्योगिक बंद का ऐलान किया है. एसकेएम को 13 महीने तक चले किसान आंदोलन का मूल संगठन माना जाता है.

- शेष पेज 07 पर ...

### किसान आंदोलन में किसान मजदूर मोर्चा की कुल 12 मांगें हैं

- सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएं, एमएसपी गारंटी कानून बनाई जाएं और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों के भाव तय किए जाएं.
- किसानों और मजदूरों की पूर्ण कर्जमुक्ति की जाए.
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को पूरे देश में फिर से लागू किया जाए. भूमि अधिग्रहण से पहले किसानों की लिखित सहमति और कलेक्टर रेट से चार गुना मुआवजा देने की व्यवस्था हो.
- लखीमपुर खीरी नरसंहार के दोषियों को सजा और पीड़ित किसानों को न्याय मिले.
- विश्व व्यापार संगठन से भारत बाहर आए. सभी मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाई जाए.
- किसानों और खेत मजदूरों को पेंशन दी जाए.
- दिल्ली किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिजनों को एक लाख का मुआवजा और नौकरी दी जाए.
- विद्युत संशोधन विधेयक 2020 को रद्द किया जाए.
- मनरेगा से प्रति वर्ष 200 दिन का रोजगार, 700 रुपये का मजदूरी भत्ता दिया जाए. मनरेगा को खेती के साथ जोड़ा जाए.
- नकली बीज, कीटनाशक दवाइयां, खाद बनाने वाली कंपनियों पर सख्त दंड और जुर्माने का प्रावधान हो और बीजों की गुणवत्ता में सुधार किया जाए.
- मिर्च, हल्दी और अन्य मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जाए.
- संविधान की पांच सूची को लागू किया जाए और जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों के अधिकार सुनिश्चित करते हुए आदिवासियों की जमीन की लूट बंद की जाए.

### 16 फरवरी को किसान मोर्चा का ग्रामीण भारत बंद

1 वर्तमान में रिक्त पदों पर भर्ती शुरू की जाए और बढ़ती महंगाई को नियंत्रित किया जाए.

2 फसलों की गांरटीकृत खरीद और एमएसपी सी2 50 फीसदी फार्मूले से तय करने की मांग.

3 कृषि इनपुट की लागत कम की जाए, किसानों और मजदूर परिवारों के लिए व्यापक ऋण माफी की घोषणा की जाए.

4 सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का निजीकरण और बिक्री बंद की जाए.

5 मजदूर विरोधी चार श्रम संहिता रद्द किए जाए, ठेका कार्यों को खत्म किया जाए और न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 26000 रुपये प्रति माह किए जाएं.

6 शिक्षा और स्वास्थ्य का निजीकरण बंद किया जाए, नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द किया जाए.

7 पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए और, खुदरा व्यापार में कॉर्पोरेट प्रवेश को रोका जाए.

8 लखीमपुर खीरी में किसानों के नरसंहार के मुख्य साजिशकर्ता, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करने और उन पर मुकदमा चलाने की भी मांग की है.

9 भारतीय लोगों को इजराइल में रोजगार के लिए भर्ती करना बंद करने की भी मांग केंद्र सरकार से की है.

**आंदोलन रोकने के लिए तीन केंद्रीय मंत्री किसानों से करेंगे बात**

केंद्र सरकार की ओर से पीयूष गोयल समेत मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल किसानों से एक दौर की बातचीत कर चुका है. 12 फरवरी को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा और नित्यानंद राय का प्रतिनिधिमंडल किसानों की मांगों को लेकर फिर दूसरे दौर की बातचीत करने वाले हैं. बता दें कि यह बैठक शाम पांच बजे सेक्टर 26 स्थित 'महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' में होगी. चुनावी साल में सरकार किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती और इसीलिए हर संभव किसानों को मनाने की मशक्कत चल रही है. यदि किसानों ने होने वाली दूसरी दौर की बातचीत असफल रहती है तो गाजीपुर बॉर्डर को पूरी तरह से सील किया जा सकता है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### ब्रीफ खबरें

**रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी एनडीए में**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सोमवार को एनडीए में शामिल होने का ऐलान कर दिया. जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने अपने सारे विधायकों से बात कर ली है. सब हमारे साथ हैं. हमें अल्प समय में फैसला लेना पड़ा, परिस्थितियां ऐसी है कि एनडीए के साथ जाने का फैसला लिया.

**यूपीए से डेढ़ गुना ज्यादा रोजगार दिए**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यूपीए सरकार के 10 वर्षों की तुलना में एनडीए की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं. तीसरी बार केंद्र की सरकार में आने पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दिए जाएंगे.

**यूपी में घटा राहुल की यात्रा का समय**

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का यूपी में समय घटा दिया गया है और इसके लिये बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया गया है. अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय छह दिन ही यूपी में रहेगी. कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी.

**राज्यपाल ने चंद मिनटों में अभिभाषण खत्म किया**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और द्रमुक सरकार के बीच टकराव फिर से देखने को मिला, जब उन्होंने विधानसभा में अपना परंपरागत अभिभाषण शुरू करने के चंद मिनटों बाद इसकी सामग्री पर कुछ टिप्पणियां करते हुए इसे खत्म कर दिया. हालांकि, बाद में उनकी टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया.

## हेमंत की घोषित दो योजनाओं पर चंपाई सरकार की लगी मुहर

# किसान-छात्रहित में फैसला

- डिप्लोमा कोर्स के लिए 15 हजार सालाना प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी

कौशल आनंद। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषित दो योजना को चंपाई सरकार ने मुहर लगा दी है. सोमवार को हुई मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना और छात्रावास पोषण योजना के गठन की स्वीकृति प्रदान की गयी. मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत अब राज्य के लड़कियों को तकनीकी शिक्षा के लिए सरकार सहायता राशि प्रदान करेगी. डिप्लोमा कोर्स के लिए सरकार प्रति वर्ष 15 और इंजीनियरिंग कोर्स के लिए प्रति वर्ष 30 हजार रुपए प्रदान करेगी. इससे कम से कम पूरे राज्य में हर वर्ष 25 लाख से अधिक छात्राओं को सीधा फायदा होगा.

झारखंड राज्य में राजकीय, निजी एवं पीपीपी मोड पर संचालित सभी संस्थानों के छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा. राज्य के विद्यालयों से 10 वीं कक्षा पास छात्राओं को डिप्लोमा कोर्स के लिए 15 हजार रुपए सालाना का प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाएंगे. वहीं राजकीय, निजी, पीपीपी मोड पर संचालित इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में बीटेक, बीई कोर्स में नामांकित तथा झारखंड राज्य में स्थित विद्यालयों से 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा पास छात्राओं को बीटेक, बीई के लिए प्रति वर्ष 30 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे.

**अब हॉस्टल में बच्चों को घर से राशन-पानी लाने की जरूरत नहीं:** कैबिनेट की बैठक में हेमंत सोरेन की एक और अन्य महत्वपूर्ण घोषणा को भी मंजूरी प्रदान गयी. चंपाई सोरेन सरकार ने आवासीय छात्रावासों के लिए पोषण योजना गठन की स्वीकृति प्रदान की. इसके तहत अब कल्याण विभाग द्वारा राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में भोजन और पानी की व्यवस्था करेगी. इसके साथ ही सभी छात्रावासो में गार्ड, रसोंइया आदि की व्यवस्था एनजीओ के माध्यम से की जाएगी. यानी अब आवासीय विद्यालयों में केवल बच्चों को पढ़ाई करना है. उन्हें अपने घर से राशन-पानी लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. ये घोषणा पहले हेमंत ने की थी.



**नक्सल कार्यवाही में शहीद जवानों के आश्रितों को एकमुश्त राशि मिलेगी**

सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में चंपाई सोरेन सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है. इसके तहत इंडिया रिजर्व बटालियन के जवानों और कर्मियों के तर्ज पर झारखंड पुलिस एवं कर्मियों को उनके नक्सल कार्यवाही के दौरान मारे गए जाने के उपरांत उनके शेष सेवा के वेतन की राशि उनके आश्रितों को एकमुश्त दी जाएगी.

**किसानों की ऋण छूट की राशि बढ़ी**

सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने एक अहम निर्णय लिया. इसके तहत राज्य के किसान जो कृषि कार्य के लिए लोन लेते हैं अगर वे एक वर्ष के अंदर चुकता कर देते हैं, तो अब उन्हें 3 के बजाए 4 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी. इससे जुड़े प्रस्ताव कृषि लोन पर ब्याज अनुदान के संसोधन पर स्वीकृति प्रदान कर दी गयी.

### कैबिनेट के फैसले

- इंजीनियरिंग एजुकेशन के लिए लड़कियों को मिलेगा मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का लाभ
- डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रति वर्ष 15 और इंजीनियरिंग के लिए प्रति वर्ष सभी छात्राओं को मिलेगी 30 हजार
- अब आवासीय छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को खाने-पानी की समस्या होगी खत्म, सरकार देगी भोजन-पानी
- किसानों को कृषि ऋण ब्याज में 3 नहीं 4% की छूट मिलेगी. फायदा उन्हीं को मिलेगा जो एक साल में ऋण का भुगतान कर देंगे

**जेट पास अभ्यार्थी भी अब बन सकेंगे अस्सिटेंट प्रोफेसर**

सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड विश्विद्यालय अधिनियम 2000 में संशोधन किया गया. इसके तहत झारखंड एजीबिलिटी टेस्ट (जेट) पास करने वाले अभ्यार्थी भी झारखंड सरकार द्वारा सहायक अध्यापक की भर्ती में शामिल हो सकते है. मालूम हो कि इसके लिए पीएचडी चाहिए. पीएचईडी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया. पिछले दिनों यूजीसी ने इसमें बदलाव करते हुए पीएचईडी की अनिवार्यता को समाप्त करके नेट क्वालिफाई किए अभ्यार्थी भी सहायक प्राध्यायक के लिए आवेदन कर सकते हैं. यूजीसी के फैसल के आलोक में राज्य सरकार ने भी यह बदलाव किया.

**झारखंड का सत्र 23 से, 27 को पेश होगा बजट**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा. यह सत्र दो मार्च तक चलेगा. 27 फरवरी को सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा. 23 फरवरी को शोक प्रकाश के बाद शपथ होगी. 24 और 25 फरवरी को क्रमशः शनिवार और रविवार होने के कारण सदन की कार्यवाही नहीं होगी. 26 फरवरी को प्रश्नकाल होगा. जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक पर वाद विवाद होगा. 27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश किया जाएगा. 28 फरवरी को प्रश्नकाल और बजट पर वाद विवाद होगा. 29 फरवरी को प्रश्नकाल, एक मार्च को प्रश्नकाल व अनुदान मांगों पर वाद विवाद और दो मार्च को विधेयक और गैर सरकारी संकल्प लिए जाएंगे.

## बिहार में खेला न कुछ खास, एनडीए सरकार पास

# नीतीश को मिला विश्वास मत

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

सोमवार का दिन एनडीए सरकार के लिए शुभ साबित हुआ और विधानसभा में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया. सरकार के पक्ष में 129, विपक्ष में 0 मत पड़े. महागठबंधन के 'खेला' होने के दावे खोखले साबित हुए. राजद को झटका देते हुए उसके 3 विधायक नीलम देवी, चेतन आनंद और प्रह्लाद यादव पाला बदल कर सत्ता पक्ष की तरफ बैठे, जिसपर पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने आपत्ति की. फ्लोर टेस्ट के दौरान तेजस्वी ने सत्ता पक्ष पर करारा प्रहार किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जम कर तंज कसे.

**क्या पीएम मोदी गारंटी देंगे कि नीतीश फिर नहीं पलटेंगे :** तेजस्वी यादव ने नीतीश पर कटाक्ष करत हुए कहा कि क्या पीएम मोदी इसकी गारंटी देंगे कि नीतीश नहीं पलटेंगे. उन्होंने कहा कि नीतीश ने 9 बार सीएम बन कर रिकॉर्ड बना दिया है. एक टर्म में ही तीसरी बार शपथ लेकर इतिहास रच दिया. तेजस्वी की बात सुन कर सदन में जोरदार से ठहाके लगे. राजद नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को इंगित करते हुए कहा कि आपने कहा था कि हम लोगों का एक ही लक्ष्य है कि न प्रधानमंत्री बनना है, ना मुख्यमंत्री बनना है. देशभर के विपक्षी दलों को गोलबंद करके जो तानाशाह है, उसे दोबारा नहीं आने देना है... जब आप गवर्नर हाउस से बाहर आए, तो बोले-मन नहीं लग रहा था. मन नहीं लग रहा था तो हम लोग नाचने गाने के लिए थोड़े ही हैं... जो काम आप बोलते थे असंभव है उसे हम लोगों ने मुमकिन करके दिखाने का काम किया.

पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन के दौरान भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो लोग डीलिंग करते हैं. उन्होंने सदन में सम्राट चौधरी पर भी तंज कसा. तेजस्वी ने कहा कि आप कहते हैं, भाजपा आपकी मां है, लेकिन पहले तो आप राजद में थे, तब आपकी पहली मां तो राजद है. उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट के पिता पहले हमारी ही पार्टी में थे.

- सीएम नीतीश कुमार ने राजद पर हमला करते हुए कहा कि 2005 से काम करने का मौका मिला तब से 18वां साल है.



*मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समाज के हर वर्ग का उत्थान किया.*

**स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास**

इससे पहले बिहार विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई और मतदान कराया गया. मतदान में अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ. इसके साथ ही अवध बिहारी चौधरी अब विधानसभा अध्यक्ष के पद से हट गये. मतदान में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 125 वोट और विपक्ष में 112 वोट पड़े.

**मैंने पूरी निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाया : अवध बिहारी**

अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि राजनीति तो आंकड़ों का खेल है. मैंने पूरी निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाया है. यह कह कर उन्होंने अपनी कुर्सी छोड़ दी. उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा निष्पक्षता दिखाई है.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद पर किया कड़ा प्रहार, बोले-

**किसी का नुकसान नहीं सबका काम करेंगे**

विश्वासमत पर चर्चा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने राजद पर हमला बोला- कहा कि 2005 से काम करने का मौका मिला तब से 18वां साल है. बीच में 9 महीने अलग हुए. लालू-राबड़ी ने 15 साल काम किया तब क्या होता था. जब हमलोगों को मौका मिला तो काम किया. राजद कहता है कि मेरे साथ मुस्लिम है तो हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा क्यों होता था उनके राज में? सीएम ने कहा, हमने समाज के हर वर्ग का उत्थान किया. राजद विधायकों के हंगामे पर नीतीश ने कहा कि आपको हो क्या गया है, आपलोग सुनना नहीं चाहते. हमने दो बार मौका दिया. क्या-क्या करना है ये बताया. 2015 में हम आये तो सात निश्चय लाये. सात निश्चय मेरा लाया है. सात निश्चय 2 का काम भी मैंने किया, लेकिन क्रेडिट ये ले रहे हैं. शिक्षा मंत्री पहले मेरा था, लेकिन राजद के लोग आये तो ले लिए फिर गड़बड़ी हुई. तेजस्वी यादव की ओर निशाना साधते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि इनके पापा (लालू प्रसाद) भी उनके साथ थे. उनको मुझसे कष्ट था. हम अब यहां सब दिन के लिए आ गए हैं. चिंता न करें. हम किसी का नुकसान नहीं करेंगे, सबके लिए काम करेंगे. अब आगे से कभी राजद के साथ नहीं आएंगे.

*नीतीश ने कहा कि पहले तो लेफ्ट के लोग भी साथ देते थे. हमें तकलीफ हुआ कि जिनको मैंने इज्जत दी है वो कमा रहे हैं. बीजेपी का जिक्र करते हुए कहा कि पहले ऐसा नहीं होता था. राजद को चेतावनी देते हुए कहा कि आप ठीक नहीं कर रहे. आपको जब समस्या हो तो मिलिएगा जरूर हम आपका ख्याल रखेंगे. हम तीन लोग हैं अब हम साथ ही रहेंगे.*

## कतर ने 8 भारतीय पूर्व नौसैनिकों को किया रिहा, 7 स्वदेश लौटे, हो रहीं तरह-तरह की चर्चाएं

# मोदी के दौरे से पहले खुशखबरी, न बाप बड़ा न भइया, सबसे बड़ा रुपइया

शुभम संदेश नेटवर्क

**शुभम संदेश इनसाइड स्टोरी**

कतर ने जेल में बंद भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को रिहा कर दिया है. इनमें से सात स्वदेश भी लौट चुके हैं. विदेश मंत्रालय ने इस रिहाई की पुष्टि करते हुए खुशी जताई है. मंत्रालय ने कहा कि हम उन 8 भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करते हैं, जो दाहरा ग्लोबल कंपनी में काम कर रहे थे और कतर में हिरासत में थे. कतर के इस फैसले को भारत की कूटनीतिक जीत माना जा रहा है. इन पूर्व नौसैनिकों को कतर की कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी. इसके बाद से भारत ने रिहाई की कोशिशें तेज कर दी थीं. माना जा रहा कि इन नौसैनिकों की रिहाई के पीछे पीएम नरेंद्र मोदी की कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात और दोनों देशों के बीच हुए एलएनजी डील प्रमुख कारण है. कतर ने इन नौसैनिकों को अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया था, लेकिन इसका कोई कारण नहीं बताया था. भारत ने कतर में इन पूर्व नौसैनिकों को मिली फांसी की सजा के खिलाफ दोहा में अपील भी की थी. इसके बाद पिछले साल के अंत में कतर ने इन नौसैनिकों की फांसी की सजा को कम कर दिया था. कतर की ओर से यह कदम पीएम मोदी की दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात के दौरे से एक दिन पहले उठाया गया है.



**एलएनजी डील के बाद पिघला कतर**

यह संयोग नहीं है कि भारत ने कतर के साथ 78 बिलियन डॉलर के एलएनजी डील पर हस्ताक्षर किए और इसके बाद भारतीयों की रिहाई हो गई. डील 6 फरवरी को हुई थी. ये करार 20 साल के लिए हुआ है, जिस पर भारत की सबसे बड़ी एलएनजी कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने कंपनी कतर एनर्जी के साथ हस्ताक्षर किया है. एलएनजी का इस्तेमाल बिजली, उर्वरक बनाने और इसे सीएनजी में बदलने के लिए किया जाता है.

**क्यों अहम है यह समझौता**

भारत और कतर के बीच हुए एलएनजी समझौते को इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि यह वर्तमान समझौते से भी कम कीमत पर किया गया है. पेट्रोनेट एलएनजी के अनुसार, एलएनजी के आयात को लकर दोनों देशों के बीच 31 जुलाई 1999 में समझौता हुआ था, जो 2028 तक के लिए वैध था. अब इस सौदे को और 20 साल के लिए बढ़ा दिया गया है, जो 2028 से शुरू होगा. सरकार और पेट्रोनेट एलएनजी ने अपने बयान में यह नहीं बताया है कि कतर से कितनी गैस खरीदी जाएगी और इनकी कीमत क्या होगी. लेकिन, माना जा रहा है कि इसकी कीमत वर्तमान सौदे से काफी कम रहेगी.

**कतर को अमेरिका से मिल रही टक्कर**

पेट्रोनेट एलएनजी कतर से हर साल दो समझौतों के तहत कतर से करीब 85 लाख टन एलएनजी का आयात करता है. कतर दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी का निर्यातक रहा है लेकिन हाल ही में अमेरिका ने उसे पीछे छोड़ दिया है. इसके बाद से कतर दोबारा अपनी जगह पाने के लिए बेचैन था. कतर सालाना 77 एमटीपीए गैस का उत्पादन करता है, जिसे 2027 तक वो 126 एमटीपीए करना चाहता है ताकि एशिया और यूरोप में अपनी पकड़ मजबूत कर सके. उधर अमेरिका भी अपने एलएनजी के लिए एशिया में नए बाजार की खोज में जुटा है.

# अशोक चव्हाण ने छोड़ी कांग्रेस भाजपा में जाने की हैं अटकलें

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता अशोक शंकरराव चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और विधायकी से इस्तीफा दे दिया. उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें हैं. इस्तीफा देने के बाद चव्हाण ने कहा कि मैंने अभी तक मन नहीं बनाया है. कुछ दिनों मैं फैसला लूंगा. चव्हाण ने कहा कि उन्होंने किसी विधायक से कोई बात नहीं है. एक सवाल के जवाब में कहा कि महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर तेजी से काम नहीं हो रहा है. चर्चा है कि अशोक चव्हाण को भाजपा राज्यसभा भेजेगी. इस बीच, महाराष्ट्र कांग्रेस के कुछ विधायक चव्हाण के संपर्क में हैं. चव्हाण ने कहा, उनका किसी से कोई मनमुटाव नहीं है. वे राज्य के विकास के लिए काम करते रहेंगे. उधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि कांग्रेस में बहुत नाराजगी है. चव्हाण के भाजपा में आने के बारे में अभी जानकारी नहीं है, लेकिन अगर वह पार्टी में आते हैं, तो उनका स्वागत किया जाएगा. बावनकुले ने कहा कि निकट भविष्य में कई कांग्रेस नेता भाजपा में आने वाले हैं.

**कांग्रेस को तीसरा झटका**

2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा है. चव्हाण के भाजपा में शामिल होने की अटकलें हैं. वे 2019 के लोकसभा चुनावों में हार गए थे. वे राज्य के 1 साल 338 दिनों तक सीएम रहे थे. इससे पहले मिलिंद देवड़ा और फिर बाबा सिद्दीकी भी हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़ चुके हैं.

## पूर्ण निष्पादन के लिए झारखंड हाईकोर्ट ने 27 फरवरी की तिथि तय की

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई, ईडी को दो सप्ताह का समय

**संवाददाता। रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से उनकी गिरफ्तारी एवं पुलिस रिमांड को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में कोर्ट ने ईडी को 2 सप्ताह में हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल रिट पिटीशन एवं संशोधन पिटीशन पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने मामले के अंतिम निष्पादन के लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित की है. कोर्ट ने हेमंत सोरेन द्वारा गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली हस्तक्षेप याचिका के माध्यम से दाखिल संशोधन पिटीशन को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया. हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा. तो वहीं ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, हाईकोर्ट के अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की.

बता दें कि हेमंत सोरेन की याचिका पर 5 फरवरी को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी. उस दौरान कोर्ट की ओर से हेमंत सोरेन को कोई राहत नहीं मिली थी. कोर्ट ने ईडी को 9 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का आदेश देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 12 फरवरी तय की थी.



### सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी याचिका

हेमंत सोरेन ने कस्टडी में लिए जाने से पहले ही हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गिरफ्तारी की आशंका जतायी थी. उन्होंने अदालत से आग्रह किया था कि पूछताछ के दौरान उनके खिलाफ कोई भी पीड़क कार्रवाई ना हो. लेकिन 1 फरवरी को यह कहते हुए हाईकोर्ट से समय मांगा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हो चुकी है और उन्होंने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर करने पर ईडी ने आपत्ति जताते हुए जवाब दाखिल करने का आग्रह किया था. हेमंत सोरेन ने 2 फरवरी को अपनी गिरफ्तारी को लेकर ईडी की कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी. लेकिन शीर्ष अदालत ने पहले हाई कोर्ट जाने का निर्देश दिया था. इसके बाद हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की थी. जिसपर 5 फरवरी को सुनवाई हुई थी. उसी दिन हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए 9 फरवरी तक का समय दिया था.

## हेमंत सोरेन से ईडी व तीन दिनों तक करेगी पूछताछ

**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की टीम अगले तीन दिन तक और पूछताछ करेगी. ईडी की विशेष अदालत ने सोमवार को इसकी अनुमति दे दी. गौरलतब है कि इससे पहले ईडी ने हेमंत सोरेन को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया था और 4 दिन की रिमांड मांगी. जिसके बाद अदालत ने ईडी को तीन दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति दी.

**ईडी ने सैकड़ों पेज की व्हाट्सएप चैट और अन्य सबूत पेश किए थे** : सुनवाई में ईडी ने सैकड़ों पेज की व्हाट्सएप चैट और अन्य सबूत पेश किए थे, उससे ईडी के आरोप और मजबूत हो गए हैं. पिछली बार ईडी ने कोर्ट में कहा था कि हेमंत सोरेन जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं. ऐसे में दूसरी बार भी ईडी के सवालों का जवाब हेमंत सोरेन ने दिया या टालते रहे. ईडी पिछले कुछ दिनों से हेमंत सोरेन के अलावा भी कई लोगों से पूछताछ कर रही है. इनमें हेमंत सोरेन के करीबी विनोद सिंह, बड़गाई अंचल के तत्कालीन भू-राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप से पूछताछ की गयी. बताया जा रहा है कि इस दौरान ईडी को कई जानकारियां मिली हैं.

## शोध में खुलासा : जंगलों में बसावट से उग्र हो रहे हाथी

# गजराज से राज पर खतरा

**अमित सिंह। रांची**

झारखंड का राजकीय पशु हाथी (गजराज) है. हाथियों के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर कई योजनाओं पर काम चल रहा है. अब हाथी का गुस्सा राज्य के लिए चिंता का विषय बन गया है. ऐसा कोई सप्ताह नहीं, जब प्रदेश के किसी न किसी इलाके से हाथियों के हमले की सूचना न आती हो. इससे राजधानी रांची भी अछूती नहीं है. रांची जिले के विभिन्न इलाकों में 60 दिनों में 33 घटनाओं को हाथियों ने अंजाम दिया. दर्जनों घर क्षतिग्रस्त कर दिए. एकड़ों में फैली फसल को रौंद दिया. 10 लोगों की जान चली गई.

प्रदेश में आखिर हाथियों का उत्पात क्यों बढ़ रहा है? हाथी जंगल छोड़ गांव और शहर में क्यों दाखिल हो रहे हैं? हाथियों और मनुष्यों के बीच बढ़ रहे टकराव को कैसे रोका जा सकता है? ऐसे कई सवालों का जवाब जानने की कोशिश शोध के माध्यम से चल रही है. अबतक के शोध में पता चला है कि जंगल क्षेत्र में लोगों का बसावट बढ़ने, जंगल घटने और हाथियों के क्षेत्र का अतिक्रमण होने की वजह से हाथी दिन प्रतिदिन उग्र हो रहे हैं. गजराज को लग रहा है कि उसका राज (क्षेत्र) समाप्त हो रहा है. तब वह जंगल से बाहर निकल रहे हैं.

**जंगल की शांति हो रही भंग :** आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ. रामदयाल मुंडा शोध संस्थान द्वारा हाथी और मानव के बीच बढ़ते संघर्ष, एलिफैंट कॉरिडोर आदि को लेकर विस्तृत शोध कार्य शुरू कराया गया है. इस कार्य में वन विभाग के विशेषज्ञ भी सहयोग कर रहे हैं. शोध का काम पांच माह से चल रहा है. आदिवासी, वनवासी जंगल-पहाड़ में शांतिपूर्वक निवास करने वाले लोग है, वैसे ही हाथी भी शांत क्षेत्र पसंद करते हैं. मगर उनकी शांति अब भंग हो रही है. विकास की कहानी का सीधा वास्ता आदमी और जानवर के उस टकराव से जुड़ गया है, जिसका खामियाजा आए दिन लोगों को भुगतना पड़ रहा है. मनुष्य और हाथी के टकराव में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है. यह टकराव, जंगल के पास बसावट बढ़ने, जंगल घटने और जंगली जानकारों के क्षेत्र का अतिक्रमण होने से बढ़ता जा रहा है.

## रांची में 60 दिनों में 33 घटनाएं



### किस वर्ष, हाथियों ने कितनों को अपना शिकार बनाया

| वित्तीय वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2009/10 | 54 |
| 2010/11 | 69 |
| 2011/12 | 62 |
| 2012/13 | 60 |
| 2013/14 | 56 |
| 2014/15 | 53 |
| 2015/16 | 66 |
| 2016/17 | 59 |
| 2017/18 | 84 |
| 2018/19 | 87 |
| 2019/20 | 84 |
| 2020/21 | 97 |
| 2021/22 | 70 |
| 2022/23 | 78 |
| 2023/24 | 65, अबतक |

### क्या कह रहे एक्सपर्ट

## हाथी खुद को समझ रहे हैं असुरक्षित

1979 बैच के सेवानिवृत्त आईएफएफ नरेंद्र मिश्रा से बातचीत की. नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि झारखंड के जंगलों में हाथी खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं. इसकी कई वजहें हैं. जिसमें जंगल के आसपास उत्खनन, जंगल विस्फोट, नक्सल अभियान और जंगल के तस्कर प्रमुख हैं. हाथियों के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर कई योजनाओं पर काम चल रहा है. इसके बाद भी हाथी जंगल से बाहर निकल रहे हैं, गांव और शहर में दस्तक दे रहे हैं, यह बेहद गंभीर है. चिंता का विषय है. मिश्रा के अनुसार प्रदेश में सिंहभूम के जंगल हाथियों के प्राकृतिक आवास के लिए काफी मशहूर थे, लेकिन पिछले तीन दशक में हाथियों की प्राकृतिक आश्रयस्थली को काफी क्षति पहुंची है. आश्रयस्थली क्षति होने का मुख्य कारण है खनन में बढ़ोतरी और सड़क एवं रेलवे लाइन का विस्तार. वहीं दूसरी तरफ हाथियों के कॉरिडोर में आबादी का बसना सबसे बड़ा कारण है. कॉरिडोर डिस्टर्ब होने से हाथियों के आवागमन प्रभावित हो रहा है. जिससे हाथी झुंड में जंगल से बाहर निकलने के लिए मजबूर हो जाते हैं. जंगल से बाहर निकलते हैं, तो मनुष्य के साथ टकराव हो जाता है.

### केस स्टडी

## राजधानी रांची में हाल के दिनों में हुई घटनाएं

**7 फरवरी 24 :** सोनाहातू थाना क्षेत्र के एदेलडीह गांव में मंगलवार की रात हाथियों के झुंड ने कालीचरण महतो के घर को ध्वस्त कर दिया. जामुदाग गांव के कृष्णा कोईरी, अशोक महतो, फनी महतो, विष्णु कोईरी, चंद्र सिंह मुंडा, रिजू कोईरी, संदीपक कोईरी के खेत में लगी फसल को नष्ट कर दिया.

**5 फरवरी24 : सिमडेगा प्रखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया. रात में हाथियों ने रामलोल गांव निवपसी नामजन मड़की, जसलेन मड़की, जीदन मड़की एवं रोशन मड़की के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. घर में रखे अनाज को भी खा गए.**

**15 जनवरी 24 :** गढ़वा के रंका और चिनियां प्रखंड के दो इलाके में 10 घरों को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया.
रामगढ़ जिले के गोला वन क्षेत्र के सरगडीह व बड़की हेसल गांव में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. आधा दर्जन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया. तिजूराम महतो, भागीरथ बेदिया, फौदा प्रजापति, गुड्डू बेदिया, विश्वनाथ महतो, राजेश महतो का मकान क्षतिग्रस्त कर दिया. झुंड में 36 हाथी हैं, जिसमें से 6 बच्चे हैं.

**8 जनवरी 24 : गढ़वा चिनिया थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में पांच घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया. फसलों को नुकसान पहुंचाया.**

**17 जनवरी 24 :** रांची जिला अंतर्गत खूंटी वन प्रमंडल क्षेत्र के पंच परगना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है. बुंडू थाना क्षेत्र के रेलाडीह खुदीमधुकम गांव में मंगलवार की रात जंगली हाथियों ने तिलका महतो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. इससे नाराज ग्रामीणों ने राहे बुंडू रोड को घंटों जाम कर दिया.

### राजधानी रांची में हमले की घटना में बढ़ोत्तरी

पिछल पांच वर्षों में हाथियों का हमले में बढ़ोत्तरी हुई है. राजधानी रांची के अनगड़ा, बुंडू, तमाड़, सोनाहातु, सिल्ली, नगड़ी आदि दर्जनों गांव हाथियों के उत्पात से प्रभावित हैं. वहीं कोल्हान और आसपास के क्षेत्र में जंगली हाथी अब गांव के आसपास अपना बसेरा बना रहे हैं. गांव में ग्रामीणों के घर तोड़ रहे है. फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. क्योंकि एलिफैंट कॉरिडोर डिस्टर्ब हो गया है. जंगल से हाथी शहर में पहुंच रहे हैं. झारखंड गठन से लेकर अबतक 1500 से अधिक लोगों की जान हाथी ले चुके हैं. वहीं करीब 100 से ज्यादा हाथियों की भी जान चली गई है. वर्ष 2009-10 से लेकर अबतक करीब 850 लोगों को हाथियों ने मार डाला. सरकार मुआवजे के रूप में तकरीबन 20 करोड़ रुपए बांट चुकी हैं.

## वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में बचे हैं सिर्फ डेढ़ माह

# अब तक बजट की 64 फीसदी राशि खर्च

**रवि भारती। रांची**

झारखंड सरकार अब तक वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में से सिर्फ 63.95 फीसदी राशि ही खर्च पाई है. वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब सिर्फ डेढ़ महीने ही बचे हैं. ऐसे में 36 फीसदी राशि खर्च करना सरकार के लिए चुनौती बन गई है. राज्य सरकार का कुल बजट एक लाख 16 हजार 418 करोड़ रुपए का है. जानकारी के अनुसार इस बार भी भारी-भरकम राशि सरेंडर होने की संभावना जताई जा रही है. हालांकि वित्तीय वर्ष के अंतिम समय में खर्चों में तेजी आती है.

**अगले वित्तीय वर्ष के बजट की हो रही तैयारी :** झारखंड सरकार अब अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की तैयारी कर रही है. 16 फरवरी को चंपई सरकार के कैबिनेट का विस्तार होना है. मंत्रिमंडल विस्तार के बाद झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आहूत किया जाएगा. लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार के पास समय कम है और काम ज्यादा करने हैं. ऐसे में बजट अनुरूप खर्च होना बेहद ही कठिन है. चालू वित्तीय वर्ष के बजट में 15 फीसदी की वृद्धि की गई थी.

36 फीसदी राशि खर्च करना सरकार के लिए बनी चुनौती

एक लाख 16 हजार 418 करोड़ है झारखंड का बजट



| विभाग | बजट (करोड़ में) | राशि खर्च( करोड़ में) |
|---|---|---|
| कृषि | 2453.37 | 717.93 |
| पशुपालन | 473.71 | 179.98 |
| भवन निर्माण | 602.74 | 407.79 |
| राज्यपाल सचिवालय | 15.05 | 10.25 |
| ऊर्जा विभाग | 15276 | 14276.22 |
| वाणिज्य कर विभाग | 111.18 | 76.95 |
| वन विभाग | 1150.50 | 583.11 |
| खाद्य आपूर्ति | 2599.64 | 1029.66 |
| स्वास्थ्य विभाग | 5045 | 3219.20 |
| उच्च शिक्षा | 1826.6 | 1287.95 |
| गृह विभाग | 7279.19 | 5710.81 |
| उद्योग | 439.50 | 175.69 |
| श्रम विभाग | 955.85 | 690.91 |
| निबंधन | 28.35 | 18.83 |
| आपदा प्रबंधन | 1031.55 | 26.35 |
| राजस्व भूमि सुधार | 708.41 | 536.45 |
| पथ निर्माण | 5706.79 | 3343.47 |
| ग्रामीण विकास | 4194.58 | 2707.09 |
| नगर विकास | 1943.58 | 755.24 |
| जलसंसाधन | 1506.64 | 1134.24 |

## झा. स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने गवर्नर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**पेपर लीक मामला**

**रांची ।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली गई सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर सोमवार को झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने पूरे घटनाक्रम से राज्यपाल को अवगत कराया. साथ ही निर्दोष छात्र-छात्राओं पर हुए केस को भी रद्द करने की मांग की, साथ ही ज्ञापन भी सौंपा. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. मौके पर योगेश चंद्र भारती, चंदन रजक, प्रेम, लक्की रामू राज शामिल थे.

CLASSIFIED

























## आज बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना

# झारखंड के 4 जिलों में ऑरेंज व 5 जिलों में येलो अलर्ट जारी

**शुभम किशोर। रांची**

झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी है. राज्य के पश्चिमी, मध्य तथा निकटवर्ती उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है. वहीं मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए राज्य के 4 जिलों में ऑरेंज व 5 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिले में कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं गुमला, लोहरदगा, हज़ारीबाग, रांची और कोडरमा जिले में कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है. इस दौरान गर्जन व वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती. राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. 14 फरवरी को भी बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है.

पिछले 24 घंटों में राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा हुई.

### शहर का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 14.2 |
| जमशेदपुर | 28.2 | 15.4 |
| डाल्टेनगंज | 26.4 | 13.9 |
| बोकारो थर्मल | 28.1 | 13.5 |
| चाईबासा | 29.6 | 13.6 |
| देवघर | 27.4 | 11.9 |
| गिरिडीह | 26.2 | 11.5 |
| गढ़वा | 25.4 | 13.0 |
| लोहरदगा | 26.3 | 12.4 |
| गोड्डा | 26.8 | 9.7 |

### देश हित में है समान नागरिक संहिता कानून : राफिया नाज

**रांची ।** झारखंड प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि समान नागरिक संहिता देश हित में है. उन्होंने समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के लिए उत्तराखंड सरकार को बधाई भी दी है. कहा कि एक ऐसा कानून है, जो सभी को एक सूत्र में पिरोने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करता है. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भी एक देश के एक कानून का सपना देखा था. अब वक्त आ गया है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उस सपने को साकार किया जाए.

# लेवी दें तो एनआईए पकड़ेगी, न दें तो नक्सली-अपराधी मार देंगे गोली...

## झारखंड के कारोबारी और ठेकेदार इन दिनों काफी परेशान हैं, आखिर जाएं तो जाएं कहां, कुछ भी सूझ नहीं रहा

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के कारोबारी और ठेकेदार इन दिनों काफी परेशान है. कारोबारियों का आरोप है कि पुलिस का सूचना तंत्र फेल हो गया है. पुलिस उनको सुरक्षा देने में नाकाम है. अगर वे उग्रवादियों, अपराधियों और नक्सलियों को लेवी देते हैं, तो केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए उनको पकड़ लेती है. अगर लेवी नहीं देते हैं, तो नक्सली, उग्रवादी और अपराधी उन्हें गोली मार देते हैं. ठेकेदार और कारोबारी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं.



- ठेकेदार और कारोबारी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं.

पुलिस उनको सुरक्षा देने में नाकाम है. अगर वे उग्रवादियों, अपराधियों और नक्सलियों को लेवी देते हैं, तो केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए उनको पकड़ लेती है.

**ये प्रमुख नक्सली और उग्रवादी संगठन हैं सक्रिय**

- भाकपा माओवादी : टीपीसी
- पीएलएफआई : जेजेएमपी

**ये प्रमुख आपराधिक गिरोह हैं सक्रिय**

- अखिलेश सिंह : जमशेदपुर
- अमन साहू गिरोह : रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग.
- अमन श्रीवास्तव गिरोह : रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार.
- प्रिंस खान : धनबाद.
- विकास तिवारी गिरोह : रामगढ़ और हजारीबाग.
- सुजीत सिन्हा गिरोह : लातेहार और पलामू.
- डब्लू सिंह : पलामू



### टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने इन लोगों को किया है गिरफ्तार

**03 फरवरी 2021 :** एनआईए ने लातेहार के चंदवा के ठेकेदार सोनू सिंह को गिरफ्तार किया था. सोनू सिंह नक्सली रवींद्र गंझू के दस्ते को आर्थिक रूप से मदद कर रहे थे.

**10 जनवरी 2020 :** चतरा के टंडवा स्थित आम्रपाली व मगध कोयला परियोजना से खनन, व्यवसाय व ट्रांसपोर्टिंग में टेरर फंडिंग मामले की जांच कर रही एनआईए ने एक ट्रांसपोर्टर सुदेश केडिया को गिरफ्तार किया था.

**10 जनवरी 2020 :** एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी का रहने वाला अजय कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था.

**लेवी नहीं देने पर इन लोगों की हुई हत्या**

**04 जनवरी 2024 :** रांची के रातू थाना क्षेत्र में टीपीसी उग्रवादियों ने लेवी नहीं देने पर कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी थी.

**09 मई 2023 :** हजारीबाग के बड़कागांव में दिनदहाड़े ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शरद बाबू की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. यह हत्या अमन साहू गिरोह को लेवी नहीं देने की वजह से हुई थी.

**19 फरवरी 2021 :** अमन श्रीवास्तव गिरोह के अपराधियों ने रंगदारी नहीं देने पर हजारीबाग में एनटीपीसी आउटसोर्स कंपनी के अधिकारी के इंचार्ज सतेंद्र कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी.

## महिला महासम्मेलन : 55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ रुपए वितरित



# वंचितों को मिलेगा पक्का मकान:सीएम

शुभम किशोर। रांची

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सखी मंडल की महिलाओं का राज्यस्तरीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें राज्य भर से जुटीं सखी मंडल की महिलाओं ने हिस्सा लिया. मौके पर सीएम चंपाई सोरेन ने 55 हजार सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ की सहायता राशि वितरित की. सीएम सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं निर्भर नहीं, बल्कि हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं. अब महिलाएं पुरुषों के बराबर सब कुछ करने में सक्षम हैं. हमारे देश में महिलाओं के अनगिनत प्रेरक उदाहरण हम सभी के बीच मौजूद हैं. समाज सुधार, राजनीति, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, व्यवसाय, खेलकूद और सैन्य बलों सहित कई क्षेत्रों में हमारी बहन- बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है.

झारखंड की परिश्रमी बहनें और बेटियां राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रही हैं. उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से अपील की कि वे अपनी प्रतिभा पहचानें और विश्वास के साथ आगे बढ़ें. हर कदम हर स्थिति में सरकार आपके साथ सदैव खड़ी रहेगी. राज्य सरकार की ओर से किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं होने दी जाएगी. सीएम होने के नाते ह मैं आज आप सभी को विश्वास दिलाने आया हूं.

### जेएसएलपीएस के नये लोगो और पुस्तिका समूह से समृद्धि की ओर... का विमोचन



**पीएम आवास योजना से वंचित परिवारों को मिलेगा अबुआ आवास योजना का लाभ :** पीएम आवास योजना से वंचित हमारे गरीब जरूरतमंद परिवारों तक हम अबुआ आवास योजना का लाभ पहुंचाएंगे. आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत अबुआ आवास योजना के लिए 30 लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं. सरकार 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास उपलब्जोध कराएगी.

### 33 हजार से ज्यादा महिलाओं को मिला फूलो झानो आशीर्वाद योजना का लाभ

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि ऐसे तो पिछले 4 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिला- पुरुषों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई गई हैं. फूलो झानो आशीर्वाद योजना भी एक महत्वपूर्ण योजना बनकर उभरी है. इस योजना के माध्यम से हड़िया-दारु के व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ा जा रहा है. चिह्नित महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है. राज्य में अब तक 33 हजार से ज्यादा महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया और सम्मानजनक जीवन की शुरुआत की है.

### समाज को बेहतर दिशा देने में लगी हैं बहन-बेटियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-परिवार के साथ-साथ समाज और राज्य को सही दिशा देने में हमारे एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां निरंतर बेहतर कार्य कर रही हैं. आज इस महिला महासम्मेलन में राज्य भर से लगभग 30 हजार सखी मंडल की महिलाएं भाग ले रही हैं. इसी तरह अन्य चारों प्रमंडल में भी राज्य की लगभग 45 हजार सखी मंडल की बहन-बेटियां इस कार्यक्रम से जुड़ी हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगातार सखी मंडल के माध्यम से राज्य में विकास से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है. वर्ष 2019 से लेकर अब तक करीब 1.40 लाख एसएचजी समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के जरिए 8 हजार 247 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये गये. वहीं वर्ष 2019 से पहले यह राशि महज 642 करोड़ रुपये थी. महिला स्वयं सहायता ग्रुप के माध्यम से राज्य में छोटे-बड़े ग्रामीण उद्यमिता को भी बढ़ावा देने का काम हमारी सरकार लगातार करती रही है.

### छात्र-छात्राओं को मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए कई काम किये जा रहे हैं. सरकार ने राज्य के कई सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में परिवर्तित किया है. राज्य के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी तबके के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें, इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने स्तर से पुरजोर कोशिश की है. आने वाले दिनों में हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में परिवर्तित किया जाएगा. राज्य सरकार की ओर से यहां के आदिवासी-दलित सहित सभी वर्ग के बच्चों को भी विदेश में पढ़ाई करने के लिए मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना चलाई गई है. इस योजना के तहत हर वर्ष 50 बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण हेतु विदेश के संस्थानों में राज्य सरकार द्वारा भेजा गया है, जहां वे डिग्री हासिल कर लक्ष्य के अनुरूप नौकरी-पेशा से जुड़ रहे हैं.

### सीएम ने क्या-क्या कहा

- राज्य के विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है
- **अब 125 यूनिट मुफ्त बिजली देगी राज्य सरकार**
- चार वर्षों में 21 लाख किसानों को मिला केसीसी
- **अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि में 3 गुना वृद्धि**
- समाज को बेहतर दिशा देने में लगी है एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां

### छात्रवृत्ति राशि में 3 गुना तक की वृद्धि की गई

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक की वृद्धि की है. राज्य में 9 लाख से अधिक छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है. पहले प्रति परिवार एक बच्ची को इस योजना से जोड़ने का प्रावधान था, जिसमें हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बदलाव करते हुए परिवार की सभी बच्चियों को इस योजना से जोड़ने का प्रावधान किया है. सीएम ने कहा कि पिछली सरकार ने 5 हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया था. पूर्व की सरकार नहीं चाहती थी कि गरीब का बच्चा पढ़े. हमारी सरकार ने छात्रवृत्ति राशि बढ़ा दी. गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना लायी. जयपाल सिंह मुंडा स्कॉलरशिप योजना लेकर आयी, ताकि गरीब का बच्चा पढ़े.

**सिदगोड़ा में दुस्साहस**

## चोरी के दो आरोपियो की पिटाई, 1 की मौत, 1 घायल

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर के सिदगोड़ा में चोरी के आरोपी की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. घटना सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के जाहेर टोला के पास सोमवार तड़के चार बजे की है. भीड़ ने चोरी के दो आरोपियों की बुरी तरह से पिटाई कर दी. घटना की सूचना पाकर सिदगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. वहां इलाज के दौरान अमन मुंडा की मौत हो गई, जबकि घायल संजीत धान का इलाज चल रहा है. संजीत का दायां हाथ टूट गया है.

**चोरी का सिलेंडर बेचने निकले थे दोनों :** घायल संजीत ने बताया कि सुबह अमन ने उसे फोन किया और कहा कि सिलेंडर को बेचकर पैसे ले लेते हैं. दोनों सुबह चार बजे चोरी का सिलेंडर बेचने निकले थे. इतने में जाहेर टोला के पास 20 से 25 की संख्या में बस्ती वालों ने उन्हें घेर लिया और पिटाई शुरू कर दी. सभी लाठी डंडे से पिटाई कर रहे थे. पुलिस ने दोनों को बचाया और इलाज के लिया अस्पताल पहुंचाया. इधर सूचना पाकर डीएसपी सिटी सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे और पूछताछ शुरू कीर दी है.

## महिला नेत्री से रेप मामले में विधायक ढुल्लू का बयान दर्ज

### कोर्ट में कहा- मुझे झूठा फंसाया गया, आज होगा फैसला

संवाददाता। धनबाद



**बोले ढुल्लू**

- मेरे ऊपर लगाए सारे आरोप पूरी तरह निराधार हैं
- एमपी-एमएलए कोर्ट में बड़े वकीलों ने रखी दलील

भाजपा की पूर्व महिला नेत्री के साथ रेप की कोशिश के मामले में सोमवार को विधायक ढुल्लू का सफाई बयान दर्ज किया गया. एमपी-एमएलए के विशेष जज अखिलेश कुमार की कोर्ट में बयान देते हुए ढुल्लू ने कहा कि उनके ऊपर निराधार आरोप लगाए गए हैं और वह निर्दोष हैं. सुनवाई के दौरान ढुल्लू की ओर से राधेश्याम गोस्वामी, एसएन मुखर्जी एवं एनके सबिता ने बहस की. अदालत ने मुकदमे में फैसले के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है.

**ये है मामला :** जिला भाजपा की पूर्व महिला पदाधिकारी ने विधायक पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी. हाईकोर्ट के आदेश पर विधायक के खिलाफ पुलिस ने 4 अक्टूबर 2019 को प्राथमिकी दर्ज की थी. बाद में पीड़िता का धारा 164 के तहत 15 फरवरी 2020 को बयान दर्ज कराया था. पीड़िता ने पूर्व में धारा 164 के तहत दिए बयान में कहा था कि नवंबर 2015 में हिंदुस्तान जिंक के टुंडू गेस्टहाउस में ढुल्लू महतो ने उसे बुलाया था, यहां ढुलू ने उनके शरीर को छुआ था और जबरन उनके साथ गलत काम किया था. विधायक ने कहा था, तुम 18 साल की लगती हो। कैसे मेंटेन करती हो. इसके बाद विधायक ने गलत काम किया। बयान में पीड़िता ने पूर्व में कहा था कि जब वो गेस्टहाउस गयी थी तो वहां आनंद शर्मा थे. आनंद शर्मा और अयोध्या ठाकुर ने उससे कई बार कहा था कि ढुल्लू उसे पसंद करते हैं और उनकी बात मानने पर मालामाल कर देंगे.

**जालसाजी** भूली की संगीता आसनसोल के अजीत सिंह के साथ मिलकर वर्षों से कर रही ठगी का कारोबार

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 103 लोगों से लाखों ठगा

रंजीत कुमार। धनबाद

धनबाद, आसनसोल व हावड़ा रेल मंडल में रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 103 अभ्यर्थियों से लाखों की ठगी की गई है. मामले का भंडाफोड़ होने के बाद सरगना संगीता सिंह मोबाइल बंद कर फरार हो गई, लेकिन उसका पार्टनर अजीत सिंह पकड़ा गया. अजीत सिंह का कहना है कि वह संगीता से बात कर सभी को एक सप्ताह के भीतर पैसे दिला देगा.

जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षों से भूली की संगीता सिंह आसनसोल के अजीत सिंह के साथ मिलकर ठगी का कारोबार कर रहे हैं. ये दोनों जालसाज चार लड़के-लड़कियों को 20 हजार महीने की तनख्वाह पर रखे हैं, जो युवक-युवतियों को अपनी जाल में फांस कर जोड़ाफाटक रोड, आसनसोल, बर्नपुर और भूली में किराये के घर में बुलाकर पहले एडवांस के तौर पर 20 हजार रुपये ले लेते हैं और बाद में कहते हैं कि ज्वाइनिंग लेटर देते समय एक लाख रुपये लेंगे.

**असिस्टेंट ट्रेन ड्राइवर, गार्ड व टीटीई की नौकरी दिलाने का दिखाते हैं सब्जबाज :** सूत्रों के अनुसार गैंग की सरगना संगीता सिंह ही युवक-युवतियों को परीक्षा दिलाने, मेडिकल कराने व ज्वाइनिंग लेटर देकर असिस्टेंट ट्रेन ड्राइवर, गार्ड व टीटीई की नौकरी दिलाने के लिए सब्जबाज दिखाते हैं. इसके अलावा रेलवे में आउटसोर्सिंग कंपनी में भी नौकरी दिलाने के नाम पर भी ठगी करते हैं. रेलवे में सफाई समेत यार्ड, पैंट्री कार, पूछताछ कार्यालय आदि कई विभाग में आउटसोर्सिंग पर काम हो रहा है. आउटसोर्सिंग कंपनी के ठेकेदार ही कर्मियों को पद के हिसाब से बहाली कराते हैं. इसमें भी संगीता सिंह व अजीत सिंह दर्जनों युवक-युवतियों से लाखों की ठगी किए हैं. भूली के सतीश कुमार, मीणा कुमारी समेत कई युवक-युवतियों का कहना है कि संगीता सिंह व अजीत सिंह जालसाज हैं, जो धनबाद से लेकर बिहार-बंगाल के युवक-युवतियों से ठगी का कारोबार कर रहे हैं.

- किराये के घर में बुलाकर युवक-युवतियों से लेते हैं पैसे
- असिस्टेंट ट्रेन ड्राइवर, गार्ड व टीटीई की नौकरी दिलाने के लिए दिखाते हैं सब्जबाग

### रिटायर्ड रेलकर्मी के बेटे को जाल में फंसाया तो खुला राज



जानकारी के अनुसार रिटायर्ड रेलकर्मी कैलाश प्रसाद के बेटे कमल प्रसाद को जब संगीता व अजीत सिंह ने अपने जाल में फंसाया तो जालसाजी का राज खुल गया. कैलाश प्रसाद का कहना है कि वे पहले संरक्षा विभाग में काम करते थे. संरक्षा विभाग में आउटसोर्सिंग पर बहाली नहीं होती है. जबकि संगीता व अजीत उसके बेटे कमल को ट्रेन ड्राइवर या गार्ड का हेल्फर के पद पर नौकरी दिलाने का वादा कर रहे थे. साथ ही ट्रेनिंग में 31 हजार वेतन और बाद में 40 हजार तनख्वाह दिलाने की बात कर रहे हैं. जब उन्होंने धनबाद से लेकर आसनसोल व हावड़ा रेल मंडल के पदाधिकारियों से पता किया तो संगीता व अजीत के होश उड़ गए. थाना में शिकायत करने की बात कही तो दोनों ने कहा कि वे लोग सभी को पैसा लौटा देंगे. रिटायर्ड रेलकर्मी के बेटे से भी 20 हजार की ठगी कर चुके हैं.

## महिला की मौत, परिजनों का नर्सिंग होम में हंगामा

### लोगों का आक्रोश देख कर भाग गये डॉक्टर और अस्पताल कर्मी

संवाददाता। कतरास



इलाज के दौरान महिला की मौत होने पर परिजनों ने सोमवार को कतरास के चौधरी नर्सिंग होम के डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाकर जम कर बवाल काटा. शव के साथ सैंकड़ो की संख्या में पहुंचे आक्रोशित लोगों ने अस्पताल परिसर डॉक्टरों व संचालक के खिलाफ जम कर नारेबाजी की. बताया जाता है कि पटना से अपने मायके आई जोगिडीह की बेटी 30 वर्षीय कामता देवी का इलाज बीते दिनों चौधरी नर्सिंग होम में किया गया था. परिजनों ने कहा कि सकुशल स्थिति में पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन डॉ सुनील कुमार नायक द्वारा किया गया. ऑपरेशन के चंद मिनट में ही मरीज की हालत गम्भीर बता कर डॉक्टर व अस्पताल कर्मियों ने उसे आनन-फानन में एम्बुलेंस में रख दिए, जहाँ से उसे धनबाद के असर्फी और फिर दुर्गापुर के मिशन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत सोमवार की सुबह हो गई.

डॉक्टरों ने मौत का कारण निम्न रक्तचाप और निम्न नाड़ी गति बतायी जो ऑपरेशन के दौरान ही हो गया था. गुस्साए परिजनों ने शव को अस्पताल के समक्ष एम्बुलेंस में रख कर जमकर हंगामा किया. साथ ही ऑपरेशन में शामिल डॉक्टर और नर्सिंग होम के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे. अस्पताल में होते हंगामे को देख अस्पताल कर्मी भाग खड़े हुए. हालांकि कतरास पुलिस के हस्तक्षेप कर परिजनों को समझा-बुझा कर कर शांत कराया गया.और अस्पताल प्रबंधन से थाना में वार्ता करवाने तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. जिसके बाद परिजन शव के साथ कतरास थाना पहुंचे और पुलिस की मध्यस्थता में अस्पताल प्रबंधन से वार्ता हुई.

▼ ब्रीफ खबरें

### तोपचांची सुभाष चौक पर जदयू ने धरना दिया

**तोपचांची (धनबाद)।** तोपचांची बाजार स्थित सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाने की मांग को जदयू कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धरना दिया. धरना को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने कहा कि एनएचएआई ने सड़क चौड़ीकरण के दौरान सुभाष चौक से नेताजी की प्रतिमा हटा दी थी. लेकिन सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा होने के कई वर्ष बाद भी अब तक प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है. कुछ माह पहले शेड निर्माण कर यूं ही छोड़ दिया गया है. उन्होंने अधिकारियों से जल्द प्रतिमा लगाने की मांग की.

### सुशांतो हत्याकांड में गवाह पेशी का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल की हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई. कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे. गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी. मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी. जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे.

### सच्चे सिपाही थे स्व. प्रभु महतोः लखी

**धनबाद।** झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा शहीद मैदान, स्टीलगेट में झामुमो के पूर्व जिला सचिव स्वः प्रभुनाथ महतो की 9 वीं पुण्यतिथि मनाई गई. इस दौरान आमसभा का भी आयोजन किया गया. जिला समिति के पदाधिकारियों ने स्व. प्रभुनाथ महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि प्रभुनाथ महतो झामुमो के सच्चे सिपाही थे. उनके द्वारा गरीब, शोषित लोगों के समस्या का समाधान त्वरित रूप से किया जाता था. थाना हो या अस्पताल, सभी जगह लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे.

### पैदल निकले भक्तों का जामाडोबा में स्वागत

**धनबाद।** रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे भक्तों की टोली का भाजपाइयों ने स्वागत किया.सोमवार को झरिया के जामाडोबा स्थित शिव मंदिर में भाजपा नेता योगेन्द्र यादव के नेतृत्व में भाजपा एवं विश्व हिन्दू परिषद के समर्थकों ने बंगाल के बांकुड़ा जिले से पैदल चलकर रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे भक्तों का स्वागत माला पहनाकर किया गया. बता दें कि बांकुड़ा जिले के राजमहल से श्रीराम के भक्तों की सात सदस्यीय टोली 8 फरवरी को पैदल अयोध्या के लिए निकले हैं.

### सरस्वती पूजा पर शांति समिति की बैठक

**धनसार।** सौहार्दपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा मनाने को लेकर धनसार थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की एक बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता कर रहे प्रशिक्षु डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं. पूजा में डीजे साउंड बजाने पर रोक लगाते हुए कहा कि पंडाल और मूर्ति विसर्जन के दौरान आपत्तिजनक गाना न बजाएं, जिससे दूसरे की भावना को ठेस पहुंचे. पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि विसर्जन के दौरान दूसरे को जबरन अबीर न लगाएं.

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नाम पर सिर्फ हो रही है खानापूर्ति, नियमों का सख्ती से पालन नहीं

# सुबह से रात तक रॉन्ग साइड से वाहनों की इंट्री

संवाददाता। धनबाद



कोयलांचल की सड़कों पर सुबह से रात तक वाहन चालकों को देखें तो कई जगहों पर ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नाम पर परिवहन व यातायात विभाग के पदाधिकारी व जवान जागरूकता के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं. शहर से लेकर कोलियरी क्षेत्रों, जीटी रोड व गांवों में यातायात नियम का सख्ती से पालन नहीं हो रहा है. लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड, श्रमिक चौक, रांगाटांड़, बेकारबांध, सिटी सेंटर, जय प्रकाश नगर मोड़, बरटांड़, हाउसिंग कॉलोनी, धैया, मेमको मोड़ समेत कई जगहों पर देखा जा सकता है कि सुबह से रात तक सैकड़ों लोग रॉन्ग साइड से वाहनों की एंट्री करते हैं.

अधिकतर जगहों पर ट्रैफिक व थाने की पुलिस रहती है, फिर भी बेखौफ होकर चालक रॉन्ग साइड से वाहन चलाते हैं. सिटी सेंटर से बरवाअड्डा और रणधीर वर्मा चौक से गोविंदपुर के बीच रॉन्ग साइड से वाहन चलाने से अक्सर हादसे होते हैं. इसके अलावा जीटी रोड व कोलियरी क्षेत्रों में गलत दिशा से वाहन चलाने व अवैध कट से गाड़ियां क्रॉस करने पर आमने-सामने गाड़ियों के टकराने से लोगों की जान चली जाती है.

### होते रहे हैं हादसे, फिर भी लगाम नहीं

शहर हो या कोलियरी या फिर ग्रामीण इलाका, रॉन्स साइड और अवैध कट्स क्रॉस कर वाहन चलाने से हमेशा हादसे हो रहे हैं. बरवाअड्डा, गोविंदपुर, निरसा, राजगंज व तोपचांची थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर सबसे अधिक हादसे हो रहे हैं. हर साल सैकड़ों लोगों की मौत होती है. शहरी व कोलियरी क्षेत्रों में भी रॉन्ग साइड से वाहन चलाने व अवैध कट्स क्रॉस करने से छोटे-बड़े हादसे होते रहे हैं और लोगों की जान जाती रही है. न तो लोग सुधर रहे हैं और न ही यातायात व पुलिस विभाग कानूनी कार्रवाई कर पा रही है.

### चालकों पर एफआईआर का प्रावधान

सूत्रों के अनुसार रॉन्ग साइड व अवैध कट्स से क्रॉस कर वाहन चलाने वाले चालकों पर जुर्माना के अलावा एफआईआर का भी प्रावधान है, छह महीने की जेल की भी सजा का नियम है, लेकिन पुलिस सख्ती से कार्रवाई नहीं करती है. सिर्फ बाइक चालकों से हेल्मेट नहीं पहनने, मालवाहक गाड़ियों से क्षमता से अधिक माल ढुलाई का आरोप लगाकर वसूली करने में वर्दीधारी लगे रहते हैं.

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में हेलमेट का वितरण किया गया



संवाददता। धनबाद

जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी. द्विवेदी तथा पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अरविंद कुमार सिंह के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर धनबाद में जगरूकता अभियान चलाया जा रहा है .इस अभियान के तहत सोमवार को धनबाद के सिटी सेंटर, रणधीर वर्मा चौक तथा श्रमिक चौक पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चला रहे चालकों को हेलमेट दिया और साथ ही वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने को कहा .वहीं पुटकी थाना मोड़ के समीप झरिया और धनसार मोड़ में सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. जिसमें स्कूली छात्र और आमलोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई.

## आठ माह पूर्व तोड़ दिया था स्कूल भवन, बाधित हो रही पढ़ाई

# स्कूली बच्चों ने आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम किया

संवाददाता। कतरास



बीसीसीएल की वादाखिलाफी से नाराज नया प्राथमिक विद्यालय केशलपुर हाउस के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को विद्यालय भवन की मांग को लेकर अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. सभी बच्चे हाथों में भाजपा के झंडे लेकर कंपनी व बीसीसीएल प्रबंधन से विद्यालय की मांग कर रहे थे . करीब एक घंटे तक बच्चे उत्खनन परियोजना में रुके और कंपनी का कामकाज ठप कर दिया.

छात्र मयंक सिंह सहित अन्य छात्र छात्राओं ने बताया कि करीब आठ माह पूर्व कंपनी विस्तार को लेकर हमलोगों का स्कूल भवन कंपनी ने तोड़ दिया है, भवन तोड़ते समय कंपनी ने हमलोगों को दूसरे स्थान पर विद्यालय बनवा देने की बात कही थी. लेकिन आज आठ माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी हमलोगों को विद्यालय भवन नहीं मिला है.फिलहाल जिस विद्यालय में बच्चों को पढ़ने के लिए अधिकृत आदेश मिला है,वह काफी दूर है, ऐसे में बच्चे अपने घर के समीप ही खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं.

**किया गया पत्रचार, मांगें पूरी नहीं :** बताया गया कि कई बार शिक्षकों तथा अभिभावकों के द्वारा पत्राचार करने के बावजूद भी कंपनी हम लोगों की मांगों को पूरा नहीं कर रही है, आज बाध्य होकर हम लोग कंपनी का चक्का जाम करने उतरे हैं। इधर घंटों तक माईन्स बाधित रहने के बाद बीसीसीएल एरिया 04 के एजीएम सत्येंद्र कुमार सिंह और रामकनाली ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचकर बच्चों के अभिभावकों व ग्रामीणों से वार्ता की. ग्रामीणों से वार्ता के बाद यह समाधान निकाला गया कि तत्काल ग्रामीणों की सुविधा के अनुसार बीसीसीएल प्रबंधन के किसी भवन में विद्यालय का संचालन किया जाय ,साथ ही समय रहते विभागीय कार्रवाई कर स्थायी विद्यालय का भी निर्माण कर लिया जाएगा. मौके पर मयंक सिंह संजय कुमार विशाल सिंह शाहिल कुमार गौरव कुमार प्रतिम कुमार आरिया कुमारी प्रिंश विक्रम जितू कुमार पुजा कुमारी और छात्र-छात्राएं मौजूद थी.

### एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रमुख व पंसस ने दिया धरना

**मैथन (धनबाद)।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और कर्मियों की मनमानी के खिलाफ सोमवार को प्रमुख संगीता महतो के नेतृत्व में पंसस ने प्रखंड कार्यालय के मेन गेट पर धरना दिया. प्रमुख संगीता महतो ने कहा कि प्रखंड में अबुआ आवास योजना के लाभुकों सूची में भारी गड़बड़ी हुई है. पंचायतों में ग्रामसभा कर प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों सूची बनाई गई थी. लेकिन मुखिया की अनुशंसा पर भेजी गई सूची में हेराफेरी की गई है. जब इसकी जानकारी लेने लाभुक प्रखंड कार्यालय पहुंचे, तो कंप्यूटर ऑपरेटर मो. जमाल ने एक बुजुर्ग महिला लाभुक के साथ दुर्व्यवहार किया. प्रखंड कार्यालय में इससे पहले भी लाभुकों के साथ दुर्व्यवहार होता रहा है. प्रशासन को गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई और योग्य लोगों को योजना का लाभ मिले इसकी गारंटी देनी होगी. इसके बाद प्रखंड प्रमुख लाभुकों को लेकर निरसा थाना पहुंचीं और आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर जमाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की. लाभुक फणि दास, बुजुर्ग महिला व अन्य लाभुकों ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया.

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में मिलेगा 1 लाख रु. का लोन

संवाददाता। धनबाद



हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल), सिंदरी के स्पंदन क्लब में भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय की शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय धनबाद द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेश प्रमाणिक, प्रमुख (हर्ल) तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया.

सहायक निदेशक एमएसएमई धनबाद सह कार्यक्रम के संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है. इस अवसर पर एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद के सहायक निदेशक प्रभारी दीपक कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू, गुड़िया और खिलौने, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने सहित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं. उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5 - 7 दिन का प्रशिक्षण एवं 500/- रुपए प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट के लिए 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे.

प्रथम चरण में एक लाख रूपए तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है.

## पंचायत की हर एक समस्या का समाधान होगा : मुखिया

संवाददाता। महुदा

कांड्रा पंचायत के विभिन्न स्थानों पर सोमवार को मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रिंकु देवी ने सोलर जल मीनार का उद्घाटन फीता काटकर किया. इस दौरान मुखिया ने अपने संबोधन में कहा कि जनता ने जिस आशा और उम्मीद के साथ हमें अपना सेवक चुना है. मैं उसे पर विश्वास पर प्रतिशत खरा उतारने का प्रयास कर रही हूं.

पंचायत के हर एक समस्या का समाधान होगा .पंचायत के जल समस्या को दूर करने के लिए आज विभिन्न स्थानों पर जल मीनार लगाई गई है. जिससे आम लोगों को लाभ मिलेगा.वहीं मुखिया ने ग्रामीणों के साथ बातचीत कर विकास कार्यों पर चर्चा की. साथ ही गांव के अन्य समस्याओं का समाधान करने का अश्वासन दिया. मुखिया ने कहा कि पंचायत में जो भी विकास का कार्य नहीं हुए हैं. उसका काम सभी ग्राम प्रतिनिधियों के सहयोग से यथाशीघ्र किया जायेगा.

### स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर शोभायात्रा

**बरोरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा के तत्वावधान में सोमवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर शोभायात्रा का निकाली गई. विद्यालय के धर्म शिक्षा के शिक्षक एस के शास्त्री के नेतृत्व में सर्वप्रथम ईश्वर स्तुति, प्रार्थना, उपासना के मंत्रों का पाठ, यज्ञ, हवन किया गया .फिर बरोरा थाना के सहायक अवर निरक्षक एवं प्रभार प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने ओम पताका लहराकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया.यात्रा डीएवी स्कूल से चलकर, मुराईडीह कॉलोनी, डुमरा मोड, हरिणा कॉलोनी मैदान में समाप्त हुई.

## डिगवाडीह बाजार में आग से आधा दर्जन दुकानें खाक



संवाददाता। जोरापोखर

जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह बाजार में झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग किनारे झोपड़ीनुमा दुकानों में शरारती तत्वों ने देर रात आग लगा दी. आग लगने की वारदात से फल दुकानदार विजयानंद भगत,महेंद्र माली,जगदीश पंडित ,विनय गुप्ता एवं स्टोव रिपेयरिंग दुकानदार इदरीश मियां की दुकान जलकर राख हो गई. बताते हैं कि दुकानों में आग लगा देख स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी. खबर पाकर तत्काल दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया. घटना से प्रभावित सारे दुकानदार गरीब हैं, जो फल बेचकर अपनी जीविका चलाते हैं. घटना में लगभग दो लाख की संपति के नुकसान का आकलन किया जा रहा है. आग लगने के घटना के बाद दुकानदारों में हड़कंप मचा है. स्थानीय निवासी सह आम आदमी पार्टी के नेता मदन राम एवं पूर्व पार्षद अफताब आलम ने नगर आयुक्त एवं विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से पीड़ित दुकानदारों को सहयोग करने की मांग की है. जोरापोखर थाना में सभी पीड़ितों ने अज्ञात असामाजिक तत्त्वों के खिलाफ लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है. बता दें कि दो वर्ष पूर्व भी बाजार में आग लगने कि घटना हुई थी, जिसमें दर्जनों दुकान जल कर राख हो गई थी.

## हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में तोपचांची में जनाक्रोश रैली

संवाददाता। तोपचांची (धनबाद)



पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो ने सोमवार को तोपचांची में जनाक्रोश रैली निकाली. रैली का नेतृत्व टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया. रैली तोपचांची हटिया मैदान से निकलकर सुभाष चौक होते हुए तोपचांची अंचल कार्यालय पहुंची. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन को एक षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार किया है.

ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है. केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्षी नेताओं को परेशान किया जा रहा है. हेमंत सोरेन भी इसी का शिकार हुए हैं. केंद्र सरकार उनकी छवि धूमिल करने का लगातार प्रयास कर रही थी. मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विकास तिवारी, उपाध्यक्ष योगेंद्र मुर्मू, प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट, अर्जुन रजवार, कृष्ण किशोर मेहता सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**खास बातें**

- ईडी ने हेमंत को षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार किया : मथुरा
- रैली में बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए

## थाई मांगुर मामले में सात पर एफआईआर, दो जेल गये

संवाददाता। मैथन



प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली की अवैध कारोबार करने के खिलाफ मैथन पुलिस ने सोमवार को सात लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए एफआईआर दर्ज की गई है. गिरफ्तार पिकअप वैन के चालक हसन नूर व सहयोगी फिरोज मुल्ला को जेल भेज दिया है. बता दें कि 10 फरवरी को मैथन पुलिस ने गुप्त सूचना पर प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली लदी एक पिकअप वैन जब्त किया था. मौके से पिकअप वैन के चालक हसन नूर एवं उसका सहयोगी फिरोज मुल्ला को गिरफ्तार किया गया था. मैथन पुलिस के आग्रह पर जिला मस्त्य विभाग ने जब्त मांगुर मछली की जांच की. जांच में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली पाई गई.

**अन्य आरोपियों की तलाश जारी :** मस्त्य विभाग की जांच रिपोर्ट आने के बाद मैथन पुलिस ने पिकअप वैन के मालिक, चालक हसन नूर, सहयोगी फिरोज मुल्ला, मो. मुर्तजा मुल्ला, विपुल कुमार, इसरार अहमद ऊर्फ भोला एवं रोशन वर्णवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मैथन पुलिस ने बताया कि जल्द ही अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी. किसी को भी कोई अवैध कारोबार करने की छूट नहीं है. मालूम हो कि थाई मांगुर मछली जहर है. जिसे खाने से कैंसर जैसी कई घातक बीमारी होने का खतरा रहता है. इसे खाने के बाद लोग असमय मौत के मुंह में जा सकते हैं. जिसके कारण भारत सरकार ने वर्ष 2000 में थाई मांगुर के खाने एवं व्यवसाय करने पर रोक लगा रखी है.

**बीसीकेयू की सभा** रेवेन्यू शेयरिंग और एमडीओ मोड के खिलाफ निकली आक्रोश रैली

# मजदूर चाह लेंगे तो दिल्ली की बत्ती गुल हो जाएगी : तपन सेन

राजकुमार महतो। निरसा



केंद्र की मोदी सरकार और कोल इंडिया प्रबंधन के द्वारा कोल उद्योग में शेयरिंग और एमडीओ मोड के नाम पर कोलियरियों को निजी मालिकों को सौंपने के खिलाफ सोमवार को गोपीनाथपुर कोलियरी में बीसीकेयू की ओर से विशाल जनसभा का आयोजन किया गया. सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन (सीटू) के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद तपन सेन ने कहा कि मोदी सरकार देश के तमाम सार्वजनिक संस्थाओं का निजीकरण कर रही है. कोयला उद्योग में पहले शेयर बेचा गया, इसके बाद कमर्शियल माइनिंग का कानून पास किया गया. अब कोलियरियों को बेचा जा रहा है. जिसके खिलाफ गोल बंद होकर लड़ने की जरूरत है. कोयला मजदूर जिस दिन चाह लेंगे दिल्ली की बत्ती गुल हो जाएगी. मजदूरों ने निजीकरण के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जिसके कारण सरकार को पीछे हटना पड़ा. कोयला मजदूर देश की धड़कन हैं.आज भी बिजली का 80% उत्पादन थर्मल पावर प्लांट से ही होता है.

**खास बात**

- 16 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

### सरकारी संपत्ति की हो रही है लूट : अरूप चटर्जी

बीसीकेयू के महासचिव पूर्व विधायक व जेबीसी सदस्य अरूप चटर्जी ने कहा कि गोपीनाथपुर के नाम पर श्यामपुर ए और फ़टका तीन कोलियरियों को मात्र 16 करोड़ में 25 साल के लिए निजी मालिकों को सौंप दिया गया है. जिसमें कोल इंडिया को मात्र 4.55% ही कोयला बिक्री का भुगतान होगा यह सरकारी संपत्ति की लूट है. यह लड़ाई की शुरुआत है आगे हमें लड़ने के लिए तैयार रहना होगा.

### कोयला उद्योग को बचाने की चुनौती : चौधरी

सीएमएसआई के महासचिव पूर्व सांसद वंश गोपाल चौधरी ने कहा कि मजदूरों के सामने आज कोयला उद्योग को बचाने की चुनौती है. सरकार ने पहले 44 श्रम कानून को तोड़कर कर लेबर कोड बना दिया. मजदूरों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं. आज पूरे देश के मजदूरों की लड़ाई का नेतृत्व कोयला मजदूरों को संगठित रूप से करने की जरूरत है. सभा की अध्यक्षता यूनियन के केंद्र सचिव क्षेत्र अध्यक्ष आगम राम तथा संचालन कार्तिक दत्ता ने किया.

## अपने ही राज्य में उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं झारखंडीः जयराम महतो

संवाददाता। कतरास



केशलपुर कोलियरी स्थित ग्रीन पार्क में सोमवार को झारखंडी एकता मंच का मिलन समारोह कतरास क्षेत्र एकेडब्ल्यूएमसी कर्मियों के सौजन्य से आयोजित किया गया. जिसकी अध्यक्षता संगठन मंत्री ब्रह्मदेव साहू ने की जबकि संचालन रंतोश महतो ने किया.कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के सुप्रीमो जयराम महतो उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जयराम महतो को फूल-माला से लाद दिया. अपने संबोधन में जयराम महतो ने कहा कि अपने ही राज्य में झारखंडी उपेक्षित हैं. बाहरी लोगों ने झारखंड में अपना साम्राज्य स्थापित कर कर रखा है. लेकिन अब उनका किला ध्वस्त होने का समय आ गया है. अपने हक के लिए झारखंड के युवा अब जाग चुके हैं.कहा गया कि वर्तमान व पूर्व की सरकारों ने झारखंड के मूलवासियों, आदिवासियों, गरीब शोषितों को सिर्फ ठगने का काम किया है.अब बदलाव का समय आ चुका हैं. इसलिए झारखंडियों को अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है.मौके पर मनोज कुमार दास, तारा पोदो,ब्रह्मदेव साहू, संजय कुमार पांडे, तुलसी महतो ,बादल बावड़ी ,राहुल कुमार, धनंजय महतो ,अमृत रवानी, संतोष महतो, हेमलाल मंडल मौजूद थे.

### ब्रीफ खबरें

#### अवैध शराब के खिलाफ छापा, भट्टियां ध्वस्त की

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना पुलिस व वन विभाग के द्वारा अवैध महुआ शराब चुलाई के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया. इस क्रम में सिजुवाई व राजोखार से सटे जंगलों में अवैध रूप से बनाए जा रहे शराब की भट्टियों को नष्ट किया गया. पुलिस जब वहां पहुंची तो शराब निर्माण का कार्य चल रहा था. वहीं दर्जनों ड्राम में महुआ को तैयार होने के लिए रखा गया था. पुलिस ने 8 हजार लीटर जावा महुआ, 20 टीना गुड़ व लगभग 40 लीटर तैयार शराब को नष्ट किया. पुलिस को आते देख धंधेबाज जंगल की ओर भाग गए.

#### अवैध माइका खनन को लेकर दो पर केस

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के चरका पहाड़ व सदवा पहाड़ में अवैध माइका उत्खनन मामले में दो लोगों पर वन विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है. ज्ञात हो कि अवैध उत्खनन को लेकर वन विभाग और गावां थाना पुलिस के द्वारा गत शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया था. छापामारी में 18 पीस जिलेटिन व एक पीस डेटोनेटर समेत माइका व खनन उपकरणों को जब्त किया गया था. मामले में दो लोगों पर कार्रवाई की गई है.

#### पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

**कथारा।** कथारा गोमिया मार्ग के छिलकापुल स्थित साईं बाबा मंदिर से मुख्य मार्ग तक विधायक मद से बनने वाले 3 सौ फीट पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो की धर्मपत्नी सह समाजसेवी कौशल्या देवी ने किया. विधिवत पूजा अर्चना कर पीसीसी सड़क की आधारशिला रखी गई. यहां श्रीमती कौशल्या देवी ने कहा कि गोमिया विधायक विकास को लेकर काफी गंभीर हैं. विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने हमेशा जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को चिह्नित कर पूरी ईमानदारी के साथ प्रयासरत रहते हैं.

#### आवेदन देकर वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के बाजपुर निवासी बिमला देवी अपने पूरे परिवार के साथ अंचल कार्यालय आकर सीओ को ज्ञापन सौंपा. मौके पर मुख्यरूप से जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी एवं माले के प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव भी उपस्थित थे. मौके पर उपस्थित नागेश्वर यादव ने कहा कि बाजपुर की एक जमीन पर दलित परिवार बहुत रहता आ रहा है. बताया जा रहा कि भू स्वामी के द्वारा मजदूरी करने के एवज में इनके पूर्वज के द्वारा जमीन दी गई थी. . जिसमें चार परिवारों के 15 से 16 सदस्य रहते हैं.

#### 'जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं'

**बोकारो।** बोकारो जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर टारगेट एप्रोच के साथ हर संभव प्रयास किया जा रहा है. इसी कड़ी में सोमवार को स्वीप अंतर्गत चास प्रखंड के सीजुआ पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए. इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है.

---

### डीएलसीसी व डीएलआरसी की बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि हुए शामिल

## बैंक सीडी अनुपात में लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन करें :डीसी

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो में नाबार्ड के पुस्तक का लोकार्पण करते डीसी व अन्य.

**खास बातें**

- साख अनुपात 40 फीसदी से कम नहीं होना चाहिए
- 'ऋण योजना जुड़ी पुस्तक का किया गया लोकार्पण

बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साख समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) वित्तीय वर्ष 2023-24 दिसंबर तिमाही की बैठक हुई. मौके पर अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, आरबीआइ के प्रतिनिधि ए. तिर्की, एलडीएम आबीद हुसैन, डीडीएम नाबार्ड फिलेमन बिलांग आदि उपस्थित थे. बैठक में विभिन्न बैंकों के बैंक समन्वयक एवं अन्य अधिकारी शामिल थे. मौके पर डीसी ने वित्तीय वर्ष 2023 - 24 दिसंबर तिमाही की योजनावार उपलब्धि की जानकारी ली. उन्होंने विभिन्न बैंकों के समन्वयकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए. उन्होंने जिले में संचालित कुछ बैंकों का साख अनुपात (क्रेडिट रेसियो) संतोषजनक नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने कई बैंकों को इसमें सुधार लाने को लेकर आगे की रणनीति, योजना पर चर्चा की और अविलंब प्रदर्शन में सुधार लाने को कहा. कहा गया कि बैंकों का साख अनुपात 40 फीसदी से कम नहीं हो, इसी लक्ष्य के अनुरूप सभी को काम करना है. उपायुक्त ने बैंकों से स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंक कराएं जाने की प्रगति की भी समीक्षा की. इस अवसर पर नाबार्ड के जिला इकाई द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए संभाव्यता युक्त ऋण योजना 24-25 नामक पुस्तक का उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने लोकार्पण किया.

मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की, जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खान, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, पीएम स्व निधि के प्रशांत कुमार, जिला उद्योग विभाग के प्रतिनिधि एवं विभिन्न लाइन विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

---

## सरस्वती पूजा कल, मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार



**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा आगामी 14 फरवरी को होगी. बेंगाबाद में सरस्वती पूजा की तैयारी जोर शोर से चल रही है. पूजा की तैयारी को लेकर विद्यार्थी वर्ग में उत्साह का माहौल है. वहीं पूजा को लेकर मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम स्वरूप देने में लगे हुए हैं. जगह जगह मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटे मूर्तिकार प्रतिमा की साज सज्जा में लगे हुए हैं. बेंगाबाद मुख्य बाजार में मूर्तिकार द्वारा प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है. मूर्ति निर्माण में लगे मूर्तिकार राजेश गोस्वामी ने बताया कि वह डेढ़ महीने से मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटे हुए हैं. डेढ़ माह में उन्होंने 35 मूर्तियां तैयार की हैं. इस काम में उनकी बेटी साथ दे रही है. राजेश ने बताया कि वह बेंगाबाद प्रखंड के तेलोनारी के रहने वाले हैं और बीते कई वर्षों से मूर्तियां बनाने का काम कर रहे हैं.

---

### नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार, नौकरी के नाम पर करते थे ठगी

## नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार नौकरी के नाम पर करते थे ठगी

**संवाददाता। गिरिडीह**



गिरफ्तार साइबर अपराधियों की जानकारी देती पुलिस.

**खास बातें**

- 25 मोबाइल फोन सहित कई दस्तावेज बरामद
- पोर्टल के माध्य से मिली सूचना पर की गई कार्रवाई

प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से मिली सूचना के आलोक में जिले की पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 25 मोबाइल फोन, 28 सिमकार्ड, 23 एटीएम कार्ड, 17 बैंक पासबुक, 4 पैन कार्ड और 13 आधार कार्ड बरामद किया है. उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर दी. गिरफ्तार अपराधियों में जमुआ थाना क्षेत्र के भूपतडीह निवासी चंदन कुमार, मोती कुमार साह व परगोडीह निवासी सिकंदर कुमार राय, हीरोडीह थाना क्षेत्र के चुंगलखार निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह, देवरी थाना क्षेत्र निवासी अभिषेक कुमार मिश्रा, सरिया थाना क्षेत्र के नगर केशवारी निवासी राजू मंडल, विकास कुमार मंडल, डुमरी थाना क्षेत्र के जामताड़ा निवासी मोहम्मद सिराज और हजारीबाग जिला के गोरहर थाना क्षेत्र निवासी दीपक कुमार शामिल है. एसपी ने बताया कि इस पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड चंदन कुमार है. एसपी ने बताया कि चंदन बजाज फाइनेंस कंपनी का फर्जी बैंक कर्मी बनकर लोगों को ठगने का काम करते थे. वहीं अन्य सभी साइबर अपराधी लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर तथा बजाज फाइनेंस कंपनी का कर्मी बनकर, वर्क फॉर होम का झांसा देकर, सेक्सटॉर्शन के जरिए और एस्कॉर्ट सप्लायर बनकर पैसे ठगने का काम करते थे.

एसपी ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से मिली सूचना के आलोक में डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश महतो, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन कुमार, पुअनि गौरव कुमार, सावन कुमार साहा, सअनि संजय मुखियार, गजेंद्र कुमार, सौरभ सुमन, साकेत और जितेंद्र नाथ महतो को शामिल किया गया. टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी.

---

## माहुरी वैश्य महामंडल की बैठक में वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा



**संवाददाता। गिरिडीह**

माहुरी वैश्य महामंडल अंतरंग समिति की बैठक रविवार देर शाम भंडारीडीह स्थित प्रधान कार्यालय में महामंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता की अध्यक्षता एवं संगठन मंत्री प्रदीप कुमार के संचालन में सम्पन्न हुई. बैठक के दौरान आगामी 2 और 3 मार्च को होने वाले माहुरी वैश्य महामंडल का 111वां वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा की गई. बिरनी प्रखंड के सिमराढाब, पलोंजिया घुज्जी मंडल में आहूत उक्त महाधिवेशन को सफल बनाने एवं माहुरी वैश्य महामंडल के मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. बताया गया कि माहुरी वैश्य महामंडल के वार्षिक अधिवेशन में 42 मंडल के अलावे बिहार, बंगाल, ओडिशा से करीब दस हजार लोग अधिवेशन में शामिल होंगे.

### अबुआ आवास को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित गावां पंचायत के दोनोसोत एवं खोटमनाय गांव के अबुआ आवास के लाभुकों के नाम डिलीट हो जाने को ले वार्ड सदस्य ने बीडीओ को आवेदन दिया हैं. वार्ड संख्या 16 के सदस्य भगवान मिस्त्री समेत बैजनाथ राम, अर्जुन यादव, सुरेश मुसहर आदि ने आवेदन देकर कहा है कि उनलोगों के द्वारा अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया गया था और सूची में उनका नाम भी आ गया था. सूची से 46 लाभुकों के नाम डिलीट हो गए हैं. ये सभी काफी गरीब व्यक्ति हैं. इस संबन्ध में पंचायत सेवक से शिकायत करने पर उल्टे धमकी भरे लहजे में बात करते हैं. ग्रामीणों ने बीडीओ से जांच कर नामों को जोड़ने की मांग की है.

### अश्लील व भड़काऊ गाने नहीं बजाने का निर्देश

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** सरस्वती पूजा को लेकर बेंगाबाद थाना में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में बीडीओ निशा कुमारी, सीओ प्रियंका प्रियदर्शनी, पुलिस इंसेक्टर ममता कुमारी, थाना प्रभारी विकास पासवान सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण ढंग माहौल में मनाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया. मौके पर अधिकारियों ने पूजा के दौरान डीजे पर प्रतिबंध रखने का निर्देश दिया. वहीं अश्लील एवं भड़काऊ गाने नहीं बजाने की सख्त हिदायत दी गई. इस क्रम में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है.

## डीएवी ललपनिया में स्वामी दयानंद की जयंती मनाई गई

**संवाददाता। बेरमो**



डीएवी पब्लिक स्कूल टीटीपीएस ललपनिया के प्रांगण में आर्य समाज के संस्थापक और महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई. मौके पर प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा, वरिष्ठ शिक्षक राम निवास राय तथा धर्म शिक्षक मनोज कुमार शास्त्री ने वैदिक हवन का आयोजन किया, जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं ने भाग लिया. सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वामी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. कक्षा नवम के सुमित कुमार साव और शांभवी महतो ने स्वामी दयानंद सरस्वती के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला. धर्म शिक्षक मनोज कुमार शास्त्री ने गुलाम भारत में आर्य समाज द्वारा चलाए गए शुद्धि आन्दोलन तथा अन्य धार्मिक आडंबरों के विरोध को आजादी की लड़ाई की पृष्ठभूमि बताई.

---

## डीलर ने बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया, गिरफ्तार

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

बोकारो जिले के कसमार थानाक्षेत्र स्थित मंजूरा गांव में एक जनवितरण प्रणाली दुकानदार (डीलर) द्वारा राशन लेने गयी 12 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इधर कसमार थाना में पीड़िता की मां ने आवेदन देकर कहा है कि वह पिछले एक साल से अपनी 12 वर्षीय बेटी के साथ अपने मायके मंजूरा में ही रह रही है.बीते 11 फरवरी की शाम 5 बजे उक्त बच्ची अपनी मामी के गांव के डीलर कृपा शंकर जायसवाल के पास चावल लेने गई थी. चावल लेने के क्रम में डीलर ने बच्ची का हाथ पकड़कर घर के अंदर रूम में ले गया और गलत हरकत करने लगा. इस बीच जब बच्ची चिल्लाने लगी तब कृपाशंकर जायसवाल ने उसे धमकी दी कि यह सब किसी को बोलेगी तो जान से मार देंगे. पीड़िता की मां ने कसमार थाना प्रभारी को इस संदर्भ में आवेदन देकर दुष्कर्म एवं छेड़छाड़ के आरोपी डीलर पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.

### नाबालिग का यौन शोषण के बाद गर्भपात, केस दर्ज

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना अंतर्गत तेलोनारी पंचायत से एक 13 वर्षीय नाबालिग के साथ यौन शोषण और गर्भवती होने पर गर्भपात कराने का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले में पीड़िता के परिजन के आवेदन के आधार पर आरोपी युवक उसकी मां और बहन के विरुद्ध पोक्सो एक्ट एवं भादवि की अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है. केस दर्ज होने के बाद बेंगाबाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल और आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी हुई है.

## टेंपो की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत, दो गंभीर

**संवाददाता। साहिबगंज**



सोमवार को बरहेट थाना क्षेत्र के दुमका साहिबगंज मुख्य सड़क अंतर्गत छोटा कदमा गांव स्थित टेंपो एवं मोटरसाइकिल की टक्कर से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए . बताया जा रहा है कि टेंपो धर्मपुर से बरहेट की ओर जा रहा था ,जबकि मोटरसाइकिल चालक बरहेट से पाडेरबथान की ओर जा रहा था, इस दौरान टेंपो की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं मोटरसाइकिल चालक पाडेरथान निवासी हीरू मुर्मू (25), पत्नी लुखी बास्की (20) और उसके साथ डोके मुर्मू (30) पाडेरबाथान के रहने वाले बताए जा रहे हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक हीरु मुर्मू एवं उनके साथी डोके मुर्मू पाकुड़ जिला के मुकरी गांव दिनाजपुर देखने गया था, दोनों मेले से वापस अपने घर पाडेरबाथान की ओर जा रहे थे. इसी दौरान धर्मपुर से बरहेट की ओर आ रहे टेंपो ने मोटरसाइकिल चालक जे एच 18 एल 4852 को टक्कर मारकर फरार हो गया. जबकि मोटरसाइकिल चालक हीरु मुर्मू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना ए एस आई महानंद ओझा घटनास्थल पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया.

### सहायक शिक्षक गंभीर रूप से घायल

**बेंगाबाद(गिरिडीह)।** बेंगाबाद मधुपुर मार्ग पर रविवार की रात एक पिकअप वैन की टक्कर से घुठिया निवासी सहायक शिक्षक मो. जहीरुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गिरीडीह रेफर कर दिया गया है. दुर्घटना के बाद बेंगाबाद पुलिस ने पिकअप वैन को छोटकी खरगडीहा के समीप पकड़ा और चालक को हिरासत में लिया. इस मामले में घायल व्यक्ति के पुत्र मो. आरीफुद्दीन के आवेदन के आधार पर बेंगाबाद पुलिस ने थाना में कांड अंकित करते हुए पिकअप वैन के चालक बिहार के आरा जिला के संदेश निवासी मो. अब्दुल आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.




---

### गिरिडीह | रांची में ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी सेमिनार का आयोजन

## अभिजीत को मिला बेस्ट एक्टिव रेफरी का सम्मान

**संवाददाता। गिरिडीह**



**खास बातें**

- विभिन्न प्रांतों के दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया
- गिरिडीह से भी दो प्रतिभागी सेमिनार में शामिल हुए थे

झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम स्थित आरके आंनद ग्रीन बॉल स्टेडियम में बीते 9 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी सेमिनार में गिरिडीह के अभिजीत सिंह को बेस्ट एक्टिव रेफरी के सम्मान से सम्मानित किया गया. उक्त जानकारी गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने दी. उन्होंने बताया कि इस सेमिनार का आयोजन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में कराया गया था. जिसमें पूरे भारत के विभिन्न प्रांतों से 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया था. जिसमें गिरिडीह से दो प्रतिभागी पूजा कुमारी और अभिजीत सिंह शामिल हुये थे.

**सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण:** बताया गया कि इस सेमिनार में बतौर प्रशिक्षक कर्नाटका के अंतर्राष्ट्रीय रेफरी डॉ. थिरुमल जे पहुंचे थे. जिन्होंने तीन दिनों तक सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया.सचिव स्वर्णकार ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत अलग अलग केटेगरी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले रेफरियों की एक सूची बनाई. जिन्हें सेमिनार के समापन समारोह में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रभात शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया. जिसमें गिरिडीह के अभिजीत सिंह को बेस्ट एक्टिव रेफरी के रूप में सम्मानित किया गया. गिरिडीह के अभिजीत सिंह की इस उपलब्धि के लिए ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रभात शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष गोपाल कुमार, गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष सुमिर कुमार शर्मा, संरक्षक निर्भय कुमार शाहबादी, महासचिव अमित स्वर्णकार एवं संघ के सभी पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.



### पदमा में एनएच किनारे बड़ी वारदात, बीओआई के एटीएम को काटा, किसी को नहीं लग सकी भनक

# 21 लाख रुपये से भरे एटीएम को उखाड़ कर ले भागे बदमाश

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में इन दिनों बदमाशों के हौसले काफी बुलंद हैं. पदमा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर बदमाशों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. एक ओर बदमाशों ने चंपाडीह निवासी विक्रांत कुमार मेहता की स्कॉर्पियो (जेएच 02 एई 8377) गाड़ी चोरी कर ली, तो दूसरी तरफ रोमी बंगला स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन को ही उखाड़ कर ले गए. दोनों घटनाएं रविवार देर रात की हैं.

बताया जा रहा है कि एनएच किनारे स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन में 20,92,700 रुपये थे. स्थानीय लोगों ने बताया कि हर रोज की तरह सोमवार सुबह भी कुछ लोग सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. अचानक एटीएम की-ऑक्स पर नजर पड़ी, तो शटर टूटा देखा. शक होने पर पास गए, तो देखा अंदर से एटीएम मशीन ही गायब था. इसके बाद लोगों ने बैंक मैनेजर और पदमा पुलिस को जानकारी दी. पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है. इस संबंध में बैंक मैनेजर ने पदमा थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है. उन्होंने बताया है कि एटीएम में 20 लाख 92 हजार 700 रुपये थे. गौरतलब हो कि बीते साल 26 जुलाई की देर रात बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत चौक के पास जीटी रोड किनारे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन को चोर काट कर ले गए थे. एटीएम में 18.11 लाख रुपये थे.





बैंक के द्वारा भारी लापरवाही बढ़ती जा रही है. वह दिन में गार्ड रखते हैं और रात में हटा देते हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी मिली है कि शुक्रवार को एटीएम में लगभग 21 लाख रुपये डाले गए थे. चोरी के वक्त एटीएम में कितना पैसा था, इसकी पुष्टि नहीं हुई है.
– अरविंद कुमार सिंह एसपी, हजारीबाग.

**अपराधी बेलगाम**
- पिकअप से आए थे बदमाश, एटीएम लाद कर ले गए
- मॉर्निंक वॉक कर रहे लोगों ने पुलिस को दी जानकारी

**चोरों ने सीसीटीवी को कपड़े से ढंक दिया था**

इधर, घटना को लेकर पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की रिकॉर्डिंग के मुताबिक, बीती देर रात बदमाश पिकअप वैन लेकर आए थे. रात करीब सवा 12 बजे बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम मशीन को उखाड़ा और फिर पिकअप वाहन में लाद कर फरार हो गए. सबसे बड़ी बात है कि जहां एटीएम है, उससे कुछ ही दूरी पर मकान मालिक का घर है. इसके बावजूद चोरों ने बड़ी हिम्मत की. वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को कपड़े से ढक दिया था, जिसके कारण कुछ रिकॉर्ड नहीं हो पाया.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बने सीडी सिंह



**रामगढ़।** रांची स्थित आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम में रविवार को आयोजित झारखंड एथलेटिक्स संघ का वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से चितरपुर प्रखंड निवासी सीडी सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है. इस निर्णय से खेल क्षेत्र में लोगो में हर्ष है. इंडिया ओलंपिक संघ से आब्जर्वर कमल मित्रा, झारखंड ओलंपिक संघ के आब्जर्वर शैलेंद्र पाठक और रिटर्निंग ऑफिसर झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता तेज नारायण दुबे की देखरेख में आम सभा के साथ आम चुनाव भी संपन्न कराया गया. इसमें झारखंड एथलेटिक्स संघ की नई कमेटी 2024-28 का गठन भी किया गया. इस आम सभा में झारखंड के सभी जिले के सचिव व उनके रिप्रेजेंटेटिव मौजूद थे. उनके चयन पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी के अलावे खिलाड़ी, खेल प्रेमियों समेत खेल संघ के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.

### डीएवी बरकाकाना में मनी स्वामी दयानंद की जयंती



**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में स्वामी दयानंद की 200 वीं जयंती के अवसर पर विशेष हवन किया गया. इसके बाद उनके जीवन से संबंधित प्रकरण को जीवंत प्रस्तुति दी गई. स्वामी दयानंद आर्य समाज के संस्थापक के रूप में जाने जाते हैं. उन्होंने वैदिक ज्ञान को पुनः एक बार प्रकाशित करने का कार्य किया था. स्वामी दयानंद एक ओर रूढ़ियों के खिलाफ थे, तो दूसरी ओर कृणवन्तों विश्वमार्यम् के पक्षधर थे. इस अवसर पर वर्ग एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों ने नयानगर बरकाकाना कॉलोनी में प्रभात फेरी में भाग लिया. इससे पूर्व एलकेजी से षष्ठम तक के बच्चों ने सामूहिक हवन में भाग लिया. बच्चों का उत्साह चरम पर था. बच्चे स्वामी दयानंद की जय की गीत को पूरी तन्मयता के साथ गा रहे थे. उन्होंने जयघोष पूरी बुलंदी के साथ लगाए. उनकी ध्वनी से नयानगर बरकाकाना कॉलोनी का वातावरण गुंजायमान हो उठा. इस अवसर पर पूरे विद्यालय को विशेष रूप से सजाया गया था.

### किसानों को दी उपयोगी योजनाओं की जानकारी



**रामगढ़।** जिला कृषि एवं आत्मा के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को कैथा बीज गुणन प्रक्षेत्र में एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रादर्श प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. मेला में जिले के सभी प्रखंडों से आए कृषकों ने अपने प्रादर्श के साथ भाग लिया. बतौर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त उपस्थित थे. इस दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगा कर विभाग की किसानोपयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई. पशुपालन विभाग के द्वारा पशुधन विकास योजना के तहत 150 बत्तख चुजा, 10 बकरा-बकरी और गव्य विभाग के द्वारा 5 गायों का वितरण किया गया. वहीं, आत्मा द्वारा जलछाजन योजना के तहत 2 पंपसेट का वितरण किया गया. उत्कृष्ट कृषि प्रदर्श को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया. मेला में संयुक्त कृषि निदेशक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, आत्मा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### जयंत सिन्हा ने किया सीएपीएफ अकादमी का उद्घाटन



**हजारीबाग।** सांसद जयंत सिन्हा ने गांधी मैदान के दक्षिण गीता गर्ल्स हॉस्टल के नजदीक प्री रिक्रूटमेंट सीएपीएफ अकादमी का उद्घाटन किया. इस अवसर पर अकादमी के संचालक बीएसएफ से सेवानिवृत्त डिप्टी कमांडेंट एचके पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी ने पुष्प गुच्छ देकर सांसद का स्वागत किया. एचके पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अकादमी में पीएसटी, पीईटी रिटेन और मेडिकल फिटनेस की तैयारी करवाई जाएगी. इसके अलावा पर्सनालिटी डेवलपमेंट, स्पोकन इंग्लिश निःशुल्क सिखाया जाएगा. सांसद जयंत सिन्हा ने अकादमी के संचालक एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग जिले के लिए यह प्रथम प्रयास है कि इस तरह की सुविधा एक ही छत के नीचे प्राप्त हो रही है. मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सुरेश प्रसाद, अनिल सिन्हा सहित दर्जनों गणमान्य मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### स्वास्थ्य सेवाओं के कई पदों के लिए हुई परीक्षा

**हजारीबाग।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी तथा सुदृढ़ीकरण के मद्देनजर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के मद से पांच अलग-अलग श्रेणियों में विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया. इसमें स्वास्थ्य प्रबंधक के 2 पद, लैब टेक्नीशियन के 15 पद, ऑप्टोमेट्रिस्ट के 4 पद, ओटी टेक्नीशियन के 13 पद तथा इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन के एक पद के लिए परीक्षा हुई. जिला स्कूल हजारीबाग में परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 139 अभ्यर्थियों ने भाग लिया.

### मुखिया पति पर परेशान करने का लगा आरोप

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के चार लोगों ने पेलावल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. दिए आवेदन में मुज्जफर आलम, नेहाल आलम, शबनम आरा, नुरजहां ने खुटरा पंचायत की मुखिया वाजदा खातून के पति मो. तासीर पर अपने पद एवं पावर का धौंस दिखा कर उनके परिवार को मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है. मुज्जफर आलम ने बताया है कि जमीन विवाद को लेकर मुखिया पति ने छेड़छाड़ और लूटपाट का झूठा आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है. जबकि, इस तरह की कोई भी घटना नहीं हुई है.

### महिलाओं के लिए लगा क्षमता संवर्धन शिविर

**हजारीबाग।** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का क्षमता संवर्धन शिविर सह महासम्मेलन का आयोजन विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी और बगोदर विधायक प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया.

### पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के छड़वा डैम काली मंदिर कंचनपुर में श्री श्री 1008 श्री पांच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ को लेकर गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. काली मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकल कर छड़वा डैम पहुंची. यहां से कलश में जलभरी कर मंदिर प्रांगण पहुंची. महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा के बाद संध्या आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया. वहीं, 13 फरवरी को प्रचंड पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, पाठ प्रारंभ, वेदी प्रतिष्ठा पूजन होगा.

### वन विभाग के मजदूरों को 11 महीने से नहीं हुआ है भुगतान

# दाने-दाने के लिए मोहताज

**आर्थिक संकट**
- बकाया भुगतान को लेकर 17 मजदूरों ने दिया धरना
- डीएफओ ने दिया जल्द बकाया भुगतान करने का आश्वासन

संवाददाता। हजारीबाग

इन दिनों बड़कागांव उरीमारी वन विभाग में काम करनेवाले मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. इन मजदूरों को पिछले कई महीनों से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है. इससे इन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. यहां मजदूरी करनेवाले संजुल मांझी, मंगरा मुंडा, लालधारी मुर्मू, दशरथ करमाली, प्रमोद यादव, अभिषेक कुमार, राकेश यादव, देवराज मांझी, सुरजी देवी, सरिता देवी, विजय बेड़िया, राजू उरांव, शंकर गोप, शिवनाथ महतो, ओमनाथ, दिलीप मुंडा और डामर लाल प्रजापति को मेहनताना राशि का भुगतान नहीं किया गया है.

हालांकि, कुछ नए मजदूर भी हैं. बड़कागांव उरीमारी फॉरेस्ट विभाग में कार्यरत 17 मजदूर जैसे-तैसे व्यवस्था कर सोमवार को हजारीबाग वन विभाग कार्यालय पहुंचे. पहली बार पहुंचे इन मजदूरों को यह भी पता नहीं था कि पूर्वी रेंज में जाएं या पश्चिमी रेंज में. बहुत देर के बाद उन्हें वन विभाग का कार्यालय मिला और वहीं धरने पर बैठ गए. इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कई मजदूर भावुक भी हो गए. अपना दर्द जाहिर करते हुए कोई दिनभर भूखे रहने की बात कह रहा था, तो कोई आर्थिक संकट के कारण हो रही परेशानी को बयां कर रहा था.

इसके बाद इन मजदूरों की डीएफओ, हजारीबाग पश्चिमी रेंज सबा आलम से वार्ता हुई. डीएफओ ने इन सभी का बैंक खाता नंबर मांगा और जल्द ही पैसे के भुगतान का आश्वासन देकर भेज दिया. इस संबंध में मजदूर ने बताया कि हमारा क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित था. हम पहले भी परेशान थे और परिवार का पेट चलाने के लिए कभी-कभी अपराध की दुनिया में जाने का विचार भी आता था. लेकिन कोई भी गलत काम करने से बचते रहे और मजदूरी कर कमाने-खाने का ही मन बनाया. लेकिन, कोविड काल से वन विभाग में कम मजदूरी का भुगतान किया जाने लगा.





वन विभाग में कार्यरत कुछ मजदूरों का पैसा बकाया है. पहले फंड नहीं था, मगर अब फंड आ चुका है. इन्हें जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा.
– सबा आलम, डीएफओ पश्चिमी रेंज, हजारीबाग.

**पैसे नहीं मिलेंगे, तो परिवार का भरण-पोषण कैसे होगा : मजदूर**

मजदूरों ने कहा कि वन विभाग को समझना चाहिए कि हम मजदूर अपना और परिवार का पेट भरने के लिए काम करते हैं. पैसे का भुगतान नहीं होगा, तो हमारा परिवार कैसे चलेगा. अगर सरकारी कर्मी को एक दिन का भुगतान नहीं होता है, तो वह तरह-तरह के हथकंडे अपनाने लगते हैं. कभी धरना, तो कभी सड़क जाम करते हैं. वहीं, हम मजदूर हैं, तो क्या हमें पैसा की आवश्यकता नहीं होती है. ऐसी परिस्थिति में हम अपने घर परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की की पढ़ाई-लिखाई, दवाई आदि के लिए पैसा कहां से लाएं.

**सिर्फ टालमटोल ही करते रह गए पूर्व रेंज अफसर छोटेलाल**

मजदूरों ने यह भी कहा कि हम लोगों में किसी का 28 दिन, किसी का 11 माह, तो किसी का 4 माह का भुगतान बकाया है. मजूदर राकेश यादव और देवराज मांझी ने बताया कि पूर्व रेंज अफसर छोटेलाल हमलोगों को केवल आश्वासन देते रहे. कभी आधार नंबर, तो कभी बैंक का खाता नंबर मांगते रहे और अंत में वे रिटायर हो गए. लेकिन, सच्चाई यह है कि रेंज अफसर छोटे लाल हम गरीबों का ही पैसा अपने घर में 45 लाख बेटी की शादी में खर्च करने के लिए रखे थे, जो चोरी हो गई थी. हालांकि, बाद में पैसा मिल गया.

**मजदूरों का आरोप निराधार : पूर्व रेंज अफसर**

सेवानिवृत्त रेंज अफसर छोटेलाल ने बताया कि मजदूरों को काम पर रखा गया था, जिसका भुगतान डीएफओ कार्यालय से होगा. इनमें कुछ मजदूरों के पास आधार कार्ड, तो किसी के पास अकाउंट नंबर नहीं था. इसलिए, उन्हें भुगतान करने में विलंब हुआ. वहीं, मजदूरों द्वारा लगाए गए 45 लाख रुपये गबन करने के आरोप पर कहा कि यह आरोप सरासर गलत और निराधार है. उक्त रकम कर्ज पर लिए थे, जो चोरी हो गई. इस संबंध में थाने में केस भी दर्ज कराया था. पुलिस ने पैसे बरामद कर कोर्ट में जमा करा दिए हैं.

### एंटी करप्शन कमेटी के अध्यक्ष बने अभिषेक

**हजारीबाग।** नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की एक बैठक डीवीसी भूमि संरक्षण कार्यालय के सभागार में सोमवार को हुई. मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में संगठन के मूलभूत उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में बढ़-कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया. इस दौरान अभिषेक कुमार को जिला सचिव से पदोन्नति कर प्रदेश अध्यक्ष का पदभार दिया गया. स्थानीय संगठन का पुनर्गठन करते हुए राकेश ठाकुर को जिला अध्यक्ष, सुबोध कुमार को जिला सचिव, रविंद्र कुमार को जिला उपसचिव, अजय पांडे को उपाध्यक्ष, संजय उपाध्याय को जिला महामंत्री, नंदकिशोर सावंत को जिला संयुक्त सचिव और राजकुमार को जिला युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया.

### पेलावल व टाटीझरिया में शांति समिति की बैठक

**कटकमसांडी।** सरस्वती पूजा को लेकर पेलावल और टाटी झरिया थाना में सोमवार को शांति समिति का बैठक हुई. अध्यक्षता अंचल अधिकारी ने की. इस दौरान जानकारी दी गई कि सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में चलंत डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा. किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई. वहीं, अफवाह फैलाने वाले पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी. मौके पर उपस्थित कटकमसांडी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, पेलावल ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, समाजसेवी वीरेंद्र कुमार उर्फ बीरू, निसार खान, एजाज अहमद, रंजीत शर्मा, बबलू अंसारी, सरजू राम, रुस्तम खान, खुटरा पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार मिश्रा आदि थे.

# 1 क्विंटल गांजा के साथ 2 गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण

पुलिस ने गांजा की तस्करी में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इस संबंध मे पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात गुप्त सूचना मिली थी कि बरही की तरफ से एक पिकअप वैन (ओडी 14 एसी 1868) पर भारी मात्रा में अवैध गांजा लाद कर चौपारण होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है. इस आलोक में बरही एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया.

छापेमारी टीम ने पिकअप वाहन को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक गाड़ी को तेजी से भगाने लगा. इसके बाद पुलिस ने पीछा कर चोरदाहा चेकपोस्ट पर पिकअप को पकड़ा लिया. वाहन की तालाशी के क्रम में चार प्लास्टिक के बोरे में गांजा पाया गया. बोरा खोला गया, तो उसमें एक क्विंटल गांजा निकला, जिसकी बाजार में कीमत 50 लाख रुपये आंकी गई है. सख्ती से पूछताछ में चालक समेत दोनों लोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहार के गया जिला अंतर्गत गुरुआ थाना क्षेत्र के पचमा गांव निवासी जनेश्वर पासवान और अरवल जिले के मेंहदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ईस्माइलपुर गांव निवासी रवि कुमार के रूप में की गई है.

इनके तार छत्तीसगढ़ और बिहार के गांजा तस्करों से जुड़े हैं. दोनों को सोमवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. वहीं मामले में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. छापेमारी टीम में बरही एसडीपीओं के साथ चौपारण थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर, एएसआई मनोज कुमार सिंह, एएसआई सच्चिदानंद राय और चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.



नशे के सौदागरों के संबंध में जानकारी देते एसपी अरविंद सिंह व अन्य.

**मिली सफलता**
- पिकअप वैन से बिहार ले जाई जा रही थी गांजे की खेप
- छत्तीसगढ़ और बिहार के गांजा तस्करों से जुड़े हैं तार

### सड़क सुरक्षा माह के 29वें दिन हेल्थ कैंप

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 29वें दिन सोमवार को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए. इसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न बस स्टैंड बस पर व्यवसायिक वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच सह बीपी जांच शिविर लगाया गया. इस दौरान यात्रियों को भी जांच का लाभ दिया गया. डीटीओ बैद्यनाथ कामती तथा सड़क सुरक्षा टीम ने ड्राइवर तथा कंडक्टर की यात्रियों के साथ व्यवहार को लेकर काउंसलिंग भी की. इसके बादविभिन्न पेट्रोल पंप के समीप नो पेट्रोल नो हेलमेट का बैनर लगाते हुए पेट्रोल पंप मालिकों को सख्त हिदायत दी गयी. पेट्रोल पंप के सामने नुक्कड़ नाटक टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी नुक्कड़ नाटक की प्रदर्शनी भी की गयी. वहीं, जिले के विभिन्न चौक चौराहों यथा डिस्ट्रिक्ट मोड़, पीटीसी चौक, निलंबर पीतांबर चौक, नया बस स्टैंड, केबी महिला कॉलेज, सीसीआर हजारीबाग आदि स्थानों पर ई-रिक्शा चालकों, रिक्शा चालकों, गरीब एवं असहाय लोगो के बीच सड़क सुरक्षा संबंधी टी-शर्ट का वितरण किया गया.

# कुख्यात उग्रवादी इरफान गिरफ्तार

संवाददाता। चतरा

चर्चित कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड के मुख्य आरोपी व कुख्यात उग्रवादी टीपीसी कमांडर इरफान अंसारी व एक अन्य उग्रवादी को चतरा पुलिस ने चाईबासा से गिरफ्तार किया है. एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को धर दबोचा है. इरफान अंसारी पर हत्या, गोलीबारी, बानो में आगजनी समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं.

**हत्याकांड का मुख्य आरोपी है इरफान :** रांची जिले के रातू थाना क्षेत्र के पिर्रा में चार जनवरी को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. हत्या के तीन दिन बाद टीपीसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली थी. टीपीसी ने कारोबारी अभिषेक की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि उसे लगातार चेतावनी दी जा रही थी. उससे कहा जा रहा था कि संगठन का जो पैसा खाकर बैठा है, उसे वापस करे. उसे बार-बार पैसा वापस करने को बोला जा रहा था, लेकिन वह ध्यान नहीं दे रहा था. इसके अलावा क्षेत्र में जो भी कोयला का काम कर रहा था, उसे बंद करने के लिए बोला जा रहा था, लेकिन वह न तो वह काम बंद कर रहा था, न ही संगठन का पैसा वापस कर रहा था. जिस वजह से अभिषेक श्रीवास्तव पर फौजी कार्रवाई की गयी. कुछ महीने पहले बालूमाथ में कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू की भी हत्या की गई थी.

**2021 में भी इरफान की हुई थी गिरफ्तारी**

रांची पुलिस ने 10 अक्टूबर 2021 को शहर के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर टीपीसी के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था. इसमें इरफान अंसारी, अफरोज अंसारी, एजाज अंसारी, अरशद अली, अब्दुल्ला आलम,इकराम उल अंसारी, जमील खान, मैनुल अंसारी शामिल था. पुलिस ने इनके पास से एके-56 राइफल समेत तीन पिस्टल, 10 गोलियां, 1,62000 लाख रुपये नगद, फायरिंग में इस्तेमाल गाड़ी, 10 मोबाइल फोन, एक बाइक बरामद किया था. तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा ने बताया था कि कांके इलाके में कुछ दिन पहले जमीन कारोबारी बबलू मुंडा पर जानलेवा हमला हुआ था. इस हमले में भी टीपीसी उग्रवादियों का नाम सामने आया था.

**मिली सफलता**
- कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड में उपलब्धि
- गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने की कार्रवाई

### नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सिमराढाब में किराए की शिक्षिका के पढ़ाने के मामले ने पकड़ा तूल, प्रखंड प्रमुख बोले-

# डीएसई, बीईओ एवं सीआरपी की जांच रिपोर्ट संदेह के घेरे में

संवाददाता। टाटीझरिया

हजारीबाग के जिला शिक्षा अधीक्षक अपने क्रियाकलापों से इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. चाहे विद्यालयों में घटिया पोशाक आपूर्ति का मामला हो, या फिर मृत शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछे जाने का मामला. हाल के दिनों में टाटीझरिया प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सिमराढाब में किराए की शिक्षिका द्वारा पढ़ाए जाने वाले मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक को क्लीन चिट देने के मामला का काफी तूल पकड़ रहा है.

इन मामलों पर टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि उनके क्षेत्र में विद्यालयों में घटिया पोशाक की आपूर्ति की गई. सभी विद्यालयों में अब तक पूरे किट का वितरण नहीं हो सका है. इसके अलावे उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा-करमा में घोटाले में शामिल प्रधानाध्यापक को पुनः उसी विद्यालय में योगदान देने का का निर्देश समझ से परे है. उक्त प्रधानाध्यापक ने विद्यालय को अपना चारागाह बना लिया है, जो पूर्व की जांच रिपोर्ट से स्वयंसिद्ध है.

वहीं, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सिमराढाब के मामले में 8 फरवरी को बीईओ और सीआरपी के जांच प्रतिवेदन पर प्रमुख ने हैरानी जताई. कहा कि सूचना मिली थी कि जांच के लिए इनके साथ डीएसई भी गए थे. प्रमुख ने इन सभी मामलों को दिशा की बैठक में उठाने की बात कही है. साथ ही कहा कि टाटीझरिया से खंभवा होते धरमपुर और झरपो से साड़म तक सड़क मरम्मती कार्य नहीं होने के मुद्दे को भी उठाएंगे.



बीते दो फरवरी को विद्यालय में जांच कर रहे प्रमुख संतोष मंडल (फाइल फोटो).

**उठे सवाल**
- जांच में प्रभारी प्रधानाध्यापक को दे दी गई क्लीन चिट
- दिशा की बैठक में उठाया जाएगा मुद्दा : संतोष मंडल

**दागदार प्रधानाध्यापक के पुनः योगदान पर सवाल**

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा-करमा के तत्कालीन प्रधानाध्यापक भगीरथ पंडित पर कई गंभीर आरोप जांच दल के सदस्यों द्वारा लगाए गए थे. उसके बाद उन्हें स्पष्टीकरण पूछते हुए दूसरे विद्यालय में प्रतिनियोजित किया गया था. लेकिन, जिला शिक्षा अधीक्षक ने दो फरवरी को पत्र जारी कर भागीरथ पंडित को फिर से उसी विद्यालय में भेज दिया गया है. विद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष अरविंद केसरी ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि इन्हें फिर से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए यहां भेज दिया गया है, जो बिलकुल गलत है. उन्होंने कहा कि वह भ्रष्टाचार का खुलासा किए और सजा उन्हें ही दे दी गई. उन्हें और उनकी समिति को ही भंग कर दिया गया और लंबे समय से तदर्थ कमेटी के भरोसे विद्यालय चलाया जा रहा है.

# मानवाधिकार संगठन में मेडिकल सेल के प्रदेश संयोजक बने सुरेंद्र

संवाददाता। रामगढ़

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के चेयरमेन और ब्रांड एंबेसडर मोहित नवानी, राष्ट्रीय महासचिव राज कुमार राज, राष्ट्रीय संयोजक अजय मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक तिवारी की उपस्थिति में संगठन के मेडिकल सेल का गठन किया गया. झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने सुरेन्द्र कुमार पांडेय को संगठन के मेडिकल सेल के प्रदेश संयोजक पद पर मनोनीत किया है. वहीं प्रभु शंकर सिंह को प्रदेश सचिव बनाया गया है.

अपने मनोनयन पर दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर निश्चित तौर पर खड़ा उतरने की कोशिश करूंगा. गरीब, असहाय और जरुरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा. साथ ही मानवाधिकार की रक्षा और अपराध नियंत्रण पर अंकुश के लिए संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्याओं का निदान किया जाएगा. दोनों के मनोनयन पर कई लोगों ने बधाई दी.

**मिली जिम्मेदारी**
- प्रभु शंकर सिंह को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी
- पदाधिकारियों ने जरूरतमंदों की सेवा पर दिया जोर



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** खर्च भाव मे चंद्रमा है. गलत कार्य और लोगों से बचें. धन के साथ साथ प्रतिष्ठा में वृद्धि होगा. किसी खास चीज अच्छा लाभ का योग है. सहकर्मियों से मनमुटाव हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें. दुर्गामाता का पूजन करें.

**वृषभ** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. दोपहर के बाद समय बहुत ही अनुकूल है. अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी दोस्त से धोखा मिल सकता है. आंखें बंद करके किसी पर विश्वास ना करें. गौ माता का सेवा करें.

**मिथुन** समय अनुकूल है. आय भाव में चन्द्र है. सात्विक आय ज्यादा लाभकारी होगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार ना दें.

**कर्क** योगकारक समय है. कोई बड़ा लाभ होगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत भी सितारे दे रहें हैं. किसी विवाद में ना पडें. धन आगमन से मन खुश होगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** धर्म से भाग्य उदय होगा. कर्म के लिए दिन अच्छा है. मनोरंजक होगी. ससुराल से अच्छा लाभ का मौका दिख रहा है. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य ना करें.

**कन्या** थोड़ा मानसिक तनाव होगा. पर भाग का साथ मिलेगा. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास ना करें. यात्रा का योग है.

**तुला** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. कोई नया कार्य कर सकते हैं. शौक की तरफ रुझान रहेगा जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं. कोई बड़ा बदलाव होगा.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. मानसिक उलझन वाला दिन होगा. एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. शिवलिंग पर दूध का अर्पण करें.

**धनु** कार्य मे बिलंब होने से मन खिन्न होगा. संतान के कार्य पर नजर रखें. धर्म से सही मार्ग मिलेगा. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस वना खोएं. काला वस्तु का दान करें.

**मकर** आपके प्रभाव से अच्छे लाभ का योग है. पर किसी से विवाद नही करें. माता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भारी पड़ सकता है. दुर्गा माता का ध्यान करें. जूता और अन्न का दान करें.

**कुंभ** भाई का सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा. शिक्षा में बदलाव होगा. नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही ना बरतें. स्वस्थ्य पर विशेष ध्यान दें.

**मीन** समय सामान्य है. पर किसी से विवाद होगा. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें.

### बिहार के अंकोरहा-सोननगर के बीच थर्ड लाईन में तेजी से चल रहा है काम

# पुरुषोत्तम एक्स. समेत कई ट्रेनों के रूट में बदलाव

संवाददाता। जमशेदपुर

बिहार के अंकोरहा और सोननगर स्टेशन के बीच थर्ड लाईन के लिए एनआई वर्क को लेकर टाटानगर होकर चलने वाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेन के रूट में बदलवा किया गया है. वहीं, चार ट्रेन को रद्द करने का भी फैसला लिया गया है. रेलवे ने इसको लेकर सर्कुलर जारी किया है. रेलवे द्वारा जारी किए गए सर्कुलर के अनुसार, ट्रेन नंबर 12801 पूरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 21 और 22 फरवरी को गोमो-गया-पंडित दीनदयाल होकर नहीं चलकर पुरुलिया-मूरी-बरकाकाना-चोपन-चुनार होते हुए चलेगी, जबकि ट्रेन नंबर 12802 नई दिल्ली-पूरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 21 और 22 फरवरी को चुनार-चोपन-बरकाकाना-मुरी और पुरुलिया होते हुए चलेगी.



**ट्रेन रद्द**

- चार ट्रेनों को किया गया है रद्द करने का लिया गया फैसला
- रेलवे ने इस फैसले को लेकर सर्कुलर जारी कर दिया है

**इन ट्रेनों के रूट में बदलाव**

- ट्रेन नंबर 18311 विशाखापट्टनम-बनारस साप्ताहिक 14,18 और 21 फरवरी को बरकाकाना-हजारीबाग टाउन-कोडरमा-गया होते हुए चलेगी जबकि ट्रेन नंबर 18312 बनारस-विशाखापट्टनम साप्ताहिक 15,19 और 22 फरवरी को गया-कोडरमा-हजारीबाग टाउन और बरकाकाना होते हुए चलेगी.
- ट्रेन नंबर 12825 रांची-आनंद विहार संपर्क क्रांति 15 और 19 फरवरी को मुरी-बरकाकाना-चोपन-चोपन-चुनार होते हुए चलेगी जबकि 12826 आनंद विहार-रांची संपर्क क्रांति 17 और 21 फरवरी को चुनार-चोपन-बरकाकाना और मुरी होते हुए चलेगी.
- ट्रेन नंबर 12877 रांची-दिल्ली गरीबरथ 16,19, 20 और 23 फरवरी को गढ़वा रोड-चोपन-चुनार होते हुए चलेगी जबकि ट्रेन नंबर 12878 दिल्ली-रांची गरीब रथ 15,18,20 और 22 फरवरी को चुनार-चोपन और गढ़वा रोड होते हुए चलेगी.
- ट्रेन नंबर 20407 रांची-दिल्ली राजधानी 15 और 22 फरवरी को गढ़वा रोड-चोपन-चुनार होते हुए चलेगी जबकि ट्रेन नंबर 20408 दिल्ली-रांची राजधानी 14 और 21 फरवरी को चुनार-चोपन और गढ़वा रोड होते हुए चलेगी.

**ये ट्रेन रहेंगी रद्द**

- ट्रेन नंबर 18611 रांची-बनारस एक्सप्रेस 15,16,17,19,20 और 22 फरवरी को रद्द रहेगी.
- ट्रेन नंबर 18612 बनारस-रांची एक्सप्रेस 16,17,18,20, 21 और 23 फरवरी को रद्द रहेगी.
- ट्रेन नंबर 18635 रांची-सासाराम एक्स. 14,15,16,17, 19, 20, 21, 22 और 23 फरवरी जबकि 8636 सासाराम-रांची एक्स. 15, 16, 17, 18,20, 21, 22, 23 24 फरवरी को रद्द रहेगी.

### रंका में कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी

# 14-15 को गढ़वा और पलामू में रोड शो करेंगे राहुल गांधी

संवाददाता। रंका (गढ़वा)।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस सासंद राहुल गांधी 14-15 फरवरी को गढ़वा और पलामू में रोड शो करेंगे. राहुल गांधी की न्याय यात्रा 14 फरवरी को सुबह आठ बजे छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के रामानुजगंज से रंका (गढ़वा) में प्रवेश करेगी. गोदरमाना के सर्वोदय उच्च विद्यालय के मैदान में राहुल गांधी की एक सभा होगी. जहां पर राहुल हजारों की संख्या में पलामू प्रमंडल सहित प्रदेश के विभिन्न जगहों से आये कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे. राहुल के साथ कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार भी मौजूद रहेंगे. राहुल के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजेंद्र चौधरी और गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने संयुक्त रूप से दी.

**गढ़वा जिला मुख्यालय में भी तैयारियां जोरों पर**

विजेंद्र चौधरी और ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने बताया कि लंबे अरसे के बाद रंका में कांग्रेस के किसी बड़े नेता का आगमन होने वाला है. इसको लेकर झारखंड प्रदेश के पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर 10 फरवरी को रंका दौरा कर सारी तैयारियों का जायजा ले चुके हैं. कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रही है. कार्यक्रम को लेकर जगह-जगह पर गेट का निर्माण किया गया है. राहुल गांधी के आगमन को लेकर गढ़वा जिला मुख्यालय में भी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है. कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पूर्व मंत्री बादल पत्र लेख, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राजद जिला अध्यक्ष सूरज कुमार सिंह, झारखंड प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम सहित कई बड़े कांग्रेसी नेता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे.

### बाबूलाल मरांडी ने भगवा ध्वज दिखाकर ट्रेन किया रवाना

# संजय सेठ सहित 1328 रामभक्त गए अयोध्या

संवाददाता। रांची

सांसद संजय सेठ सहित 1328 रामभक्तों को लेकर आस्था ट्रेन सोमवार को अयोध्या के लिए रवाना हुई. इसमे रांची लोकसभा के रामभक्त शामिल थे. ये सभी अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भगवा ध्वज दिखाकर ट्रेन को रवाना किया. इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी रामभक्त भाग्यशाली है कि चंद घंटों में आप अयोध्या में भव्य एवं दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन करेंगे. उन्होंने कहा कि राम मंदिर सिर्फ प्रभु राम का मंदिर नहीं भारत का मंदिर है... राष्ट्र का मंदिर है... 1992 में जब मैं गया था तब वहां प्रभु श्रीराम टेंट मे हुआ करते थे. आज वहां भव्य एवं दिव्य मंदिर बन कर तैयार है और भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को दुनिया के पटल में प्रकाशमय कर रहा है. अयोध्या का राम मंदिर देश के एक-एक सनातनियों के साथ जुड़ा हुआ है. भारत की पहचान राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा से है. जो भारत को जानना और समझना चाहते है वो इन सभी देवी-देवताओं और महापुरुषों को जाने बगैर भारत को नहीं जान सकते.

**प्रभु श्री राम ने आप सभी को अपने पास बुलाया है : कर्मवीर सिंह**

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम ने आप सभी को अपने पास बुलाया है.हमारे पूर्वजों के लंबे संघर्ष के बाद आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर मिला है. जिस प्रकार प्रभु श्री राम 14 वर्षों के यात्रा में अनुशासन के साथ रहे उसी अनुशासन के साथ रामभक्तों को भी अनुशासन का पूर्ण पालन करने को कहा. सभी राम भक्त वहाँ से पूजा का प्रसाद और स्मृतियों को संजो कर वापस आएंगे और अपने-अपने गांव-मोहल्लों में लोगो के बीच बैठकर प्रसाद वितरण करेंगे साथ ही उस भव्य मंदिर का चित्रण करेंगे कि पहले रामलला टेंट में थे और अब विशाल मंदिर में विराजमान है.



**बोले बाबूलाल**

- अयोध्या में चंद घंटों में करेंगे रामलला का दर्शन
- अब राम मंदिर सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, भारत का मंदिर है

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, मनोज सिंह, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, शशिभूषण भगत, योगेंद्र प्रताप सिंह, बबन गुप्ता, वरुण साहू, सुरेंद्र महतो, सुबोध सिंह गुड्डू, संजीव विजयवर्गीय, रामकुमार पाहन, रमेश सिंह, नीरज सिंह, बलराम सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र पटेल, जितेंद्र वर्मा, सूरज चौरसिया, संजय जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, चंदन गुप्ता, धीरज महतो, विश्वजित सिंह, रोमित नारायण सिंह, अश्विनी सिखुजा, अनिता वर्मा, रामलगन राम, गुरुविंदर सिंह सेठी, सोनू सिंह, ज्योति सिन्हा, दिव्या साहू, विणा मिश्रा, नम्रता सोनी, धर्मवीर सिंह, सचिन साहू, तरुण दास, सहित कई लोग मौजूद थे.

# 18 आइएएस इधर-उधर, जमशेदपुर और साहेबगंज डीसी हटाए गए

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने 18 आइएएस अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है. अजय कुमार सिंह को कैबिनेट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. वंदना दादेल को कैबिनेट से हटा कर वन एवं पर्यावरण विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है. मनीष रंजन को भवन निर्माण और झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के एमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. अरवा राजकमल को जीआरडीए के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. उमाशंकर सिंह को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपोज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

**खास बातें**

- गरिमा सिंह को मिला लातेहार की कमान
- वंदना दादेल को मिली वन विभाग की जिम्मेवारी

**हटाए गए मंजूनाथ भजंत्री**

पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजंत्री का तबादला कर दिया गया है. उन्हें स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना का प्रशासक बनाया गया है. वहीं, पश्चिमी सिंहभूम के डीसी अन्नय मित्तल को जमशेदपुर का डीसी बनाया गया है.

**शशिरंजन को जेएसएमडीसी का प्रभार**

जियाडा के एमडी शशिरंजन को जेएसएमडीसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. सत्येंद्र कुमार को झारखंड राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक की जिम्मेवारी सौंपी गयी है. माधवी मिश्रा को झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन के एमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

**हेमंत सती को साहेबगंज की कमान**

गुमला के डीडीसी हेमंत सती को साहेबगंज की कमान सौंपी गई है। वहीं साहेबगंज के डीसी रामनिवास योदव को निदेशक उच्च शिक्षा की जिम्मेवारी सौंपी गई है. निदेशक उच्च शिक्षा के पद पर पदस्थापित गरिमा सिंह को लातेहार का डीसी बनाया गया है.

## कांडी में बाइक दुर्घटना में छात्रा हुई घायल

**कांडी (गढ़वा)।** प्रखंड के उच्च विद्यालय खरौंधा की वर्ग दसवीं की छात्रा नारायणपुर निवासी सीता कुमारी परीक्षा लिखने कांडी आने के दौरान मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने घर से कांडी हाई स्कूल में मैट्रिक की परीक्षा लिखने अपने भाई अजीत कुमार के साथ जाने के दौरान कन्या उच्च विद्यालय के पास बाइक सवार व्यक्ति ने टक्कर मारी जिसके बाद सीता के दाएं पैर में चोट आई है. दुर्घटना के बाद छात्रा को कांडी अस्पताल में इलाज करवाया गया. छात्रा के पैर में दो टांका लगाया गया. हाईस्कूल केन्द्राधिक्षिका विद्यानी ने खरौंधा के प्रधानाध्यापक से बात की और उसके परिजनों के द्वारा घायल छात्रा को सेंटर पर लाकर उसको परीक्षा हॉल तक पहुंचाया गया.

## यज्ञ में योगदान देनेवालों को किया गया सम्मानित

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर - 2 स्थित, ईडब्लूएस फ्लैट मैदान में विगत दिनों हुए भागवत कथा महायज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला मंत्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा एक वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह सह लिट्टी पार्टी सह का आयोजन सोमवार की शाम को किया गया. इस अवसर पर यज्ञ को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव समेत वार्ड 10 के बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाले बुजुर्गों में मुख्यरूप से तारकेश्वर तिवारी, राजेश्वर सिंह, प्रभुनाथ प्रसाद, बच्चा सिंह, कमेश्ववर सिंह, कुमार जी आदि शामिल थे. इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, पूर्व गृह सचिव जे बी तुबीद, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक सारंगी, भाजपा सिंहभूम लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू, जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव समेत क्षेत्र के अन्य गणमान्य उपस्थित हुए.

### सरयू राय ने सीएम को लिखा पत्र, कहा-

## स्वास्थ्य विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार करे कार्रवाई

प्रमुख संवाददाता। रांची

निर्दलीय विधायक सरयू राय ने सीएम चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करें. स्वास्थ्य विभाग के अवैध क्रिया-कलाप, वस्तुतः आपकी सरकार को बीमार बना रहे हैं. राय ने पत्र में कहा है कि जिस दिन आपकी सरकार विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त कर रही थी, उसी दिन 24 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति करने के आदेश की अधिसूचना स्वास्थ्य विभाग ने निकाला. इस अधिसूचना पर दो फरवरी को निवर्तमान स्वास्थ्य मंत्री के प्रियपात्र एक अवर सचिव का हस्ताक्षर था. राय ने कहा है कि 31 जनवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा त्यागपत्र दे दिए जाने के कारण राज्य में न कोई सरकार थी और न कोई मंत्री था. फिर किसके आदेश से यह अधिसूचना निकली? क्या तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने बैक डेट में फाइल पर दस्तखत किया और उनके चहेते अधिकारी ने दो फरवरी के डेट में अधिसूचना पर दस्तखत कर 5 फरवरी को अधिसूचना निर्गत कर दिया. क्या इसके लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे ?

# 43019 सखी मंडलों का गठन किया गया

सुकेश कुमार। चाईबासा

पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय स्थित खुटकट्टी मैदान में सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडल स्तरीय एक्स्पोज़र व क्षमता संवर्धन सह महिला महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया. कार्यक्रम में प्रमंडल के तीनों ज़िले की एसएचजी ग्रुप की महिलाएं शामिल हुईं. कार्यक्रम की शुरुआत सभी गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य सखी मंडल की महिला सदस्यों को सामाजिक, आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना, विभिन्न आजीविका माध्यमों का एक्सपोजर देना, महिलाओं का क्षमतावर्धन और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है. यह कार्यक्रम इन महिलाओं के लिए अपनी सफलता की कहानियों, सर्वोत्तम प्रथाएं, चुनौतियों एवं सहकर्मियों से सीखने का अवसर प्रदान करेगा.

**गरीब परिवारों के जीवन स्तर में बदलाव लाना**

सोसाईटी के गठन का मुख्य उद्देश्य राज्य से गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका प्रोत्साहन के लिए विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ गरीब परिवारों तक पहुंचाकर उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाना है. इस क्रम में प्रमंडल के 38 प्रखंडों के 580 पंचायतों में कुल 4577 ग्रामों में 43019 सखी मंडलों का निर्माण किया गया है. प्रमंडल में कुल 3363 ग्राम संगठनो एवं 157 संकुल संगठनों का निर्माण किया गया है. जिसके अंतर्गत 24864 सामुदायिक कैडर कार्यरत है.

## एल्बेंडाजोल दवा खाने से पांच बच्चे हुए बीमार

**कांडी।** प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्रावि बहेरा में अध्ययनरत पांच बच्चे कीड़ा की दवा एल्बेंडाजोल दवा खाने के बाद बीमार हो गए. घटना सोमवार दोपहर लगभग दो बजे की है. आनन फानन में विद्यालय के शिक्षकों ने 108 एम्बुलेंस से बीमार सभी बच्चों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया. जहां पर इलाज के बाद सभी बच्चे ठीक और खतरे से बाहर हैं. विद्यालय के शिक्षक जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य सहिया रीना देवी ने स्कूल में आकर सभी बच्चों को कीड़ा की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई थी.

# गुस्से में पिता ने अपने एक साल के बेटे को गला घोंट कर मार डाला

रोहित कुमार। जमशेदपुर

जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत सालगाझरी में एक पिता ने गुस्से में आकर अपने एक साल के बच्चे तनीश सरदार का गला दबा दिया. इस घटना में जब तनीश की स्थिति बिगड़ गई तब माता-पिता ने तनीश को तत्काल एमजीएम पहुंचाया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने तनीश को मृत घोषित कर दिया. घटना सोमवार सुबह 11 बजे की है. अस्पताल में तनीश के पिता से जब डॉक्टरों ने घटना के बारे में पूछा तो पहले माता-पिता बहाना बनाने लगे. जब कड़ाई से पूछताछ की तो पिता ने बताया कि गुस्से में आकर उसने बच्चे का गला दबा दिया जिससे तनीश की मौत हो गई. पुलिस के डर से परिजन तनीश के शव को अपने साथ घर ले गए. इस मामले में पुलिस को किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई. हालांकि सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी. मामला सही होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी.

**काबिलियत**

### बहुत कम खुशनसीब होते हैं, जो एक बैठक में पूरी कुरान सुनाने की ताकत रखते हैं

# दस घंटे में मुकम्मल कुरान सुनाते हैं हाफिज उस्मान

संवाददाता। रामगढ़

कुरान की नाजिल के बाद से हर जमाने में ऐसे लोग आते रहे हैं, जिन्होंने अपने सीने में कुरान को महफूज किया और यह सिलसिला आज भी जारी है. बहुत कम ऐसे खुशनसीब हाफिज होते हैं, जो एक बैठक में पूरा कुरान सुनाने की काबिलियत रखते हैं. ऐसा ही एक कारनामा चितरपुर निवासी तलत यूसुफ के पुत्र व चितरपुर के मदरसा जामिया अबु हुरैरा के हाफ़िज़ उस्मान गनी ने किया है. जिन्होंने केवल एक ही बैठक में पूरा कुरान पढ़ने का एक अजीम कारनामा को अंजाम दिया है. जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है. हाफिज उस्मान गनी ने केवल दस घंटों में मुकम्मल कुरान शरीफ़ को सुना डालते हैं. मदरसा के सचिव परवेज़ अहमद का दावा है कि पूरे रामगढ़ जिले में ऐसा कारनामा करने वाले चितरपुर निवासी हाफिज उस्मान गनी एकलौते हाफिज हैं. उन्होंने मौलाना मुजीब उल्लाह मज़ाहिरी की देखरेख में वर्ष 2021 में हिफ़्ज़ मुकम्मल किया था. हाफिज उस्मान गनी ने सोमवार को सुबह पांच बजे से केवल दस घंटों में पूरी कुरान शरीफ सुना डाला. इस दौरान अल्हाज परवेज अहमद, हाफिज मो अमान उल्लाह, मौलाना कारी अफजाल अहमद, हाफिज इरफान अहमद सहित कई हाफिज व मदरसे के पदाधिकारी मौजूद थे. हाफिज उस्मान गनी की इस उपलब्धि पर कई लोगों ने उन्हें व उनके वालिद को बधाई दी है. बधाई देने वालों में कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहज़ादा अनवर, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती सलाहुद्दीन, सदर दिलावर अली, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जका उल्लाह, पार्षद प्रतिनिधि यूसुफ मज़हर, मुखिया प्रतिनिधि सना उल्लाह, ज़ाहिद अहमद, दारुल क़ज़ा के काजी कलीम उल्लाह, ख़ालिद अहमद व मुदस्सिर अहमद शामिल हैं.



**उस्मान प्रतिभावान**

- ऐसा करने वाले जिले के एकलौते हाफिज हैं
- हाफिज के कारनामें से क्षेत्र में खुशी की लहर है

## विवाद के बाद पड़ोसी ने चला दी गोली, दो घायल

**जमशेदपुर ।** मानगो थाना अंतर्गत दाईगुट्टू साहू लाइन में विवाद के बाद अपराधी विकास तिवारी ने पड़ोसी पर गोली चल दी. इस घटना में शंकर सिंह और अनिल साव घायल हो गए. घटना के बाद परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. जहां दोनों का इलाज चल रहा है. दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार विकास का अजय साव के भतीजे के साथ घर के बाहर बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था. इसी बीच अजय मौके पर पहुंचा. विवाद बढ़ने के बाद विकास ने हथियार निकालकर गोली चला दी, जिससे गोली अजय और पास से गुजर रहे शंकर को छूते हुए निकल गई. विकास तिवारी मानगो में हुए छोटू पंडित हत्याकांड में सजायाफ्ता है.

**पेज एक का शेष**

## लोस चुनाव से पहले सरकार के लिए गले की हड्डी बना किसान आंदोलन...

असल में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ सफल आंदोलन के बाद एसकेएम में टूट हुई थी और कई किसान संगठनों ने एसकेएम से दूरी बनाई थी, मौजूदा वक्त में जो किसान संगठन इसमें बचे हुए हैं, उन्होंने 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद का ऐलान किया हुआ है. इसमें एसकेएम के साथ केंद्रीय ट्रेड यूनियन भी शामिल हैं. एसकेएम के बड़े चेहरों की बात करें तो डॉ दर्शनपाल सिंह मौजूदा वक्त में इसके संयोजक हैं. तो वहीं, बीकेयू के राकेश टिकैत, जयकिसान के अविक शाह, बलवीर सिंह राजेवाला, जोगेंद्र सिंह उगराहां शामिल हैं.

**किसानों को रोकने के लिए चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाः**

किसान आंदोलन को देखते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा के आदेश के बाद दिल्ली से सटे हरियाणा, पंजाब और यूपी के बॉर्डर पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई है. प्रदर्शनकारियों को बॉर्डर पर ही रोकने के लिए बॉर्डर को कटीले तार, सीमेंट के बैरिकेड से कवर किया जा रहा है. रिवर बेड पर ट्रेंच खोद दी गई है. वहीं, शंभू बॉर्डर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. पूरी दिल्ली में 12 फरवरी से 12 मार्च तक धारा 144 लागू कर दी गई है. 5,000 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया है जबकि, सड़कों को अवरुद्ध करने के लिए क्रेन और अन्य भारी वाहनों को तैनात किया है. दिल्ली पुलिस टिकरी बॉर्डर पर ड्रोन के जरिए निगरानी कर रही है. सिंघु बॉर्डर पर 3 लेयर सिक्योरिटी का प्लान बनाया गया है. इस बीच, गाजीपुर बॉर्डर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है. बैरिकेडिंग के साथ-साथ पूरे सिंघु बॉर्डर से लेकर मुकरबा चौक तक 16 किलोमीटर के रास्ते को 8 जोन में बांटा गया है. वहीं, हरियाणा सरकार ने भी आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत 15 जिलों में प्रतिबंध लगा दिए हैं. इन जिलों में पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन करने या ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ मार्च निकालने पर प्रतिबंध है. हरियाणा के फतेहाबाद में अस्थाई जेल बनाई गई है.

**किसानों ने की बैरिकेड्स हटाने की तैयारी, पुलिस के कान खड़ेः**

केंद्रीय खुफिया एजेंसी के एक अधिकारी के हवाले से खबर आयी है कि किसान भी बैरिकेड्स हटाने के लिए तैयारी कर रहे हैं. ट्रैक्टरों में हाइड्रोलिक उपकरण लगाए गए हैं. आंसू गैस के गोले से लड़ने के लिए आग प्रतिरोधी हार्ड-शेल ट्रेलर तैयार किए जा रहे हैं. उन्होंने इन संशोधित वाहनों के साथ अभ्यास भी किया है.

**पिछली बार सरकार के आश्वासन पर आंदोलन किया था स्थगित :**

बीते वर्ष जब किसानों द्वारा आंदोलन किया गया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से मांफी मांगते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लिया था. उसके बाद किसानों ने सरकार की बात पर भरोसा किया कि जल्द ही सरकार एमएसपी के लिए एक कमेटी गठित करेगी और एमएसपी को सुनिश्चित करने का निर्णय लेगी. उस बात को लेकर किसानों ने कहा था कि ये आंदोलन जिन मुद्दों पर किया गया है, उन मुद्दों पर सरकार ने अपनी ओर से सहमति दी है. इसलिए आंदोलन को स्थगित किया जाता है. मगर ध्यान देने योग्य बात यह है कि आंदोलन खत्म नहीं किया गया था. उस वक्त जब किसानों ने आंदोलन से वापसी की थी, तब उन्होंने घोषणा की थी कि आंदोलन को सरकार के निर्णयों तक स्थगित किया जा रहा है. बाद में समिति की कोई भी बैठक किसानों के प्रतिनिधियों और किसान जत्थेबंदियों के नेताओं के साथ उस प्रकार से नहीं हुई जिस प्रकार किसान चाहते थे. बार-बार किसान इंतजार करते रहे. जब वे कोरे आश्वासनों से थक गए तब वे अपने मुद्दे लेकर एक बार फिर से गंभीर हुए है और फिर से इस आंदोलन को शुरू करने का निर्णय लिया.

## सैन्य नियंत्रित लोकतंत्र

लोकतंत्र में आवाम के वोट पर किस तरह सैनिक शासक डाका डालते हैं, इसका ताजा उदाहरण पड़ोसी देश पाकिस्तान में देखा जा सकता है. वैसे भी पाकिस्तान में लोकतंत्र एक दिखावा ही रहा है. बावजूद इसके लोकलाज का भी एक मतलब होता है, लेकिन आठ फरवरी को हुए चुनावों के परिणामों को जिस तरह इमरान खान से छीनने का प्रयास हुआ, वह नायाब है. इमरान खान की पार्टी का चुनावी निशान छीना गया, उन्हें जेल में डाला गया और अब तक तीन मुकदमों में 31 साल की सजा दे दी गयी. बावजूद अपनी पार्टी के समर्थन से निर्दलीय तौर पर लड़ा और उनके उम्मीदवारों ने दो तिहाई सीटों पर बढ़त बना ली. लेकिन इसी समय सेना की दखल से इमरान के समर्थकों से जीत छीन कर नवाज शरीफ और जरदारी के उम्मीदवारों को जीत दिला दी गयी. ऐसा डाका देख कर पाकिस्तान की मीडिया सहित दुनिया भर की मीडिया भी चीख पड़ी है. सेना को पहली बार उसकी इच्छा के विपरीत वहां के वोटरों ने तमाचा मारा है और यह दिखाया है कि वे फौजी दखल से तंग आ चुके हैं. वे बंद कमरों के फैसलों को मानने को तैयार नहीं हैं. सेना की दखल के बावजूद किसी दल को बहुमत नहीं मिला और इमरान के समर्थक 95 सीट जीत गए. इसके पहले बंगलादेश में विपक्ष के बहिष्कार के बावजूद चुनाव हुए और शेख हसीना की पार्टी चुनाव जीत गयी. इस साल 50 से ज्यादा देशों में चुनाव होने वाले हैं और ज्यादातर देशों में चुनावी ऑटोक्रेसी के प्रभावी होने का अनुमान लगाया जा रहा है. दरअसल आवाम का वोट या तो कारपोरेट नियंत्रित मीडिया के गढ़े गए नायकों के पक्ष में किए जाने वाले हैं. माना जा रहा है कि चंद ही देश हैं, जहां स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव का माहौल बचा हुआ है. हमारे देश में भी इन दिनों विपक्ष मुक्त चुनाव का महौल बनाया जा रहा है. इसी तरह अमेरिका के चुनावों को ले कर भी बातें की जा रही हैं. अमेरिका, ब्रिटेन व यूरोपीय संघ ने पाकितान में हुए चुनावों की पारदर्शिता पर संदेह जताया है. वे चाहते हैं कि इसकी उच्चस्तरीय जांच हो. अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वह पाकिस्तान में चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप के आरोपों को लेकर चिंतित है. विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 'अमेरिका ने उन भरोसेमंद अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव पर्यवेक्षकों के आकलन से सहमत है कि इन चुनावों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध लगाया गया था. हम चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के प्रयोग पर प्रतिबंध, मीडियाकर्मियों पर हमले और इंटरनेट और दूरसंचार सेवाओं तक पहुंच पर प्रतिबंध की निंदा करते हैं.' इसी तरह ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन ने भी पाकिस्तानी चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं. इस समय पाकिस्तान के विभिन्न शहरों में चुनावी डाका के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं. इन चुनावों ने पहली बार साबित किया कि पाकिस्तान में सेना को बड़ी चुनौती जनता की ओर से मिल रही है.

> ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन ने भी पाकिस्तानी चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं. पाक के विभिन्न शहरों में चुनावी डाका के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं. इन चुनावों ने पहली बार साबित किया कि पाकिस्तान में सेना को बड़ी चुनौती जनता की ओर से मिल रही है.

### सुभाषित

**उपार्जितानां वित्तानां त्याग एवं हि रक्षणम्।**
**तडागोदरसंस्थानां परीवाह इवाम्भसाम्।।**

कमाए हुए धन का त्याग करने से ही उसका रक्षण होता है. जैसे तालब का पानी बहते रहने से ही तालाब साफ रहता है. कहा भी गया है बहता पानी निर्मला, बंदा गंदा होय. इसी प्रकार धन जब रुक जाता है तो उससे कई बुराइयां उत्पन्न हो जाती हैं और धन का नाश हो जाता है.

# प्रतिरोध के सूत्रधारों की सत्ता - लिप्सा

**बिहार की जड़ों से जुड़े लोग दावे से कहते हैं कि मुख्यमंत्री के पद पर लंबे समय रहकर मोदी के रिकॉर्ड से बराबरी करने वाले नीतीश की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं प्रधानमंत्री से कम नहीं रहीं. दोनों के बीच उम्र का फ़र्क़ भी ज़्यादा नहीं है. नीतीश प्रधानमंत्री से सिर्फ़ छह महीने छोटे हैं. यह बात अलग है कि दिखने में वे प्रधानमंत्री से छह साल बड़े नज़र आते हैं. इसका एक कारण गुजरात और बिहार के बीच संपन्नता का फ़र्क़ भी हो सकता है.**



• देश-काल



श्रवण गर्ग

प्रधानमंत्री द्वारा सात फ़रवरी को राज्यसभा में विपक्ष के ख़िलाफ़ दिए गए धुआंधार भाषण के तुरंत बाद एक मुस्कुराते नीतीश कुमार की उनके साथ हुई मुलाक़ात की तस्वीरें मीडिया में जारी कर दी गईं. पटना में विपक्षी गठबंधन को धता बताने के बाद नीतीश की यह पहली दिल्ली यात्रा थी. चित्रों में दिखाए गए नीतीश के पहनावे और चेहरे की प्रसन्नता से नज़र आ रहा था जैसे उन्हें कुछ ऐसा प्राप्त हो गया है, जिसकी सालों से उम्मीद थी. नीतीश ने जब अगस्त 2022 में भाजपा का साथ छोड़ कर तेजस्वी के साथ फेरे लिए थे, तब उनके उपमुख्यमंत्री रहे भाजपा के सुशील मोदी ने कारण यह बताया था कि उनकी पार्टी ने उपराष्ट्रपति का पद देने की नीतीश की मांग ठुकरा दी थी. सुशील मोदी गंभीर क़िस्म के नेता हैं, नीतीश जितने चतुर नहीं हैं, फिर भी उनके कहे पर ज़्यादा यक़ीन नहीं किया गया. नीतीश दो साल बाद मूल 'परिवार' में पुनः लौट आए, पर सुशील मोदी ने इस बार ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की कि जद(यू) नेता की पुरानी मांग इस बार मान ली गई है! भाजपा नेता ने सिर्फ़ इतना किया (होगा) कि नीतीश का उपमुख्यमंत्री बनने से इंकार कर दिया और कथित 'सुशासन बाबू' की सुशील मोदी के रूप में तेजस्वी की तरह की कोई आत्मा प्राप्त करने की मंशा अधूरी रह गई. यह ज़रूर हुआ कि भाजपा ने नीतीश को दहेज में एक के मुक़ाबले दो उपमुख्यमंत्री दे दिये जिनमें एक सम्राट चौधरी हैं. नये 'नातरे' के बाद नीतीश कुमार ने घोषणा कर दी कि वे अब कहीं नहीं जाएंगे.

जानकारों का कहना है कि नीतीश अगर कहीं जाना चाहें तो भी उनके पास कोई घर नहीं बचा है. उनके जाने के लिए कोई नई पार्टी बनानी पड़ेगी. नीतीश अपने लंबे राजनीतिक जीवन में लगभग सभी पार्टियों को निपटा चुके हैं. हाल के घटनाक्रम से इतना ज़रूर हुआ कि नीतीश बिहार के इतिहास में लगभग अमर हो गए. बिहार में पुलों के अचानक से टूट जाने के अज्ञात कारणों की तरह ही नीतीश भी आने वाले सालों तक एक रहस्यमय व्यक्तित्व बने रहेंगे.

1974 के बिहार छात्र आंदोलन के हीरो लालू यादव के व्यक्तित्व के विपरीत आने वाली पीढ़ियां कठिनाई से यक़ीन कर पाएंगी कि नीतीश कुमार जैसे किसी हाड़-मांस के व्यक्ति ने भी जेपी के आंदोलन में भाग लिया होगा. इस बार रहस्य से परदा सुशील मोदी के बजाय नरेंद्र मोदी को उठाना पड़ेगा कि नीतीश के भाजपा के साथ पुनर्विवाह के पीछे क्या कारण रहा होगा!

बिहार की जड़ों से जुड़े लोग दावे से कहते हैं कि मुख्यमंत्री के पद पर लंबे समय रहकर मोदी के रिकॉर्ड से बराबरी करने वाले नीतीश की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं प्रधानमंत्री से कम नहीं रहीं. दोनों के बीच उम्र का फ़र्क़ भी ज़्यादा नहीं है. नीतीश प्रधानमंत्री से सिर्फ़ छह महीने छोटे हैं. यह बात अलग है कि दिखने में वे प्रधानमंत्री से छह साल बड़े नज़र आते हैं. इसका एक कारण गुजरात और बिहार के बीच संपन्नता का फ़र्क़ भी हो सकता है.

दो साल पहले लालू यादव की पार्टी का पल्ला पकड़ने के बाद जब नीतीश से सवाल किया गया था कि क्या वे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं तो उन्होंने नपे-तुले शब्दों में जवाब दिया था-'मैं किसी चीज की उम्मीदवारी की दावेदारी नहीं करता. केंद्र सरकार को (यहां नरेंद्र मोदी पढ़ा जा सकता है) 2024 के चुनावों में अपनी संभावना को लेकर चिंता करनी चाहिए.'

विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के दो घटकों (तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी) द्वारा पीएम पद के चेहरे के रूप में नीतीश की दावेदारी का खुलकर विरोध कर दिये जाने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री समझ गए थे कि उनका राजनीतिक भविष्य केवल लोकसभा चुनावों तक ही सुरक्षित है. उन्होंने अगर वर्तमान स्थिति को ही बनाए रखा तो उन्हें राज्य से लोकसभा की 40 सीटों का बंटवारा राजद और कांग्रेस सहित महागठबंधन के सभी घटकों के बीच करना पड़ेगा, जबकि भाजपा के साथ जाने से जद(यू) को ज़्यादा सीटें मिल जाएंगी. पिछली बार (2019 में) जद(यू) और भाजपा को बंटवारे में 17-17 सीटें प्राप्त हुईं थीं. दूसरा यह कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद का बिहार तेजस्वी यादव के नाम हो सकता है. नीतीश और भाजपा दोनों ही इन आशंकाओं के चलते डरे हुए हैं. वर्तमान में भी सबसे ज़्यादा विधायक (79) तेजस्वी के पास ही हैं. दूसरे क्रम पर भाजपा है. चुनाव-दर-चुनाव नीतीश के विधायकों की संख्या कम हो रही है. जद(यू) के पास वर्तमान के 45 के मुक़ाबले 2010 में 110 विधायक थे.

नीतीश यह भी जान गए थे कि भाजपा के साथ सांठगांठ की खबरों के चलते ही उन्हें विपक्षी गठबंधन का संयोजक नहीं बनाया गया. उन्होंने अगर इस समय पाला नहीं बदला तो उनकी भविष्य की सारी राजनीति तेजस्वी के प्रताप की भेंट चढ़ जाएगी! नीतीश ने क्षण भर के लिए भी नहीं विचार किया कि निजी महत्वाकांक्षाओं के लिए की जा रही राजनीतिक आत्महत्या का उनकी ही पार्टी के सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के भविष्य और मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ेगा! इसमें दो मत नहीं कि नीतीश की अगुवाई में सत्ता की राजनीति का सबसे क्रूर चेहरा प्रकट हुआ है. जो व्यक्ति किसी समय दिल्ली की सत्ता को बदलने का सूत्रधार बनना चाहता था, वही बीच रास्ते मुखबिर साबित हुआ. नीतीश का आत्मघाती कदम देश को किसी अंधेरी सुरंग में प्रवेश कराने से पहले का ऐसा कांड है, जिसका समापन लोकतंत्र के राम के राज्याभिषेक से नहीं, बल्कि उनके अनिश्चितकाल के लिए अधिनायकवादी बनवास से हो सकता है. जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर इस समय जहां भी होंगे बेचैनी से करवटें बदल रहे होंगे.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सामाजिक आदर्श

"पहले स्वयं सुधरो, फिर दुनिया को सुधारना" एवं "क्या करें दुनिया ही ऐसी है". वस्तुतः ये दोनों कथन विरोधाभासी हैं. या यह कहें कि ये दोनों कथन मायावी बहाने मात्र है. स्वयं से सुधार इसलिए नहीं हो सकता कि दुनिया में अनाचार फैला है, स्वयं के सदाचारी बनने से कार्य सिद्ध नहीं होते और दुनिया इसलिए सदाचारी नहीं बन पा रही कि लोग व्यक्तिगत रूप से सदाचारी नहीं है. व्यक्ति और समाज दोनों परस्पर सापेक्ष हैं. व्यक्ति के बिना समाज नहीं बन सकता और समाज के बिना व्यक्ति का चरित्र उभर नहीं सकता. ऐसी स्थिति में व्यक्तिगत सुधार के लिए सुधरे हुए समाज की अपेक्षा रहती है और समाज सुधार के लिए व्यक्ति का सुधार एक अपरिहार्य आवश्यकता है. ऐसी परिस्थिति में सुधार की हालत यह है कि 'न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी'. तो फिर क्या हो? "उपदेश मत दो, स्वयं का सुधार कर लो, दुनिया स्वतः सुधर जाएगी." हमें जब किसी उपदेशक को टोकना होता है तो प्रायः ऐसे कुटिल मुहावरों का प्रयोग करते हैं. इस वाक्य का भाव कुछ ऐसा निकलता है जैसे यदि सुधरना हो तो आप सुधर लें, हमें तो जो है वैसा ही रहने दें. उपदेश ऐसे प्रतीत होते है जैसे उपदेशक हमें सुधार कर, सदाचारी बनाकर हमारी सदाशयता का फायदा उठा लेना चाहता है. यदि कोई व्यक्ति अभी पूर्ण सदाचारी न बन पाया हो, फिर भी नैतिकताओं को श्रेष्ठ व आचरणीय मानता हुआ, लोगों को शिष्टाचार आदि के लिए प्रेरित क्यों नहीं कर सकता? निसंदेह सदाचारी के कथनों का अनुकरणीय प्रभाव पडता है. लेकिन यदि कोई मनोबल की विवशता के कारण पूर्णरूपेण सदाचरण हासिल न कर पाए, उसके उपरांत भी वह सदाचार को जगत के लिए अनुकरणीय ग्रहणीय मानता हो. दुनिया में नैतिकताओं की आवश्यकता पर उसकी दृढ आस्था हो, विवशता से पालन न कर पाने का खेदज्ञ हो, नीतिमत्ता के लिए संघर्षरत हो और दृढता आते ही अपनाने की मनोकामना रखता हो, निश्चित ही उसे सदाचरण पर उपदेश देने का अधिकार है. क्योंकि ऐसे प्रयासों से नैतिकताओं का औचित्य स्थापित होते रहता है. वस्तुतः कर्तव्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों के प्रति आदर, आस्था और आशा का बचे रहना नितांत ही आवश्यक है. आज भले एक साथ समग्रता से पालन में या व्यवहार में न आ जाय, यदि औचित्य बना रहा तो उसके व्यवहार में आने की सम्भावना प्रबल बनी रहेगी. समाज से आदर्शों का विलुप्त होना, सदाचारों का खण्डित होना या नष्ट हो जाना व्यक्तिगत जीवन मूल्यों का भी विनाश है.

## उत्तराखंड : यूसीसी से जुड़े कुछ यक्ष प्रश्न

• सियासत

जयसिंह रावत

उत्तराखंड विधानसभा से समान नागरिक संहिता यानी कॉमन सिविल कोड (यूसीसी) का विधेयक पास करवाना देश में इस संहिता को लागू कराने का ट्रायल माना जा सकता है. क्योंकि बिना राष्ट्रपति या केन्द्र सरकार की अनुमति से न तो यह संहिता लागू हो सकती है और न ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बिना केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति के इतने बड़े मुद्दे को छेड़ सकते थे. माना जाता है कि पंडित नेहरू ने भी 1951-52 का आम चुनाव समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर लड़ा था जिसका उन्हें लाभ मिला और उन्होंने 1955 और 56 में हिन्दुओं से संबंधित समान नागरिक संहिताएं पारित करवा दीं. परिस्थितियां देखकर साफ लगता है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व समान नागरिक संहिता का ट्रायल उत्तराखंड में किया जा रहा है. यूसीसी पर सुशील मोदी की अध्यक्षता में गठित 17 सदस्यीय कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसद की स्थायी समिति की 3 जुलाई, 2023 की बैठक के बाद सुशील मोदी ने प्रेस को बताया था कि इस संहिता से जनजातियों को अलग किया जा सकता है और यही प्रावधान उत्तराखंड की समान नागरिक संहिता में भी किया गया है. यूं भी धामी सरकार का यूसीसी विधेयक पास करवाने का कदम बिना अमित शाह के मार्ग दर्शन के नहीं है. नागरिक संहिता की ड्राफ्ट कमेटी ने 2 जून, 2023 को दिल्ली में 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतुराज अवस्थी से भेंट की थी. इसके बाद जस्टिस रंजना देसाई ने मुख्यमंत्री धामी के साथ 3 जुलाई 2023 को इस संबंध में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की. उसके अगले ही दिन मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद प्रेस से बातचीत करते हुए बताया था कि प्रधानमंत्री उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की तैयारियों से अवगत हैं. जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता वाली कमेटी की 2 जून को 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात के बाद 14 जून को आयोग द्वारा समान नागरिक संहिता पर जन साधारण और धार्मिक संगठनों से राय शुमारी करना भी केन्द्र सरकार की इस संहिता को लागू करने के प्रति बढ़ती रुचि के साथ ही सरकार के उत्तराखंड की नागरिक संहिता से सीधे लिंक को ही दर्शाता है. यही नहीं, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि देसाई कमेटी जून तक अपनी रिपोर्ट दे देगी. लेकिन कमेटी की रिपोर्ट का इतने विलम्ब से 2 फरवरी को आने का मतलब विधि आयोग और गृह मंत्रालय के सामंजस्य से रिपोर्ट को ऐसा बनाना भी हो सकता है जो कि स्वयं केन्द्र सरकार के काम आये. जस्टिस ऋतुराज की अध्यक्षता में 21 फरवरी, 2020 को 22वें विधि आयोग का गठन 3 साल के लिये हुआ था, जिसका कार्यकाल फरवरी 2023 में पूरा होने के बाद उसे 31 अगस्त, 2024 तक का विस्तार दिया गया है. वर्तमान आयोग के समक्ष विधि मंत्रालय द्वारा समान नागरिक संहिता के मामले को संदर्भित किया गया है. आयोग को अपने मूल कार्यकाल की समाप्ति के बाद अब यूसीसी पर तत्परता दिखाने का सीधा मतलब भारत सरकार का इस मुद्दे को प्राथमिकता में लाना है. वहीं सरकार का इस विषय पर इतनी रुचि दिखाने का मतलब आगामी लोकसभा चुनाव ही हो सकता है.संविधान के नीति निर्देशक तत्व संख्या 44 में सरकार से भारत के पूरे क्षेत्र के अंदर समान नागरिक संहिता लागू करने की अपेक्षा की गयी है. मौलिक अधिकारों संबंधी रुकावटों, देश की सांस्कृतिक विविधता और अनुसूची 5 और 6 की विशेष परिस्थितियों के कारण भारत की सरकारें अब तक इसे लागू नहीं कर सकीं. मोदी सरकार धारा 370 को हटाने का बहुत मुश्किल काम आसानी से कर गयी, लेकिन वह भी देश की धार्मिक-सांस्कृतिक विविधता तथा संवैधानिक प्रावधानों को देखते हुए यूसीसी को लेकर ठिठक गयी. यह संहिता आस्था और धार्मिक परम्पराओं के मौलिक अधिकारों से संबंधित है. भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र से भी जुड़ी है और सुप्रीम कोर्ट की सबसे बड़ी बेंच 1973 में कह चुकी है कि संसद के पास संविधान संशोधन के व्यापक अधिकार तो हैं, लेकिन असीमित अधिकार नहीं हैं. यह भी कि संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती. अगर ऐसा होता है तो सुप्रीम कोर्ट को ऐसे संशोधनों की समीक्षा का अधिकार है. इसलिए उत्तराखंड की यूसीसी को भी कोर्ट में चुनौती मिल सकती है. जहां तक उत्तराखंड में यूसीसी का सवाल है तो राज्य विधानसभा को कानून बनाने का अधिकार है मगर संविधान के दायरे से बाहर जाने का हक नहीं. यह विषय संविधान की समवर्ती सूची का है.

> मौलिक अधिकारों संबंधी रुकावटों, देश की सांस्कृतिक विविधता और अनुसूची 5 और 6 की विशेष परिस्थितियों के कारण भारत की सरकारें अब तक इसे लागू नहीं कर सकीं. मोदी सरकार धारा 370 को हटाने का बहुत मुश्किल काम आसानी से कर गयी, लेकिन वह भी देश की धार्मिक-सांस्कृतिक विविधता तथा संवैधानिक प्रावधानों को देखते हुए यूसीसी को लेकर ठिठक गयी.

## न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए बनी समिति का हश्र

• किसान

एस. पटेल

सितंबर 2020 में तीन विवादास्पद कृषि कानून पेश किए गए, जिन्हें वापस लेने की मांग को लेकर किसानों ने साल भर विरोध प्रदर्शन किया और नवंबर 2021 में कानूनों को निरस्त कर दिया गया. साथ ही, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक समिति का गठन किया गया, लेकिन दो साल बाद भी अब तक इसकी कोई अंतरिम रिपोर्ट नहीं आई है.19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने की ऐतिहासिक घोषणा की. उसी संबोधन में उन्होंने एक नई समिति की स्थापना की घोषणा की. जिसे एमएसपी से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने, शून्य-बजट प्राकृतिक खेती (जेडबीएनएफ) को बढ़ावा देने और फसल पैटर्न निर्धारित करने का काम सौंपा गया. केंद्र ने पीएम की घोषणा के लगभग आठ महीने बाद 12 जुलाई, 2022 को समिति की स्थापना की. सरकार और कृषि मंत्री ने इसमें देरी के दो प्राथमिक कारण बताए. पहलाः राज्य विधानसभा चुनावों के कारण चुनाव आयोग से अनुमति की प्रतीक्षा करना और दूसरा, समिति में उनके प्रतिनिधित्व के संबंध में किसान संगठनों के गठबंधन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से प्रतिक्रिया मांगना. सरकार ने अंततः जुलाई 2022 में समिति के गठन की राजपत्रित अधिसूचना की घोषणा की. समिति में अध्यक्ष सहित 29 सदस्य शामिल थे. इन 29 सदस्यों में से 18 सरकारी अधिकारी या सरकारी एजेंसियों और कॉलेजों से जुड़े विशेषज्ञ थे. 11 गैर-आधिकारिक सदस्यों में से सरकार ने एसकेएम से तीन सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव दिया. हालांकि, एसकेएम ने इस समिति में भाग लेने के लिए किसी भी सदस्य को नहीं भेजने का निर्णय लिया. समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल हैं, जो तीन कृषि कानूनों की शुरुआत के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्रालय के सचिव थे. बाद में उन्होंने एसकेएम के साथ चर्चा में भारत सरकार के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व किया और समाचार चैनल सीएनबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कृषि बाजार सुधार अध्यादेशों के लाभों को स्पष्ट किया. दूसरे हैं, बहुराज्यीय सहकारी समिति इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव के चेयरमैन दिलीप संघानी. संघानी को किसान सहकारी समिति के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया था. वह गुजरात से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद हैं. किसानों के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किये गये प्रमोद चौधरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्य करते हैं. भारतीय किसान संघ ने अब निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों पर विशिष्ट विचार रखे. 2004-2006 में स्वामीनाथन आयोग और 2016 में किसानों की आय दोगुनी करने पर समिति ने महत्वपूर्ण कृषि मुद्दों पर चर्चा की. स्वामीनाथन समिति ने सुझाव दिया था कि एमएसपी, उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए. उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बाजरा जैसे पौष्टिक अनाज को शामिल करने की भी सिफारिश की. मोदी सरकार ने एमएसपी और खरीद के लिए विभिन्न दृष्टिकोण आजमाए हैं. उन्होंने मूल्य कमी भुगतान योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य सभी तिलहनों को एमएसपी के साथ कवर करना है. इसके अतिरिक्त, सरकार ने विशिष्ट जिलों या कृषि उपज बाजार समितियों में परीक्षण के आधार पर निजी खरीद स्टॉकिस्ट योजना शुरू की. इसी तरह, जीरो बजट नेचुरल खेती सरकार के लिए अज्ञात नहीं है. 2016 में सरकार ने सुभाष पालेकर को कृषि पद्धतियों के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया. 2019 जुलाई के बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, "हम एक मामले में बुनियादी बातों पर वापस जाएंगे. शून्य बजट खेती. हमें इस नवोन्मेषी मॉडल को दोहराने की जरूरत है, जिसके माध्यम से, कुछ राज्यों में, किसानों को पहले से ही इस अभ्यास में प्रशिक्षित किया जा रहा है." दरअसल, प्राकृतिक खेती की अवधारणा पर 2019, 2020 और 2021 में सीतारमण के लगातार तीन बजट भाषणों में चर्चा की गई थी. किसानों की आय दोगुनी करने पर समिति ने टिकाऊ कृषि पर दो व्यापक रिपोर्ट तैयार की हैं. रिपोर्ट पांच में कृषि में स्थिरता संबंधी चिंताओं को संबोधित किया गया, जबकि रिपोर्ट छह में स्थिरता के लिए विशिष्ट रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की गई, और इसे 2017 में प्रस्तुत किया गया था. हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद कार्यान्वयन में कमजोरी स्पष्ट झलकती है. 2021 में प्रधानमंत्री का भाषण किसानों के लिए नई आशा लेकर आया.

> 2016 में सरकार ने सुभाष पालेकर को कृषि पद्धतियों के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया. 2019 जुलाई के बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, "हम एक मामले में बुनियादी बातों पर वापस जाएंगे. शून्य बजट खेती. हमें इस नवोन्मेषी मॉडल को दोहराने की जरूरत है, जिसके माध्यम से, कुछ राज्यों में, किसानों को पहले से ही इस अभ्यास में प्रशिक्षित किया जा रहा है.

### मीडिया में अन्यत्र

## वृहद आर्थिक स्थिरता का लाभ

**इसमें** दो राय नहीं कि 2013-14 में भारत की अर्थव्यवस्था मुश्किल हालात से दो-चार थी. वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष था और तब से अब तक हालात में सुधार हुए हैं. ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा गत सप्ताह प्रस्तुत श्वेत पत्र की बहुत सीमित नीतिगत प्रासंगिकता है. भारत की समस्याएं उस समय सामने आ गई थीं, जब अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने वर्षों की क्वांटिटेटिव ईजिंग के बाद मौद्रिक सहजता कम करने के संकेत दिए थे. वैश्विक वित्तीय संकट के बाद राजकोषीय घाटे में महत्त्वपूर्ण इजाफा हुआ था और मुद्रास्फीति तथा चालू खाते के घाटे में इजाफा हुआ था. वर्ष 2012-13 में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5 फीसदी के करीब था. इसके अलावा वृद्धि को गति प्रदान करने की कोशिश में बैंकों को ऋण देने के लिए प्रोत्साहित किया गया. अक्सर ऐसी परियोजनाओं को ऋण देने को कहा गया जो टिकाऊ नहीं थीं. इसके परिणामस्वरूप फंसे हुए कर्ज में इजाफा हुआ, जिसे बाद के वर्षों में चिह्नित किया गया. इस बीच तत्कालीन सरकार भ्रष्टाचार तथा कई घोटालों के आरोपों में घिर गई. मिसाल के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 में 122 दूरसंचार लाइसेंस निरस्त कर दिए. उस फैसले को लेकर अभी भी बहस होती है, लेकिन इससे उस दौर के राजनीतिक और कारोबारी माहौल का अंदाजा लगाया जा सकता है. चौतरफा समस्याओं से घिरी गठबंधन सरकार कड़े निर्णय नहीं ले सकी. यद्यपि 2012 में वित्त मंत्री बदलकर हालात को संभालने की कोशिश अवश्य की गई लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया कि वह बॉन्ड खरीद कम करेगा. इससे वैश्विक वित्तीय बाजारों में अफरातफरी का माहौल बन गया. इसके चलते भारत लगभग मुद्रा संकट के कगार पर पहुंच गया. सितंबर 2013 में भारतीय रिजर्व बैंक में नेतृत्व परिवर्तन के बाद हालात में सुधार शुरू हुए. रिजर्व बैंक ने कुछ अन्य बातों के अलावा घोषणा की थी कि वह विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा करेगा. उसने अनिवासी भारतीयों से ऋण के जरिये ऐसा करने के साथ-साथ यह भी कहा कि मौद्रिक नीति ढांचे को दुरुस्त कर मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया जाएगा. बैंक ने ऋण की वसूली में भी सुधार करने की बात कही.राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने वृहद आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने को प्राथमिकता दी. राजकोषीय स्थिति को मजबूत बनाने के अलावा उसने दो अहम निर्णय लिए. पहला, मुद्रास्फीति को लक्ष्य बनाने की लचीली व्यवस्था से मूल्य स्थिरता को लेकर नीतिगत प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश गया. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## फांस/फांसी

**उसने** तो सबकी भलाई ही की थी, लेकिन वही भलाई उसके गले की फांस बन गयी. वह अपने जीवन से तंग आ गया था और अंततः उसने फांसी लगा कर अपनी जान दे दी. इन दोनों वाक्यों में फांस और फांसी दो शब्द ध्यान खींचते हैं. दोनों के बीच गहरे संबंध हैं. हिंदी शब्दसागर के अनुसार फांस हिंदी भाषा का तद्भव संज्ञा स्त्रीलिंग रूप है. इसका तत्सम है पाश. इसका सामान्य अर्थ है पाश, बंधन, फंदा. वह रस्सी भी फांस कहलाती है, जिसका फंदा डालकर शिकारी पशु-पक्षी को फंसाते हैं. इसके साथ ही फांस शब्द के और भी कई अर्थ हैं. जैसे बांस या सूखी लकड़ी आदि का कड़ा तंतु, जो शरीर में चुभ जाता है. बांस या काठ का कड़ा रेशा, जिसकी नोक कांटे की तरह हो जाती है, महीन कांटा, बांस, बेंत आदि को चीर कर बनायी हुई पतली तिल्ली, पतली कमाची. रहीम कवि ने कहा है- अमृत ऐसे वचन में है रहिमन रस गांस. जैसे मिसिरिहुं में मिली नरस बांस की फांस. फांस शब्द से कई मुहावरे भी हमारी रोजमर्रे की जिंदगी में काम आते हैं. जैसे फांस चुभना यानी जी में खटकनेवाली बात होना, फांस निकलना यानी कंटक दूर होना, ऐसी वस्तु या व्यक्ति का न रह जाना, जिससे दुःख या खटका हो, कष्ट पहुंचानेवाली वस्तु का हटना, फांस निकालना यानी कंटक दूर करना, ऐसी वस्तु या व्यक्ति को दूर करना, जिससे कष्ट या बात का खटका हो. इस शब्द से सकर्मक क्रिया बनती है फांसना. जैसे कहते हैं उस लड़की ने उसे फांस लिया. इसका मतलब है बंधन में डालना, पकड़ना, पाश में बांधना, चाल में फंसा लेना. फांसी बहु प्रचलित संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है फंसाने का फंदा, रेशम या रस्सी का वह फंदा, जो दो ऊंचे खंभे गाड़कर ऊपर लटकाया जाता है और जिसे गले में डालकर अपराधियों को प्राणदंड दिया जाता है. फांसी का प्रयोग कुछ लोग दुर्भाग्यवश आत्महत्या के लिए भी करते हैं.

## सादगी अपनाने की यह कोशिश भी नाकाम

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



एक दिन हमने घर के सारे दरवाजों पर सफेद पेंट कराने का विचार बनाया. सोचा कपड़ों के मामले में न सही , दरवाजों पर पेंट के मामले में ही सादगी को अपना लेते हैं. मैंने परिवारवालों के समक्ष जब सादगी की इस कोशिश का प्रस्ताव रखा तो मुझपर कटाक्षों के वाण बरसने लगे. गहन विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से जो निर्णय हुआ, उसने मेरी इस कोशिश पर भी पानी फेर दिया. घर पर राय यही बनी कि सफेद रंग की मेंटेनेंस संभव नहीं है. हमारी भी समझ में आ गया कि सादगी कड़वी दवा है, जिसे पीने से कोई फायदा नहीं. सादगी का हमारा प्रयोग असफलताओं के बाद भी नहीं रुका. एक दिन हमने निश्चय किया कि हम कार अथवा मोटरसाइकिल या बाइक स्कूटर आदि का प्रयोग बंद कर देंगे और एक साधारण-सी साइकिल पर शहर में घूमा करेंगे. परिणामतः.हमने एक सेकंड हैंड साइकिल खरीदी. सेकंड हैंड इसलिए क्योंकि नई साइकिल खरीदने से सादगी का माहौल नहीं बन रहा था. लिहाजा हम सेकंड हैंड साइकिल पर बैठकर उसे मजे से चलाते हुए शहर में घूमने लगे. मगर तीन-चार दिन ही बीते होंगे कि इस बार भी सादगी के हमारे प्रयोग को लोगों की नजर लग गई. हमारे पास हमारे कई शुभचिंतक पधारे. आकर हमसे पूछने लगे "भाई साहब ! क्या हुआ? सुना है, बिजनेस में घाटा हो गया या आपका पैसा व्यापार में मारा गया ! सुनते हैं अब आप कंगाल हो गए हैं?" हमें बड़ा ताज्जुब हुआ. हमने उन आगंतुकों से प्रश्न किया "हमने सुना तो था कि अफवाहों के सिर पैर नहीं होते हैं, लेकिन आज प्रत्यक्ष देख लिया. यह सब बेसिर-पैर की बातें आपको किसने बता दीं? " वह बोले "बताता कौन? यह सब तो आपके सेकंड हैंड साइकिल पर बैठकर शहर में भ्रमण करने से ही जगजाहिर हो रहा है. आदमी जब गरीबी में आ जाता है तब कार और स्कूटर से उतरकर सेकंड हैंड साइकिल का हैंडल संभालता है." हम गहरी सोच में पड़ गए. हमें अनुमान भी नहीं था कि चीजें इतना विकृत रूप ले लेंगी और इस दिशा में मुड़ जाएंगी कि हमारी हैसियत पर ही प्रश्नचिन्ह लगने शुरू हो जाएंगे? तुरंत हमने सेकंड हैंड साइकिल को थर्ड हैंड साइकिल के रूप में औने-पौने दाम में बेच कर उससे छुट्टी पाई और फिर से अपनी कार की स्टेरिंग थाम ली. इस तरह हमने "डैमेज कंट्रोल" करने की पूरी-पूरी कोशिश अपनी तरफ से की. यद्यपि जो नुकसान होना था, वह तो हो ही गया.

### ऑपो रेनो 11 फाइव जी

# वजन में हल्का परफॉर्मेंस में तगड़ा

ऑपो रेनो 11 फाइव जी 8 जीबी रैम और 128 जीबी या 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है. स्टोरेज बहुत तेज यूएफएस 3.1 टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है. फोन में एंड्रॉइड 14 पर आधारित कलर ओएस 14 ऑपरेटिंग सिस्टम है. कंपनी ने आने वाले 3 सालों में 3 अपडेट और 4 साल तक सुरक्षा अपडेट देने का वादा किया है. ऑपो रेनो 11 में 5000 मेगाहर्ट्ज की बैटरी दी गई है जो 67 वाट सुपरवुक फ्लैशचार्ज सपोर्ट के साथ आता है.



## डिजाइन

यह महज 182 ग्राम का है. इसकारण उपयोग में सुविधाजनक है. ये फोन प्लास्टिक बॉडी के साथ आता है. इसकी वजह से आपको इसे यूज करते समय प्रीमियम फील तो नहीं होने वाला है. बैक पैनल पर ही आपको कैमरा सेटअप दिया जाता है.

## डिस्प्ले

फोन में 6.7 इंच फुल एचडी प्लस एमओएलईडी डिस्प्ले मिलता है. 950 निट्स ब्राइटनेस फोन की खासियत कही जाएगी जिससे आउटडोर में भी फोन यूज करने में कोई परेशानी नहीं होती है. धूप में भी आप आसानी से स्क्रीन देख सकते हैं. साथ ही बिंज वॉचिंग करते समय भी कंफर्टेबल फील कराता है. 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट है. लिहाजा टच भी काफी अच्छा मिलता है.

## परफॉर्मेंस

फोन में मीडियाटेक डामेंसिटी 7050 प्रोसेसर मिलता है जो स्पीड आपको ज्यादा अच्छी ऑफर नहीं करता है. गेमिंग के दौरान हैंगिंग इशू का सामना करना पड़ सकता है. यह फोन उसी प्रोसेसर का इस्तेमाल करता है जो कि रियलमी 11 प्रो सीरीज और पिछले साल के ऑपो रेनो 10 5 जी फोन में भी दिया गया था.

## कैमरा

रेनो 11 में तीन कैमरे हैं और एक सेल्फी कैमरा है. मुख्य कैमरा 50मेगापिक्सल का है और इसे सोनी एलवाईटी 600 सेंसर और ओआइएस स्टेबलाइजेशन मिला है. दूसरा कैमरा 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड कैमरा है और तीसरा कैमरा 32 मेगापिक्सल का टेलीफोटो कैमरा है. टेलीफोटो कैमरा 2एक्स ऑप्टिकल जूम के साथ आता है जो शानदार पोर्ट्रेट तस्वीरें लेने में मदद करता है. सेल्फी कैमरा 32 मेगा पिक्सल का है. लेकिन शटर स्पीड बेहतर नहीं है. अगर सब्जेक्ट ज्यादा मूव करता है तो आपको थोड़ी ब्लर पिक्चर देखने को मिलती हैं. लेकिन ऑवर ऑल फोन का कैमरा अच्छा कहा जाएगा जिससे बेहतर वीडियो और तस्वीर ली जा सकती है.



# इन ई कार का इंतजार

*आने वाला समय ई कार का होगा, यह बात ग्राहकों को अभी समझ आई हो या नहीं, लेकिन कार कंपनियों को बखूबी समझ में आ गई है. इस साल भारत में मारुति सुजुकी ईवीएक्स, स्कोडा इनियाक, टाटा हैरियर ईवी, टाटा कर्व ईवी और महिंद्रा एक्सयूवी डॉट ई8 लॉन्च होने जा रही हैं. हाल ही हुए भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और स्कोडा ऑटो जैसी कंपनियों ने अपने आगामी इलेक्ट्रिक कारों को शोकेस किया था. इनमें से कुछ कार का तो लोगों को बेसब्री से इंतजार है. आइए, आज चर्चा उन्हीं ई कारों की जिनका शिद्दत से इंतजार किया जा रहा है.*

### इंटीरियर

टाटा हैरियर ईवी के लीक हुए इंटीरियर पेटेंट में तकनीकी रूप से एडवांस केबिन देखा गया है, जिसमें एक बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, कई ड्राइविंग मोड के लिए रोटरी डायल के साथ एक नया सेंट्रल टनल, एक नया ट्विन-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, एसी वेंट और एक अन्य टच पैनल शामिल हैं. इसके इंटीरियर और फीचर्स के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आने की उम्मीद है.



## टाटा हैरियर ईवी

टाटा हैरियर ईवी को हाल ही में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में शोकेस किया गया था. इसे प्रोडक्शन रेडी मॉडल के तौर पर पेश किया गया था. एक खास ग्रीन कलर स्कीम में दिखाई गई यह इलेक्ट्रिक एसयूवी अपने कांसेप्ट मॉडल के बहुत समान है, जिसमें एक नया ब्लैंक्ड-ऑफ ग्रिल, एंगुलर क्रीज के साथ एक अपडेटेड फ्रंट बम्पर, एक स्प्लिट सेटअप और नए हेडलैम्प के साथ एक नया वाइड एलईडी लाइट बार शामिल है. इसके सेंट्रल एयर इनटेक को ब्लैंक्ड-ऑफ पैनल के साथ री डिजाइंड किया गया है.

### डिजाइन

टाटा हैरियर ईवी में अलॉय व्हील, फ्लश डोर हैंडल, ब्लैक क्लैडिंग और फेंडर पर ईवी बैज जैसे खास डिटेल्स दिए गए हैं. रियर प्रोफाइल में नई वाइड एलईडी लाइट बार के साथ री डिजाइंड टेललैंप, एंगुलर इंडेंट के साथ एक अपडेटेड बम्पर और एक्स्ट्रा बॉडी क्लैडिंग दी गई है.

नए पंच ईवी के समान, हैरियर ईवी को एक्टिव ईवी प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है, जो फ्रंट-व्हील ड्राइव (एफडब्ल्यूडी), रियर-व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) और ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) सिस्टम को सपोर्ट करता है. यह मैग्नेट सिंक्रोनाइज मोटर और इंडक्शन मोटर दोनों को सपोर्ट करता है.

### पावरट्रेन और रेंज

हैरियर ईवी के स्पेसिफिकेशन को लेकर अभी किसी तरह की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है. उम्मीद की जा रही है यह ड्यूल मोटर और एडब्ल्यूडी सेटअप के साथ आएगी. ऑटो फील्ड के दिग्गजों का पूर्वानुमान है कि इलेक्ट्रिक एसयूवी व्हीकल-टू-लोड और व्हीकल-तो-व्हीकल चार्जिंग क्षमताओं की पेशकश करेगी, जिसमें लगभग 60 किलोव्हाट्ज की क्षमता वाला बैटरी पैक और 400 किमी से 500 किमी की रेंज मिलने की उम्मीद है.

## टाटा कर्व ईवी

टाटा कर्व पिछले दिनों आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में विजिटर्स के लिए आकर्षणZ का केंद्र थी. इसकी लॉन्चिंग डेट का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था. हाल ही टाटा ने अपनी इन्वेस्टर मीट में खुलासा किया है कि वह वित्तीय वर्ष 2024-2025 की दूसरी तिमाही में कर्व ईवी को लॉन्च करने की योजना बना रही है. कर्व इलेक्ट्रिक कार को भारत में जुलाई से सितंबर 2024 के बीच लॉन्च किया जाएगा. कूप डिजाइन और लेटेस्ट फीटर्स से लैस टाटा कर्व ईवी बैटरी-पावर के साथ ही रेंज और स्पीड के मामले में नेक्सॉन ईवी से बेहतर हो सकती है. इस कूपे एसयूवी कार में मिलने वाली बैटरी पैक और मोटर की डिटेल्स फिलहाल सामने नहीं आई है. अनुमान है कि यह गाड़ी 500 किलोमीटर तक की रेंज तय करने में सक्षम हो सकती है.



## मारुति सुजुकी ईवीएक्स

ऑटो फील्ड के दिग्गजों का मानना है कि मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार ईवीएक्स हो सकती है. मारुति लंबे समय से अपनी इस ईवी स्पेस पर फोकस बनाये हुए है. मारुति सुजुकी ने वाइब्रेंट गुजरात समिट में इसे पेश किया था. मारुति सुजुकी ईवीएक्स 60 किलो व्हाट्ज बैटरी पैक और 550 किमी की संभावित रेंज के साथ आ सकती है. 4300 एमएम की लंबाई के साथ ग्रैंड विटारा के बराबर साइज का होगा. जरुरी बात ये है कि, ये स्केटबोर्ड प्लेटफॉर्म पर पैदा हुआ इलेक्ट्रिक आर्किटेक्चर है, जिसका मतलब यह है कि, प्रोडक्शन स्पेक ईवीएक्स काफी जगह के साथ 2700 एमएम लंबे व्हीलबेस के साथ आएगा. यह मारुति सुजुकी की सबसे ज्यादा स्पेस वाली एसयूवी हो सकती है. दूसरी जरुरी बात, इसका बैटरी पैक और कार का लोकलाइजेशन ईवीएक्स को कीमत के मामले में कॉम्पिटीटर बनाएगा.



## स्कोडा इनियाक

स्कोडा ऑटो इंडिया ने हाल ही में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी इनियाक को शोकेस किया था और माना जा रहा है कि इस साल प्रीमियम ईवी सेगमेंट में इसकी एंट्री हो सकती है. कंपनी की ओर से अब तक इसकी कोई अधिकारिक सूचना नहीं दी गई है. ऑटो फील्ड के दिग्गजों की माने तो स्कोडा इनियाक को फॉक्सवैगन ग्रुप के डेडिकेटेड एमईबी इलेक्ट्रिक प्लैटफॉर्म पर डिवेलप किया गया है. बता दें कि दुनियाभर में इनियाक के 5 अलग-अलग वर्जन बिकते हैं और भारत में इनियाक 85 को लॉन्च किया जा सकता है. स्कोडा इनियाक 85 में 82 किलोव्हाट्स का बैटरी पैक हो सकता है और इसमें सिंगल मोटर सेटअप देखने को मिल सकते हैं, जिसकी वजह से यह सिर्फ रियर व्हील ड्राइव ऑप्शन के साथ आ सकती है. स्कोडा इनियाक आईवी का इलेक्ट्रिक मोटर 282 बीएचपी की मैक्सिमम पावर जेनरेट कर सकेगा. इसका मुकाबला हुंडई आयोनिक 5 और किआ ईवी6 जैसी प्रीमिय इलेक्ट्रिक गाड़ियों से होगा.



## महिंद्रा एक्सयूवी.ई8



महिंद्रा एंड महिंद्रा इस साल जोर-शोर से अपनी आगामी इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सयूवी.ई8 की टेस्टिंग में लगी हुई है और माना जा रहा है कि इस साल अगस्त में इसे भारत के साथ ही ग्लोबल मार्केट में भी लॉन्च किया जा सकता है. इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को एक्सयूवी700 पर बेस्ड रखा जा सकता है. बाद बाकी लुक-फीचर्स और पावर के मामले में एक्सयूवी.ई8 काफी अच्छी होने की संभावना है. इसके टीजर इमेज से पता चलता है कि यह काफी हद तक महिंद्रा द्वारा पेश की गई एक्सयूवी.ई8 प्रोटोटाइप जैसी दिखती है. लेकिन, कार के अलॉय व्हील नए हैं. कार को एयरोडायनामिक बनाने के लिए डिजाइन में बदलाव किया गया है. इसके बम्पर को पूरी तरह से नया डिजाइन दिया गया है. इसमें एक नया एयर डैम और हेडलैम्प्स के लिए व्होल है. यह आईएजीएओ प्लेटफॉर्म पर बेस्ड पहली ईवी होगी. इसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई 4,740एमएम, 1,900एमएम और 1,760 एमएम होगी. इसका व्हीलबेस 2,762 एमएम का होगा.



विश्व रेडियो दिवस आज

*एक समय था जब युद्ध-शांति और आपदा की घोषणा रेडियो से होती थी. आज 'मन की बात' भी. आज विश्व रेडियो दिवस पर साहित्यकार अरविंद श्रीवास्तव की रेडियो को लेकर दीवानगी के उस दौर से रू-ब-रू होते हैं जब दुनिया दो ध्रुवों में बंटी थी. 'कोल्ड वार' अपने चरम पर था, महाशक्तियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का महत्वपूर्ण औज़ार रेडियो था.*

# रोमांच से भरी है रेडियो लिसनिंग की दुनिया



अरविन्द श्रीवास्तव

आज पूरी दुनिया में विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व शैक्षणिक स्तर को उठाने में रेडियो की सर्वाधिक भूमिका निर्विवाद रही है. संयुक्त राष्ट्र संघ और यूनेस्को द्वारा पहली बार 13 फरवरी 2012 को विश्व रेडियो दिवस के रूप में घोषित किया गया. रेडियो प्रसारण के क्षेत्र में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रसारणों को सुनने और उन्हें तकनीकी सहयोग करने करने में मैं उनदिनों बेहद सक्रिय था जब दुनिया दो ध्रुवों में बंटी थी, 'कोल्ड वार' अपने चरम पर था, महाशक्तियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का महत्वपूर्ण औज़ार रेडियो था तब सूचनातंत्र सशक्त जिम्मेदारी रेडियो के हिस्से थी, वैचारिक और बौद्धिक संघर्ष के साथ ही वैश्विक जनमत को पक्ष में रखने के लिए रेडियो तरंगों को पावरफुल अस्त्र की तरह प्रयोग किया जाता था. सत्तर और अस्सी का दशक प्रसारण केंद्रों



के मध्य जबरदस्त संघर्ष का दशक रहा. मार्च 1985 में सोवियत सत्ता का नेतृत्व गोर्वाच्योव द्वारा संभालने के पश्चात व्यवस्था परिवर्तन की जो सुगबुगाहट शुरू हुई उसका अंत 1989 में बर्लिन की लौह दीवार का गिरना, 1990 में जर्मन एकीकरण और फिर सोवियत सत्ता के विखण्डन से अंत हुआ. यह धरती के लिए सबसे कठिन दौर था. दूसरी ओर अमेरिका द्वारा 'स्टार वार' की घोषणा और यूरोप में मिसाइलों तैनाती से कंपित दुनिया. सभी खबरें रेडियो के माध्यम से आती थीं, इंटरनेट का नामोनिशान नहीं था. इन्हीं परिदृश्यों में मैं मधेपुरा, बिहार से रेडियो के बिल्कुल करीब चिपका होता और इसी माध्यम से अपनी वैश्विक भागीदारी को सुनिश्चित करता. रेडियो डीएक्सिंग एवं प्रसारणों में योगदान के लिए रेडियो बुडापेस्ट, रेडियो बर्लिन इंटरनेशनल, रेडियो ताशकंद, रेडियो जापान (एनएचके), रेडियो मास्को, रेडियो प्राहा, रेडियो कैरो, रेडियो वेरितास एशिया आदि प्रसारण केन्द्रों के डीएक्स विभाग की सदस्यता प्राप्त हुई. रेडियो बर्लिन इन्टरनेशनल, डीएक्स विभाग द्वार सर्वाधिक महत्वपूर्ण 'ऑनर' एच- 2000 मिला. रेडियो ताशकंद के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाना भी महत्वपूर्ण रहा. रेडियो प्राग (चेकोस्लोवाकिया) और रेडियो बुडापेस्ट (हंगरी) के डीएक्स विभाग की सदस्यता मैंने प्राप्त की तथा उनके द्वारा समय-समय पर सम्मान भी. रेडियो मनीला, रेडियो स्वीडेन, एनएचके जापान, रेडियो ड्वाचेवैले आदि प्रसारण केन्द्रों से हजारों सैकड़ों क्युएसएल व वेरिफिकेशन काड्र्स आज भी मेरे पास सुरक्षित हैं.

अभी हाल में रेडियो बर्लिन इंटरनेशनल के साथ मेरे रिश्तों पर बनी फ़िल्म द साउंड ऑफ फ्रेंडशिप : वार्म वेवलेंथ इन ए कोल्ड, कोल्ड वॉर का बर्लिन के प्रमुख प्रसारण भवन 'फुंकहाउस' में गत वर्ष 19 अक्टूबर को स्क्रिनिंग हुई थी, जिसे संबोधित करने का मुझे अवसर मिला जिसमें जर्मनी और भारत के अनेक रेडियो पत्रकार व बुद्धिजीवी उपस्थित थे. रेडियो लिसनिंग व डीएक्सिंग की दुनिया रोमांच से भरी है यह एक समंदर में गोता लगाने सदृश्य है. आज लोग नेट सर्च करते हैं लेकिन रेडियो की दुनिया का अपना क्रेज़ है यह वर्चुवल के साथ-साथ जमीनी भी है, यहां भौतिक प्राप्ति भी है.



# इसरो लॉन्च करेगा इनसैट-3डीएस

इसरो के खाते में एक और उपलब्धि दर्ज होगी. इसी महीने की 17 तारीख को इसरो अपना सबसे आधुनिक मौसम और डिजास्टर सैटेलाइट लान्च करेगा. इनसैट-3डीएस नामके इस सेटेलाइट की लॉन्चिंग जीएसएलवी-एफ14 रॉकेट से श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से की जाएगी. सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीआरओ) तैनात किया जाएगा. इस सैटेलाइट का वजन 2275 किलोग्राम है. इस सैटेलाइट में 6 चैनल इमेजर हों. 19 चैनल साउंडर मेटियोरोलॉजी पेलोड्स मौजूद हैं. रॉकेट की असेंबलिंग का काम अंतिम चरण में है. सैटेलाइट को रॉकेट के आखिरी स्टेज यानी नोज में रख दिया गया है. इसरो की इस साल यह दूसरी सैटेलाइट लॉन्चिंग होगी. पहले इसे जनवरी में लॉन्च किया जाना था. लेकिन बाद में इसे रीशेड्यूल किया गया.

## यह होगा काम



इस सैटेलाइट का मुख्य उद्देश्य जमीन, समंदर, मौसम और इमरजेंसी सिग्नल सिस्टम की जानकारी मुहैया कराना है. इसके अलावा यह राहत एवं बचाव कार्यों में भी मदद करेगा. बता दें कि इनसैट-3 सीरीज के सैटेलाइट में छह अलग-अलग प्रकार के जियोस्टेशनरी सैटेलाइट्स है. यह सातवीं सैटेलाइट है. इनसैट सीरीज के पहले की सभी सैटेलाइट्स को साल 2000 से 2004 के बीच लॉन्च किया गया था. इनसे संचार, टीवी ब्रॉडकास्ट और मौसम संबंधी जानकारियां मिल रही थीं. इन सैटेलाइट्स में 3ए, 3डी और 3डी प्राइम सैटेलाइट्स के पास मौसम संबंधी आधुनिक यंत्र लगे हैं. ये सभी सैटेलाइट्स भारत और उसके आसपास मौसमी बदलावों की सटीक और समय से पहले जानकारी देते हैं. इनमें से हर एक सैटेलाइट ने भारत और उसके आसपास के इलाकों में संचार तकनीक और मौसम संबंधी तकनीकों को विकसित करने में मदद की है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



## आइवरी कोस्ट ने जीता अफ्रीका कप

**अबिदजान (आइवरी कोस्ट)।** आइवरी कोस्ट ने सेबेस्टियन हालेर के अंत में किये गये विजयी गोल की मदद से रविवार को यहां फाइनल में नाईजीरिया पर 2-1 से जीत कर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स खिताब अपने नाम किया. हालेर ने 81वें मिनट में करीब से गोल कर आइवरी कोस्ट को विजेता बना दिया. इससे पहले टीम के लिए फ्रैंक केसी ने 62वें मिनट में पहला गोल कर टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया. यह 1992 और 2015 के बाद आइवरी कोस्ट का तीसरा खिताब है.

### भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली पर इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड बोले

# विराट कोहली स्पर्धा को बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं

**भाषा। नयी दिल्ली**

केपटाउन इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट श्रृंखला में नहीं होना इस श्रृंखला और खेल के लिये अच्छा नहीं है. लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का सुनहरा मौका है. विराट निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर है जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है. ब्रॉड ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा कि विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं. दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं. लेकिन निजी मसले हमेशा क्रिकेट से जुड़े मसलों से बड़े होते हैं. उनका मानना है कि विराट की गैर मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिये अपनी उपयोगिता साबित करने का सुनहरा मौका होगा. इंग्लैंड के लिये 167 टेस्ट में 604 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने कहा कि जब महान खिलाड़ी नहीं खेलते हैं तो युवाओं के लिये भी यह खुद को साबित करने का मौका होता है. हमने पिछले टेस्ट में देखा कि यशस्वी जायसवाल ने कैसे दोहरा शतक जड़ा. अगले तीन मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिये चमकेगा और हो सकता है कि वह इस लायक हो जाये कि जब विराट खेल को अलविदा कहें तो उनकी जगह ले सके.

ब्रॉड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सबसे प्रतिस्पर्धी श्रृखलाओं में से है और अगले तीन टेस्ट में इंग्लैंड के पास अच्छा मौका है. उन्होंने कहा कि विराट के नहीं होने से बहुत कुछ बाकी खिलाड़ियों की फिटनेस पर निर्भर करेगा. विराट और इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों खासकर जिम्मी एंडरसन के बीच प्रतिद्वंद्विता काफी मशहूर रही है. यह क्रिकेट और इस श्रृंखला के लिये शर्मनाक है कि विराट नहीं खेल रहे हैं. उन्होंने कहा कि भारत ने पिछला टेस्ट जीता लेकिन इंग्लैंड की बैजबॉल शैली भारत में प्रभावी रही है. भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस और मौका भुनाने की इंग्लैंड की क्षमता पर अगले तीन मैच निर्भर करेंगे. उन्होंने नयी गेंद के अपने साथी रहे जिम्मी एंडरसन के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि हमने दूसरे टेस्ट में देखा कि तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है. जसप्रीत बुमराह ने भारत को मैच जिताया और जिम्मी ने उम्दा गेंदबाजी की . सभी को लगा था कि पिच स्पिन लेगी लेकिन तेज गेंदबाजों को अधिक सफलता मिली. शायद सुबह की नमी की वजह से. उन्हें नहीं लगता कि टी20 क्रिकेट के इस दौर में वह और एंडरसन तेज गेदंबाजी में आखिरी महान टेस्ट जोड़ी थी.

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारी जोड़ी आखिरी था लेकिन हम दोनों के लंबे कैरियर की वजह से हमने मिलकर जितने विकेट लिये हैं, उससे आगे निकलना मुश्किल होगा. लेकिन मेरा मानना है कि फिर से क्रिकेट को ऐसी कोई शानदार जोड़ी अगले कुछ साल में जरूरी मिलेगी. जसप्रीत बंमराह टेस्ट क्रिकेट में बहुत ही परिपक्व गेंदबाज हैं. ब्रॉड ने कहा कि मैं तेज गेंदबाजी की जोड़ियों को देखकर बड़ा हुआ हूं. कर्टनी वॉल्श और कर्टले एम्बरोज हो, वकार युनूस और वसीम अकरम या डेरेन गाफ और एंडी कैडिक हो. ऐसी ही एक जोड़ी जल्दी ही निकलेगी. उनका मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिये ऐसी विंडो बन सकती है जिसमें सभी देश एक समय पर टेस्ट खेलें. उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट की बात ही अलग है.

### मुकाबला चुनौतीपूर्ण

- पिछले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक जड़ा
- विराट और जिम्मी के बीच प्रतिद्वंद्विता मशहूर रही है
- आगे के मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिये चमकेगा





### इंग्लैंड की टीम बची हुई टेस्ट श्रृंखला में भारत को कड़ी टक्कर देगी

वहीं चल रही श्रृंखला पर आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का कहना है कि बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम बची हुई टेस्ट श्रृंखला में भारत को कड़ी टक्कर देगी लेकिन मेजबान टीम भी कमजोर नहीं है. भारत और इंग्लैंड इस समय पांच मैच की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी पर हैं. चैपल का कहना है कि घरेलू टीम होने के नाते भारत को आखिर में इस मुश्किल श्रृंखला को जीतना चाहिए. लेकिन उन्हें बचे हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती मिलेगी. कहा कि स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व वाली इंग्लैंड की टीम जो रूट की अगुआई वाली टीम से बेहतर है जो पिछले दौरे पर स्पिन के आगे पस्त हो गयी थी. भारत के 2021 में पिछले दौरे पर इंग्लैंड की टीम रूट की अगुआई में पहला टेस्ट जीतने के बाद श्रृंखला गंवा बैठी थी. स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला का हिस्सा नहीं होंगे और बचे हुए तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम में केएल राहुल और रविंद्र जडेजा की वापसी होगी. चैपल का कहना है कि भारत मजबूत टीम है और उनके पास रोहित शर्मा के रूप में एक अच्छा कप्तान है. रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट से उबरकर वापसी करने से उनकी टीम मजबूत होगी लेकिन कोहली का बची हुई श्रृंखला में नहीं खेलना एक झटका है. उन्होंने लिखा कि उम्मीद है कि चयनकर्ता अब श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी काबिलियत को ज्यादा महत्व देना बंद कर देंगे और कुलदीप यादव की विकेट झटकने की क्षमता को ज्यादा अहमियत देना सीखेंगे.

# बीएटीसी में सिंधु की होगी वापसी

**संवाददाता। शाहआलम (मलेशिया)**

थॉमस कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी. भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था. टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य पदक जीता था. भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा. एचएस प्रणय की अगुआई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा. सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है. लेकिन महिला टीम के लिए सफर मुश्किल भरा होगा जिसमें सिंधू और दो युगल जोड़ियां तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो शामिल हैं. सिंधु के लिए यह टूर्नामेंट ज्यादा अहमियत रखता है क्योंकि वह पिछले साल अक्टूबर से खेल से बाहर हैं जिससे वह अपनी मैच फिटनेस देखना चाहेंगी.



### खिलाड़ी तैयार

- भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता था
- पिछले साल एशियाड में पहला रजत पदक जीता था

### उद्घाटन समारोह में टेनिस खिलाड़ी सम्मानित

**बेंगलुरु।** पाकिस्तान को हाल में उसकी धरती पर हराने वाली भारतीय डेविस कप टीम के खिलाड़ियों को सोमवार को यहां बेंगलुरु ओपन के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया. कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के अध्यक्ष आर अशोक ने कहा कि यह कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के लिए गर्व की बात है कि डेविस कप के स्टार खिलाड़ी बेंगलुरु ओपन 2024 में भाग ले रहे हैं. पाकिस्तान में उनकी उपलब्धि ऐतिहासिक और प्रेरणादायी है. उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली पूरी टीम को हम हार्दिक बधाई देते हैं.

## तेजस्विन शंकर ने जीता गोल्ड

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने गोल्ड जीता. तेजस्विनी ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में 'इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स' प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता. पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे. शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है. लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए. शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं. उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था. उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा. प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे.



## विकास को मिला अंडर 17 में बेस्ट साइकिलिस्ट का पुरस्कार

**खेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग व राज्य शिक्षा परियोजना की मेजबानी में आयोजित 67 वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-14/17/19 साइकिलिंग प्रतियोगिता का समापन हुआ. अंडर 17 वर्ग में झारखंड के विकास उरांव को बेस्ट साइकिलिस्ट का पुरस्कार मिला. नेवरी में आयोजित रोड इवेंट के दूसरे दिन अंडर 19 बालिका वर्ग में कर्नाटक की छाया नागनाथ को स्वर्ण पदक, झारखंड की संतोषी उरांव को रजत पदक और तमिलनाडु की जे निरायिमथी को कांस्य पदक मिला. अंडर 19 बालक वर्ग साइकिलिंग में कर्नाटक के धनञ्जय एस तिपन्नावर को स्वर्ण पदक, राजस्थान के लक्ष्मण डूडी को रजत और गुजरात के सेलर अरिक को कांस्य पदक मिला. अंडर 17 बालिका वर्ग साइकिलिंग में असावरी राजमनी को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु की एस तबिथा को रजत पदक और तेलंगाना की बरेला वर्षा रेड्डी को कांस्य पदक मिला. अंडर 17 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के महादेव सरन को स्वर्ण पदक, राजस्थान के ही महावीर सरन को रजत पदक और महाराष्ट्र के हर्ष दोम्ब्ले को कांस्य पदक मिला. अंडर 14 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में मणिपुर के युमनम देवजीत सिंह को स्वर्ण पदक, राजस्थान के आलोक बिश्नोई को रजत पदक और सीबीएससी डब्लू एस के जुआन जॉय को कांस्य पदक मिला है. अंडर 14 बालिका वर्ग साइकिलिंग में आंध्रप्रदेश की एम् सरस्वती को स्वर्ण पदक, हरियाणा की निकिता को रजत पदक और मणिपुर की उषम संध्या देवी को कांस्य पदक मिला है. वहीं बालक वर्ग में अंडर 14 में मणिपुर के युमनम देवजीत सिंह, अंडर 17 में झारखंड के विकास उरांव और अंडर 19 में आंध्रप्रदेश के के सुरेश बाबू को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार मिला. बालिका वर्ग के अंडर 14 में राजस्थान की डिंपल और अंडर 17 में महाराष्ट्र की आभा और पंजाब की अंजली और अंडर 19 में महाराष्ट्र की स्नेहल माली को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार दिया गया.





### नयी दिल्ली राष्ट्रीय मैराथन 25 फरवरी को

**नयी दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से राष्ट्रीय प्रतियोगिता और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा के रूप में मान्यता प्राप्त नयी दिल्ली मैराथन का आयोजन 25 फरवरी को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा. पुरुष और महिला वर्ग में चोटी पर रहने वाले पांच एथलीटों को पुरस्कार राशि दी जाएगी. पुरुष और महिला दोनों वर्ग में विजेता को 1.5 लाख रुपए जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को एक लाख रुपए का पुरस्कार मिलेगा. इसके अलावा तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 50,000 रुपये, 30,000 रुपये और 30,000 रुपए मिलेंगे.

### रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र की राजस्थान पर बड़ी जीत

# धर्मेंद्र जडेजा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**भाषा। जयपुर**

बायें हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ का प्रदर्शन करते हुए दूसरी पारी में 32 रन देकर सात विकेट लिए जिससे सौराष्ट्र ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में राजस्थान को 218 रन से करारी शिकस्त दी. जडेजा ने पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे.

इस तरह से उन्होंने मैच में 131 रन देकर 12 विकेट हासिल किए जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. सौराष्ट्र ने इस मैच से 6 अंक हासिल किये. सौराष्ट्र ने अपनी दूसरी पारी सुबह 4 विकेट पर 174 रन से आगे बढ़ाई और 6 विकेट पर 234 रन के स्कोर पर समाप्त घोषित की. अर्पित वासवडा 74 रन बनाकर नाबाद रहे. सौराष्ट्र ने इस तरह से राजस्थान के सामने 305 रन का लक्ष्य रखा लेकिन उसकी टीम केवल 28.4 ओवर में 87 रन पर आउट हो गई. जडेजा ने जहां कमाल की गेंदबाजी की वहीं युवराज सिंह डोडिया (25 रन देकर तीन विकेट) ने भी उनका अच्छा साथ दिया. युवराज ने पहली पारी में चार विकेट लिए थे. इस तरह से सौराष्ट्र के स्पिनरों ने पिच से मिल रही मदद का पूरा फायदा उठाकर मैच में 19 विकेट हासिल किये. उधर पुणे में विदर्भ ने महाराष्ट्र को 10 विकेट से हराया. महाराष्ट्र ने पहली पारी में 208 रन बनाए थे जिसके जवाब में विदर्भ ने 552 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था. महाराष्ट्र की टीम दूसरी पारी में 371 रन पर आउट हो गई.



**टेनिस** चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंचे

# एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में शामिल हुए सुमित नांगल

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया. रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गये. जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं.

पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे. उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गये थे. 2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं. नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा कि मैं बहुत भावुक हूं. हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है. जैसा कि मैंने पहले कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी.

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे. हर कोई रो रहा था. शब्द कम थे, आंसू ज्यादा. मैं अब भी बहुत भावुक हूं. पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा.

उन्होंने कहा कि काफी उतार चढ़ाव हुए. मैं खुश हूं कि हर दिन आगे बढ़ने के लिए मुझे एक तरीका मिल गया. दूसरी ओर यूएस के डलास में चल रहे टेनिस टूर्नामेंट में दूसरे वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने गैर वरीय मार्कोस गिरोन को तीन गेम तक चले फाइनल में मात दी और डलास ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीतकर अपना दूसरा करियर एटीपी खिताब हासिल कर लिया. दोनों अमेरिकी खिलाड़ियों ने फाइनल से पहले डलास में एक भी सेट नहीं गंवाया था. पॉल ने फाइनल में गिरोन को 7-6 (3), 5-7, 6-3 से पराजित किया. पॉल का यह चौथा एटीपी फाइनल था. इस खिताबी जीत से वह रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच जायेंगे. न्यूजर्सी के इस 26 साल के खिलाड़ी ने 2021 में स्टॉकहोम में पिछला खिताब जीता था. वहीं 30 वर्षीय गिरोन अपना पहला एटीपी खिताब जीतने की कोशिश में थे. कैलिफोर्निया का यह खिलाड़ी दो साल पहले सान डिएगो में अपने पिछले फाइनल में हार गया था.



### मिली सफलता

- शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं
- पिछले साल सुमित नांगल की रैंकिंग 500 थी, बहुत कम समय में हासिल की सफलता

# मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारी केल्विन किपटुम की कार दुर्घटना में मौत

**संवाददाता। नैरोबी (कीनिया)**

मैराथन विश्व रिकॉर्डधारी केल्विन किपटुम की कीनिया में कार दुर्घटना में मौत हो गयी. वह इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार थे. रविवार को हुई इस कार दुर्घटना में उनके कोच गेरवेस हाकिजिमाना की भी मौत हो गयी. पुलिस ने कहा कि रविवार देर रात हुई इस दुर्घटना में किपटुम गाड़ी चला रहे थे और उनकी कार पेड़ से टकराने के बाद खाई में गिर गयी. किपटुम 24 साल के थे. उन्होंने एलीट मैराथन में तीसरी बार हिस्सा लेते ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया था. अंतरराष्ट्रीय ट्रैक महासंघ विश्व एथलेटिक्स ने पिछले हफ्ते ही पिछले साल शिकागो मैराथन में बनाये गये उनके रिकॉर्ड को स्वीकृत किया था. उनकी मौत से दुखी कीनिया के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने बयान में अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह अभी 24 साल का ही था. किपटुम हमारा भविष्य था. पुलिस ने कहा कि उनके साथ कार में एक 24 वर्षीय महिला भी थी जिन्हें अस्पताल ले जाया गया. उन्हें काफी चोट लगी है.



## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में दो की मौत, दर्जनों घायल

**कटिहार ।** जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 कबीर मठ के पास सोमवार की सुबह करीब तीन बजे एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में बस सवार दो महिला यात्रियों की मौत हो गई और दर्जनों यात्री घायल हो गये, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है. गंभीर रूप से घायल यात्रियों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है. मृतकों में गुमला निवासी जितनी टोपो एवं संध्या केरकटा शामिल है. बस में कुल 52 यात्री सवार थे.

### हथियार के बल पर लूटे 2 लाख रुपए

**नवादा ।** नवादा में अपराधियों ने ऑनलाइन शॉपिंग ऐप कार्यालय से हथियार के बल पर 2 लाख 18 हजार रूपये लूट लिये. घटना जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटेल नगर मुहल्ला स्थित ऑनलाइन शॉपिंग ऐप के कार्यालय में हुआ है. जब सोमवार सुबह एक कर्मी डिलिवरी ऑडर को स्कैन कर रहा था, तभी हथियार के साथ अपराधी आए और इस लूट को अंजाम दिया गया. घटना को लेकर गया के मोहनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले कर्मचारी समीर कुमार ने बताया कि सोमवार को जब वह कार्यालय में डिलेवरी वाले सामान को स्कैन कर रहा था, तभी एक युवक आया और बंदूक दिखाकर मारपीट करते हुए लूटपाट करने लगा.

### नालंदा में पत्थरबाजी 5 पुलिसकर्मी घायल

**नालंदा ।** नालंदा के हिलसा अनुमंडलीय उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी. जिसके आधार पर इस्लामपुर थाना क्षेत्र के शरीफाबाद में शराब धंधेबाजों के घर छापेमारी कर तीन को 28 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया. जिसके बाद शराब तस्करों के सहयोगियों ने साथी को छुड़वाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया. वहां जमा हुई भीड़ ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी. घटना में प्रभारी थानाध्यक्ष पुष्पा कुमारी, श्रीकांत पासवान, राजेंद्र पासवान समेत पांच कर्मी जख्मी हो गए. पुलिस उपद्रवियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है.

### बिहार विधानसभा में विश्वासमत प्रस्ताव के दौरान बोले पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव

# सीएम फिर नहीं पलटेंगे इसकी गारंटी पीएम देंगे







**संवाददाता ।पटना**

बिहार विधानसभा स्पीकर के खिलाफ शनिवार को सत्ताधारी एनडीए की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान पक्ष में 125 वोट पड़े जबकि विपक्ष में सिर्फ 112 वोट पड़े. इसके बाद राजद के नेता अवध बिहारी को बिहार विधानसभा अध्यक्ष पद से हटा दिया गया. इधर, विश्वासमत प्रस्ताव के दौरान नीतीश सरकार के पक्ष में 129 वोट पड़े तो वहीं विपक्ष ने वॉकआउट किया. इन सबके बीच विपक्षी नेता तेजस्वी यादव जब विधानसभा में बोलने के लिए उठे तो उन्होंने सीधे-सीधे सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कठघरे में खड़ा करते हुए सम्मानजनक लहजे में ये साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार में उनका भतीजा रोकने का माद्दा रखता है. तेजस्वी ने विधानसभा में बोलते हुए नीतीश कुमार पर कड़े शब्दों में ऐसा कोई बड़ा हमला नहीं बोला और कहीं न कहीं भविष्य के लिए जरूर उन्होंने एक स्पेस रखा. सबसे दिलचस्प उदाहरण उनका रामायण का किरदार बताना था. उन्होंने नीतीश कुमार को दशरथ और खुद को राम बताया. तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार को वे दशरथ पिता की तरह गार्जियन मानते हैं. दशरथ कभी नहीं चाहते थे कि राम को वनवास हो. लेकिन, कुछ न कुछ नीतीश की जरूर मजबूरियां रहीं होंगी, जैसी मजबूरियां राजा दशरथ की थी, जिस वजह से राम को वनवास जाना पड़ा.

तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार को जरूर ये जानना होगा कि आखिर कौन केकई है, जिनकी वजह से आखिर उन्हें ये फैसला लेने को मजबूर होना पड़ा. उन्होंने कहा कि हम ये मानते हैं कि उनके लिए ये वनवास नहीं बल्कि जनता के सुख-दुख के साथ भागीदारी के लिए उन्हें भेजा गया है.

तेजस्वी लगातार नीतीश कुमार से अपने सौम्य भाषण के दौरान ये बात पूछते रहे-बिहार की जनता ये जानना चाहती है कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि आपको ये निर्णय लेना पड़ा? आप एनडीए छोड़कर इसलिए आए थे क्योंकि आपका ये आरोप था कि जदयू के विधायकों को बीजेपी की तरफ से तोड़ा जा रहा हैं, उन्हें प्रलोभन दिया जा रहा है?

#### मोदी गारंटी देंगे

तेजस्वी ने सवाल ये भी उठाया कि क्या अब नीतीश नहीं पलटेंगे, ये क्या मोदी गारंटी है? बिहार में हाल में दी गई नौकरियां का सेहरा अपने सिर बांधने की कोशिश करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि जब हमने नौकरी का वादा किया था तो लोग ये पूछ रहे थे कि कहां से इतनी नौकरियां लाएगा. लेकिन, 2 लाख सरकारी नौकरी दी, इसलिए इच्छा शक्ति होनी चाहिए. तेजस्वी ने कहा कि मोदी के खिलाफ झंडा अब भतीजा उठाएगा. चाचा गए अब बिहार में भतीजा मोदी सरकार को रोकेगा. सवाल उठता है कि तेजस्वी ने कहीं भी नीतीश सरकार के खिलाफ वैसे कड़े शब्दों का पूरे भाषण में जिक्र नहीं किया, जिसकी उम्मीद की जा रही थी. तो क्या उन्होंने कहीं न कहीं वापसी के लिए एक स्पेस छोड़ा है? दूसरा, जिस तरह और शैली से उन्होंने अपने भाषण में हल्का हमला कर अपनी उपलब्धियों का जिक्र किया.

### राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल बोले-

## कानून का शासन बिहार सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है

**संवाददाता ।पटना**

राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर ने सोमवार को कहा कि राज्य में कानून का शासन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. राज्यपाल ने बजट सत्र के शुरुआती दिन राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा, राज्य में कानून का शासन कायम है. यही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. कानून और व्यवस्था में सुधार के लिए (पुलिस) बल की ताकत बढ़ाई गई है. राज्यपाल ने सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कदमों के बारे में भी बताया. राज्यपाल के परंपरागत अभिभाषण के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी कर व्यवधान डालने की कोशिश की.

## अवध बिहारी चौधरी विस अध्यक्ष पद से हटाये गए

### अविश्वास प्रस्ताव को 243 सदस्यीय विस में 125 विधायकों का समर्थन मिला

**संवाददाता ।पटना**

बिहार विधानसभा ने राजद के नेता अवध बिहारी चौधरी को सदन के अध्यक्ष पद से हटाने का प्रस्ताव सोमवार को पारित कर दिया. इसके बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर बनाई गई अपनी नयी सरकार के लिए विश्वास मत हासिल करने के वास्ते सोमवार को विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया. मुख्यमंत्री कुमार एक पखवाड़े पहले 'महागठबंधन' से अलग होकर राजग में लौट गए थे. पूर्ववर्ती महागठबंधन सरकार का हिस्सा रहे राजद के नेता चौधरी ने अपनी पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बाद अपना पद छोड़ने से इनकार कर दिया था. राजग द्वारा अध्यक्ष के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव को 243 सदस्यीय विधानसभा में 125 विधायकों का समर्थन मिला, जबकि 112 सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया.



**चौधरी को सदन के अध्यक्ष पद से हटाने का प्रस्ताव सोमवार को पारित कर दिया**

इससे पहले, अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने अविश्वास प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित घोषित करना चाहा, लेकिन राजद के विरोध के बाद वे संख्या की गिनती करने पर सहमत हो गए. सरकार के विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सदन द्वारा नया अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है.



**जीतन राम मांझी का तेजस्वी यादव पर तंज :** जीतन राम मांझी ने कहा कि खेला के अंपायर हम थे, आउर दूसरा लोग बिना अंपायर के खेला करना चाहता था. ऐसा है, बिना अंपायर के निर्देश के खेला किजिएगा तो अपना ही नुकसान होगा, वही हुआ.



**नंद किशोर यादव बनेंगे स्पीकर :** बीजेपी के नेता नंद किशोर यादव विस के अगले स्पीकर होंगे. मुख्य सचेतक दिलीप जायसवाल ने कहा कि नंद किशोर आज सुबह 10 :30 बजे नामांकन करेंगे. यादव जाति को चेहरा चुनने के पीछे कारण बीजेपी का सबका साथ और सबका विकास कारण है.

### फ्लोर टेस्ट के बाद प्रशांत किशोर बोले

## इंडिया गठबंधन में कुछ नहीं मिला तो पिछले दरवाजे से भाग गए

**संवाददाता ।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फ्लोर टेस्ट में पास हो गए. वहीं दूसरी ओर जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसा है. उन्होंने



कहा कि नीतीश कुमार को पूछता कौन है? ये तो बिहार में और बिहार के लोगों के मुख्यमंत्री हैं तो हम लोगों को बोलना पड़ता है. दूसरे राज्यों में क्या कोई संज्ञान ले रहा है कि नीतीश कुमार कौन है? आप जरा समझिए कि नीतीश कुमार किसी नेता या दल को क्या ऑफर कर सकते हैं? बिहार में नीतीश कुमार इतना बड़ा चेहरा है नहीं, न ही इनकी कोई विचारधारा रह गई है. हर 6 महीने में ये पलट जाते हैं. नीतीश कुमार का पूरे देश में नाम है पलटूराम. उन्होंने कहा कि गवर्नेंस के तौर पर भी देखें तो सबसे पिछड़ा और गरीब राज्य है बिहार. ऐसा तो होगा नहीं की केरल का कोई आदमी कहेगा कि हमें बिहार के जैसा बनाना है तो इसलिए नीतीश कुमार को नेता मान लें. नीतीश ऐसे हवा हवाई किला बनाते रहते हैं. जब इंडिया गठबंधन में अपने हिस्से का उन्हें नहीं मिला तो पिछले दरवाजे से वो भाग गए. अगले विधानसभा से पहले ये फॉर्मेशन फिर बदलेगा इसको मैं लिख कर दे देता हूं.

### जीत के बाद भाजपा कार्यालय में मना जश्न



पटना : बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को स्पष्ट तौर पर बहुमत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जमकर जश्न मना. भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों और कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और ढोल-नगाड़े बजाकर जीत का जश्न मनाया. महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष को राज्यसभा की उम्मीदवारी मिलने के कारण भी खुशी थी, लेकिन बहुमत हासिल करने में खेला की आशंका के कारण यह सब रुका हुआ था. महिला नेत्रियों ने कहा कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जनादेश के तहत भाजपा ने सीएम नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाई थी. उसी सरकार की वापसी हुई है.

## कारोबार

### जेनसोल-मैट्रिक्स गैस को मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** जेनसोल इंजीनियरिंग ने सोमवार को कहा कि मैट्रिक्स गैस के साथ उसके कंसोर्टियम को पीएलआई योजना के तहत हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के विनिर्माण की एक परियोजना का ठेका मिला है. इस परियोजना का ठेका राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत सस्टेनेबल हाइड्रोजन इनोवेशन एंड ग्रीन हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज पीआईएल योजना के तहत मिला है. 63 मेगावाट प्रति वर्ष की विनिर्माण क्षमता वाली परियोजना 2030 तक सालाना 50 लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है.

### बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में आयी गिरावट

**नयी दिल्ली ।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों के अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में सोमवार को बिनौला तेल खली की कीमत 42 रुपये की गिरावट के साथ 2,444 रुपये प्रति क्विंटल रह गई. एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के फरवरी माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 42 रुपये यानी 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,444 रुपये प्रति क्विंटल रह गई जिसमें 34,160 लॉट के लिए कारोबार हुआ.

### 'घुसपैठ' रोकने के लिए जारी हुआ परिपत्र

नयी दिल्ली : नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई पट्टी पर 'घुसपैठ' की घटनाओं को रोकने के लिए सभी हवाई अड्डों पर रनवे सुरक्षा टीम गठित करने और प्रौद्योगिकी की मदद लेने को कहा है. डीजीसीए ने पिछले महीने जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर हवाई पट्टी पर हुई घुसपैठ के कारण विमानों की टक्कर के मद्देनजर एक परिपत्र जारी किया है. इसमें सभी हवाई अड्डों पर हवाई पट्टी सुरक्षा दल की स्थापना और उनका प्रभावी कामकाज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है. इसके अलावा नियामक ने पायलटों, हवाई यातायात नियंत्रकों, विमान रखरखाव इंजीनियरों और ड्राइवरों के लिए व्यापक प्रशिक्षण की बात भी कही है.

### पीएम नरेंद्र मोदी ने मॉरिशस में यूपीआई सर्विस के साथ रुपे कार्ड सर्विस भी लॉन्च की

# श्रीलंका और मॉरीशस में यूपीआई लॉन्च

**भाषा ।नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंका और मॉरीशस में यूपीआई यानी 'यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस' सर्विस लॉन्च कर दिया है. श्रीलंका और मॉरीशस जाने वाले भारतीय नागरिकों के साथ-साथ भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिक इसका इस्तेमाल कर सकेंगे. हाल ही फ्रांस में भी यूपीआई सर्विस की शुरुआत हुई थी. लॉन्च के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई अब एक नई जिम्मेदारी निभा रहा है - यूनाइटिंग पार्टनर्स विद इंडिया. वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए हुए कार्यक्रम में मोदी के साथ श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ के साथ तीनों देशों के सेंट्रल बैंक के गवर्नर भी मौजूद थे. पीएम मोदी ने मॉरिशस में यूपीआई सर्विस के साथ रुपे कार्ड सर्विस भी लॉन्च की है. अब मॉरिशस के बैंक अपने यहां रुपे मैकेनिज्म पर बेस्ड कार्ड जारी कर पाएंगे. इससे दोनों देशों के लोग अपने देश के साथ-साथ एक-दूसरे के यहां भी इन काड्र्स के जरिए मिलने वाली सेवाओं का इस्तेमाल कर पाएंगे.

**महत्वपूर्ण कदम**

- मॉरिशस के बैंक रुपे मैकेनिज्म पर बेस्ड कार्ड जारी कर पाएंगे
- **फ्रांस में एफिल टावर पर यूपीआई लॉन्च हुआ था**
- यूपीआई को साल 2016 में लॉन्च किया गया था



इससे पहले फ्रांस में भारतीय दूतावास ने 2 फरवरी को पेरिस के एफिल टावर पर यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस को औपचारिक रूप से लॉन्च किया था. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि यह देखकर बहुत अच्छा लगा. खुशी हुई. यह यूपीआई को ग्लोबल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इससे डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा मिलेगा. यह लॉन्चिंग फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के बाद हुई थी. 25 जनवरी को मैक्रों जयपुर पहुंचे थे. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें यूपीआई पेमेंट डिजिटल सिस्टम के बारे में जानकारी दी थी. उन्हें पेमेंट करना सिखाया था. इसके अलावा दोनों लीडर्स ने चाय पी थी. इसका पेमेंट राष्ट्रपति मैक्रों ने किया था. यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई को 2016 में लॉन्च किया गया. इसे नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने बनाया है. इसने आसान तरीके से सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा दी. इससे पहले डिजिटल वॉलेट का चलन था. वॉलेट में केवाईसी जैसी झंझट है, जबकि यूपीआई में ऐसा कुछ नहीं करना पड़ता. भारत में आरटीजीएस और एनईएफटी पेमेंट सिस्टम का ऑपरेशन आरबीआई के पास है. आईएमपीएस, रुपे, यूपीआई जैसे सिस्टम को नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ऑपरेट करती है. सरकार ने 1 जनवरी 2020 से यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए एक जीरो-चार्ज फ्रेमवर्क मैंडेटरी किया था. हाल ही में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने युगांडा और नाइजीरिया के दौरे पर कहा कि भारत में सिर्फ एक महीने में इतने कैशलेस ट्रांजैक्शन हुए, जितने अमेरिका 3 साल में करता है.

### 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की योजना

**मुंबई।** संकटग्रस्त विमानन कंपनी स्पाइसजेट आने वाले दिनों में कम से कम 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि एयरलाइन ने लागत में कमी लाने और अपने कम होते विमान बेड़े के संचालन को सुव्यवस्थित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए यह फैसला किया है. मामले से वाकिफ अधिकारियों में से एक ने बताया कि वित्तीय संकट, कानूनी लड़ाई तथा अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए वाहक अधिक कर्मचारियों को छोड़ने के लिए कह सकता है क्योंकि अभी जितने विमान सेवा में हैं उनकी तुलना में कर्मचारी अधिक हैं. कितने लोगों की छंटनी होगी इसको लेकर इस सप्ताह अंतिम फैसला होने की उम्मीद है. संपर्क करने पर स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन ने लाभदायक वृद्धि हासिल करने के लिए कर्मचारियों की संख्या को तर्कसंगत बनाने सहित कई उपाय शुरू किए हैं. अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन में करीब 9,000 कर्मचारी हैं. कर्मचारियों की संख्या 10-15 प्रतिशत कम करने पर विचार किया जा रहा है. कुल लागत को कम करने के लिए छंटनी आवश्यक है और वार्षिक बचत 100 करोड़ रुपये तक हो सकती है.

### सिग्नेचर ग्लोबल विस्तार योजना का मामला

## गुरुग्राम में विकसित करेगी आवासीय परियोजना

**संवाददाता। नयी दिल्ली**

रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने अपनी विस्तार योजना के तहत गुरुग्राम में 20 एकड़ भूमि पर आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए जमींदारों के साथ साझेदारी की है. इससे 4,500 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल होने की उम्मीद है. सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम के सेक्टर-71 में 20.32 एकड़ भूमि के लिए संयुक्त विकास समझौता (जेडीए) किया है.

सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि इस आगामी परियोजना में करीब 4,500 करोड़ रुपये की संभावित बिक्री होगी.



कंपनी ने जमींनदान के नाम का खुलासा नहीं किया. सभी आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद परियोजना अगले 12-24 महीने में पेश की जाएगी.

कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद आवासीय मांग में वृद्धि के साथ, रियल एस्टेट डेवलपर्स अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए जमीन का अधिग्रहण करने के साथ-साथ जमींदारों के साथ भी साझेदारी कर रहे हैं.

### पार्क होटल्स के शेयर में 21% की उछाल

## शेयर मूल्य हुआ सूचीबद्ध

**संवाददाता। नयी दिल्ली**

होटल श्रृंखला 'द पार्क' का संचालन करने वाली कंपनी एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स के शेयर निर्गम मूल्य 155 रुपये से 21 प्रतिशत उछाल के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए. बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 20.65 प्रतिशत चढ़कर 187 रुपये पर सूचीबद्ध हुए.

एनएसई पर शेयर ने 20 प्रतिशत उछाल के साथ 186 रुपये पर शुरुआत की. कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को



निर्गम के अंतिम दिन सात फरवरी को 59.66 गुना अभिदान मिला था. 920 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 147-155 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था. इस निर्गम के तहत 600 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए और 320 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की गई.

### यथार्थ हॉस्पिटल का मामला

## 16 करोड़ में किया अधिग्रहण

**संवाददाता। नयी दिल्ली**

यथार्थ हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा केयर सर्विसेज ने फरीदाबाद स्थित एशियन फिदेलिस हॉस्पिटल को 116 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है. स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ने सोमवार को बताया कि उसने खरीद के लिए प्रिस्टिन इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड और उसके शेयरधारकों के साथ निश्चित समझौता किया है. वर्तमान में वह एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में तीन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल संचालित करता है. यथार्थ



अस्पताल के पूर्णकालिक निदेशक यथार्थ त्यागी ने सोमवार को जारी बयान में कहा, यह अधिग्रहण हमारी कंपनी की उत्तर भारत क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है. स्वास्थ्य सेवा प्रदाता वर्तमान में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और नोएडा एक्सटेंशन में अस्पताल संचालित करता है.

**निवेश**

### एसजीबी की नई सीरीज सोमवार से खुली, मार्केट रेट से सस्ता सोना खरीदने का मौका

# 6,213 रुपये प्रति ग्राम के भाव पर खरीद सकते हैं सोना

**संवाददाता। नई दिल्ली**

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) स्कीम 2023-24 सीरीज 4 को सोमवार से निवेश के लिए खोल दिया गया है. केंद्र सरकार ने एसजीबी स्कीम के तहत इस सीरीज के लिए सोने की कीमत 6,263 रुपये प्रति ग्राम तय की है. निवेशक अगले शुक्रवार यानी 16 फरवरी तक इस स्कीम के तहत निवेश कर सकेंगे. हालांकि ऑनलाइन पेमेंट करने पर निवेशक और भी कम कीमत पर सोने में निवेश कर सकते हैं.

इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक पहले की तरह ही इस बार भी ऑनलाइन पेमेंट करने पर निवेशकों को 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट मिलेगी. इस तरह ऑनलाइन पेमेंट करने पर निवेशक 6,213 रुपये प्रति ग्राम के भाव पर इस स्कीम में निवेश कर सकेंगे.



सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत किए जाने वाले निवेश पर जीएसटी नहीं लगता है, जिसके कारण निवेशकों को मार्केट रेट से कम कीमत पर सोने में निवेश करने का मौका मिलता है.

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 2015 के नवंबर में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम की शुरुआत की थी. दो महीने पहले ही सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की पहली सीरीज की मैच्योरिटी हुई थी, जिसमें निवेशकों को करीब ढाई गुना का मुनाफा हुआ था. इस स्कीम के तहत भारतीय रिजर्व बैंक केंद्र सरकार की ओर से सोने में निवेश के लिए ऑनलाइन बॉन्ड जारी करता है. इस तरह इस स्कीम में निवेश किए गए पैसे की सुरक्षा की गारंटी खुद भारत सरकार देती है. स्कीम के तहत किए गए निवेश पर सालाना 2.5 प्रतिशत का ब्याज दिया जाता है. ब्याज का ये पैसा हर 6 महीने में निवेशकों के बैंक अकाउंट में जमा होता है.

#### निवेश की अवधि 8 साल की होगी

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत किए गए निवेश की अवधि 8 साल की होती है. 8 साल पूरा होने के बाद मार्केट रेट के मुताबिक निवेशकों को उनका पैसा वापस किया जाता है. हालांकि निवेश करने के बाद 5 साल की अवधि पूरा होने के बाद भी निवेशक अपना पैसा निकाल सकते हैं. इसके अलावा स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेडिंग के जरिए भी निवेशक अपना पैसा निकाल सकते हैं. इस स्कीम के तहत सोने की कीमत सब्सक्रिप्शन शुरू होने की तारीख के पहले के तीन कारोबारी दिनों के दौरान सोने के भाव के औसत के आधार पर तय की जाती है.



## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** जननायक और बिहार के दिवंगत समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की. प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के परिजनों से मिलकर बहुत खुशी हुई. कर्पूरी जी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के मसीहा रहे हैं, जिनका जीवन और आदर्श देशवासियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की थी. कर्पूरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनेता तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री थे. लोकप्रियता के कारण उन्हें 'जननायक' कहा जाता है.

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

# लोगों को रोजगार नहीं मिला, जेब पर डाका डाला जा रहा है : राहुल

**भाषा। कोरबा (छत्तीसगढ़)**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधते हुए दावा किया कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है और वे महंगाई की मार का सामना कर रहे हैं. उन्होंने हाल में अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन को लेकर भी केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि पिछले महीने हुए इस बड़े कार्यक्रम में कोई गरीब, मजदूर या बेरोजगार मौजूद नहीं था, जबकि केवल अडाणी, अंबानी जैसे अरबपति और फिल्मी सितारे ही नजर आए थे. गांधी ने सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर के सीतामढ़ी क्षेत्र से अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर से शुरू की और वहां



एक जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने लोगों से जागने की अपील की और दावा किया कि लोगों की जेब पर डाका डाला जा रहा है और उन्हें गुमराह किया जा रहा है. जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि देश में पिछड़े, दलित और आदिवासी 74 फीसदी हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की उन शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है जिन्हें देश का पूरा पैसा दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा इसे हिंदू राष्ट्र कहती है लेकिन देश की 74 फीसदी आबादी और आम गरीबों को कुछ नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा, वे केवल थाली, घंटा बजाने, मोबाइल फोन दिखाने और भूख से मरने के लिए हैं.

## ब्रीफ खबरें

### घर में आग लगने से तीन बहनों की मौत

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर गांव में एक मकान में आग लगने से सोमवार को तीन बहनों की मौत हो गयी. अधिकारियों ने बताया कि उखराल मंडल के धनमस्ता-तजनीहाल गांव में तीन मंजिला मकान में सोमवार सुबह आग लग गयी.

### सेना ने पुंछ में ड्रोन पर की गोलाबारी

**मेंढर/जम्मू।** सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलाबारी की. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. ड्रोन रविवार देर रात भारतीय क्षेत्र में कुछ देर मंडराने के बाद पाकिस्तान की ओर लौट गया. उन्होंने कहा कि मेंढर के नार मनकोट इलाके में दुश्मन के ड्रोन की गतिविधि देखी गई, जिसके बाद नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों ने उसे गिराने के लिए उस पर कम से कम तीन गोलियां चलाईं.

भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष पर मोहन भागवत बोले

# भगवान महावीर ने सहिष्णुता अहिंसा व सत्य का मार्ग दिखाया

**भाषा। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सोमवार को जैन तीर्थंकर भगवान महावीर को राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया. उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन भारत की निरंतर बहती ज्ञान परंपरा का हिस्सा है. यह ज्ञान हमें सबके प्रति सहिष्णुता, अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाता है. डॉ. भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली प्रांत की ओर से सोमवार को भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कल्याणक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर संघ प्रमुख ने कहा कि भारतीय विचार सहिष्णुता का संदेश देता है.



हमारा मानना है कि सत्य एक ही है, लेकिन अलग -अलग स्थानों पर होने की वजह से हमें उसका भान अलग प्रकार से होता है. ऐसे में हम अपने दृष्टिकोण को ही सही कहें, उसके लिए दूसरों से लड़ें और न मानने पर उसे मार दें, सही नहीं है. संघ प्रमुख ने गांधीजी के कहे हुए वचनों को उद्धृत किया. उन्होंने कहा कि दुनिया मेसबकी जरूरतें पूरा करने के लिए संसाधन मौजूद हैं लेकिन सबके लालच को पूरा करने के लिए संसाधन नहीं है. भारत का दर्शन वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है और सबको साथ लेकर सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने का संदेश देता है.

कार्यक्रम में जैन समाज के चारों पंथों के मुनिश्री और संघ के दिल्ली प्रांत के पदाधिकारी मौजूद थे. इस दौरान जैन मुनियों ने भी देश की एकता पर बल दिया और कहा कि जैन धर्म एक वैज्ञानिक धर्म है. कार्यक्रम में प्रज्ञासागर जी मुनिराज, सुनील सागर जी मुनिराज, राजेन्द्र मुनि जी, विदुषी शिष्या साध्वी अणिमा श्री जी और महासाध्वनी प्रीति रत्नाश्री जी मौजूद रहीं.

## एक और निर्दलीय का समर्थन मिला शरीफ को

**लाहौर।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के एक और नवनिर्वाचित निर्दलीय सांसद ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएन-एल में शामिल होने का फैसला किया. हाल में हुए चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिलने के बाद शरीफ गठबंधन सरकार बनाने के प्रयास कर रहे हैं.

इससे एक दिन पहले इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित निर्दलीय सांसद ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का दामन थाम लिया था. कुल दो निर्दलीय सांसद पीएमएल-एन में शामिल हो चुके हैं. पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने सोमवार को 'एक्स' पर लिखा कि एनए-189 सीट से सांसद सरदार शमशीर मजारी, पीपी-195 से निर्वाचित इमरान अकरम, पीपी-240 से निर्वाचित सोहेल खान, पीपी-297 के सांसद खिज्र हुसैन मजारी और पीपी-249 से नेशनल असेंबली के सदस्य साहिबजादा मोहम्मद गाज़िन अब्बासी ने नवाज शरीफ से मुलाकात की.

# अयोध्या पहुंचे केजरीवाल व मान,रामलला के किए दर्शन

**भाषा। अयोध्या (उप्र)**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को अयोध्या पहुंचे जहां दोनों नेता नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री रामलला के दर्शन-पूजन किया. मंदिर नगरी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के इस दौरे से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनकी सरकार के मंत्रियों और विधानमंडल के दोनों सदनों के 325 से अधिक सदस्यों ने रविवार को मंदिर में दर्शन किए थे आप के एक नेता ने बताया कि केजरीवाल व मान दोपहर करीब दो बजे अयोध्या हवाई अड्डे पहुंचे. दोनों नेताओं ने हवाई अड्डे पर एकत्र मीडियाकर्मियों से कोई बात नहीं की और राम जन्मभूमि की ओर बढ़ गए जहां वे रामलला की पूजा-अर्चना किए. 'आप' की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि दोनों नेता राम मंदिर में विशेष प्रार्थना में शामिल होंगे.




Estd. : 2000
Affiliation No. : 3430183

D.A.V. ALOK PUBLIC SCHOOL

An ISO Certified English Medium Co-Ed., CBSE (10+2) Residential cum Day School
Argora-Nayasarai Road, Pundag, Ranchi - 834004 ☎ 7033073440, 7782075070
For Detail Visit : www.davalok.org.in



ADMISSION OPEN (Session 2024-25)
for Pre Nursery, LKG, UKG, Std. I to Std. IX & Std. XI (Sc. & Com.)

Admisssion Form available at School Counter (8 AM to 4 PM) or it can be downloaded from school website/QR Code. ● Cost of Form is Rs. 1000/- only. ● Mode of Selection - Written cum Viva. ● Scholarship in Admission Fee to the deserving candidates.

FACILITIES
- Bus Facility available.
- Hostel for Boys & Girls (from Std. II onwards)
- Special care for Weak & Extraordinary Students.
- A-One Cricket Academy.
- A Big Playground & Auditorium.


Social Work




**डी.ए.वी. आलोक पब्लिक स्कूल, पुन्दाग, रांची** अंग्रेजी माध्यम डे-सह-आवासीय 10+2 स्तरीय विद्यालय है। जिसकी स्थापना सन् 2000 में तीन विद्वान शिक्षकों (1) **डॉ. आलोक कुमार (गणित)**, (2) **डॉ. संजय सिन्हा (भौतिक)** एवं (3) **डॉ. अशोक कुमार (रसायन शास्त्र)** के द्वारा की गई।

**मुख्य उद्देश्य** 1. निम्नस्तरीय एवं सामान्य छात्र-छात्राओं को न्यूनतम शुल्क में उत्कृष्ट शिक्षा देने की प्राथमिकता, 2. वर्गवार शिक्षा एवं पाठ्यपुस्तक के ज्ञान के साथ ही साथ बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं क्रमशः IIT-JEE, NEET, BBA, MBA, NDA, CA इत्यादि परीक्षा हेतु विशेष रुप से तैयार किया जाता है। 3. न्यूनतम मासिक शुल्क।

**प्रवेश मापदंड** : 1. पहले आइए, पहले पाइये, 2. नामांकन हेतु लिखित परीक्षा, 3. **उम्र सीमा** - प्री नर्सरी - 3-3.5 वर्ष, एल.के.जी. - 3.5 - 4 वर्ष, यू.के.जी. - 4-5 वर्ष, कक्षा-1 - 5-6 वर्ष, कक्षा ग्यारहवीं (विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) सीधा नामांकन, नामांकन शुल्क एवं मासिक शुल्क में योग्य छात्रों हेतु 90% तक छात्रवृति की सुविधा।


राष्ट्रपति भवन – 29.09.2023

डीएवी आलोक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन

अरगोड़ा-नयासराय पथ स्थित पुनदाग में डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में 20वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कुमार मनीष अरविंद मुख्य वन संरक्षक रांची ने शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों में डीएवी आलोक के प्रयासों की सराहना की तथा शिक्षा के साथ-साथ खेलों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।
सम्मानित अतिथि डॉक्टर राम सिंह ,प्राचार्य डीपीएस स्कूल रांची ने भी इस सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि विद्यालय में ही बच्चों की भविष्य का नींव पड़ती है। विद्यालयों का कर्तव्य है कि वे बच्चों की प्रतिभा को तराश कर दे।
इसके पूर्व विद्यालय के छात्रों के द्वारा अनेकों नेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।
इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ आलोक कुमार ने अपने वक्तव्य में शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय परिवार के क्रियाकलापों की सराहना की तथा छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक के परस्पर संबंधों में निरंतर विचार विनिमय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।
प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने वार्षिक प्रगति पत्र सह विवरणिका में वार्षिक लेखा-जोखा का वर्णन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक आदि उपलब्धियां की चर्चा की। उन्होंने विद्यालय के बेहतर शिक्षा माहौल अनुशासन एवं शिक्षण सहगामी क्रियाकलापों के प्रति अपनी आस्था जताई। पलकश्री ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।


क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन

Last Year Result at a Glance
XII Sc. - Prajjwal Bhardwaj - 95.8%. IIT- 99.68 Percentile.
XII Sc. - Keshav Raj - 92.6%. IIT - 92.00 Percentile.
XII Commerce - Rishabh Roy - 88.2%.
Xth-Sougat - 95.8%.

Branch : At Gargaon, Near Power Grid, Ranchi-Bero Road, Ranchi ☎ 7033073440
ADMISSION OPEN
Admission Form Available at School Counter.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)